हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 12 नवंबर 2026

नया दशन पैक

KP GROUP Quality Since 1965

30% EXTRA

CELEBRATING 60 YEARS

राजश्री

पान मसाला

NO TOBACCO, NO NICOTINE

No Tobacco, No Nicotine

Not recommended for minors

Chewing of pan masala is injurious to health

पहाड़ों पर सफेद चादर

कश्मीर की वादियों में खूबसूरत नजारा गुलमर्ग से सोनमर्ग तक मौसम हुआ खुशनुमा









नई दिल्ली। *कश्मीर की वादियों का नजारा बुधवार को हुई ताजा बर्फबारी ने बदल दिया है। गुलमर्ग के कोंगडूरी से लेकर गुरेज, सोनमर्ग और दास तक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 11 नवंबर से जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। इसके चलते सैलानियों की बल्ले बल्ले हो गई है। हालांकि, मौसम के बिगड़ते मिजाज और संभावित भारी बर्फबारी को देखते हुए बांदीपोरा प्रशासन ने पर्यटकों की गुरेज यात्रा पर अस्थायी रोक लगा दी है। घाटी में ठहरे पर्यटकों को जिला नियंत्रण कक्ष के साथ समन्वय बनाकर जल्द वापसी की योजना तैयार करने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने लोगों से ऊंचाई वाले इलाकों में अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।*

खबर संक्षेप

आरएसएस मामला
गृहमंत्री खड़गे के खिलाफ पुलिस में शिकायत

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे के खिलाफ बेंगलुरु में पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिहार और हरियाणा में जिंदा कारतूस बरामद होने की घटनाओं को आरएसएस से जोड़कर गलत और भ्रामक जानकारी शेयर की। शिकायतकर्ता का दावा है कि इस तरह के बयान से सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है और लोगों को भड़काया जा सकता है।



चुनाव आयोग पर लोगों का भरोसा खत्म : पित्रोदा

नई दिल्ली। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा कि भारत में चुनाव आयोग पर लोगों का भरोसा खत्म हो गया है। लोकतंत्र की बुनियाद भरोसे पर टिकी होती है। अगर चुनावों में हेराफेरी होती है, तो उनके नतीजे वैध नहीं माने जा सकते। उन्होंने कहा कि इस संकट का समाधान संवैधानिक तरीके से होना चाहिए और सुप्रीम कोर्ट को इन मामलों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए। पित्रोदा ने विदेशी फंडिंग के आरोपों को झूठा बताया।



नाबालिग से रेप : 20 साल जेल की सजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने नाबालिग लड़की से बार-बार रेप करने के मामले में 63 साल के व्यक्ति को 20 साल की कैद की सजा सुनाई है। आरोपी के यौन शोषण के कारण लड़की गर्भवती हो गई थी। डीएनए जांच में पुष्टि हुई कि गर्भ में पल रहे बच्चे का पिता आरोपी ही था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 6 फरवरी 2025 को लड़की को गर्भवती हालत में सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसी बिल्डिंग में रहता था और धमकाकर उसका यौन शोषण करता था।



सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम का दिया हवाला

दादा की संपत्ति में पिता को मिले हिस्से पर पोते का नहीं होगा जन्मसिद्ध अधिकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दादा की संपत्ति में पिता को मिले हिस्से पर पोता जन्म से अपना अधिकार नहीं जता सकता। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 8 के तहत दादा की संपत्ति का बंटवारा होने पर पिता को मिला हिस्सा उनकी व्यक्तिगत संपत्ति बन जाता है। ऐसे में पिता के जीवित रहते पोते का उस संपत्ति पर कोई जन्मसिद्ध अधिकार नहीं होता। जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और जस्टिस सुनीता अग्रवाल की बेंच ने तमिलनाडु के जे. राजेश बनाम एम. कुमारन मामले में यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि अगर दादा की मृत्यु बिना वसीयत किए होती है और उनकी संपत्ति का बंटवारा प्रथम श्रेणी के वारिसों के बीच होता है, तो पिता को मिला हिस्सा संयुक्त हिंदू परिवार की संपत्ति नहीं रह जाता। पिता इस संपत्ति के मालिक स्वतंत्र रूप से होते हैं, न कि परिवार के कर्ता के तौर पर। इसका मतलब है कि पिता को अपनी संपत्ति बेचने, दान करने या किसी दूसरे व्यक्ति को हस्तांतरित करने का पूरा अधिकार है। उनका बेटा पिता के जीवित रहते न तो इस बिक्री पर रोक लगा सकता है और न ही संपत्ति में आधे हिस्से का दावा कर सकता है।

पिता इस संपत्ति के मालिक स्वतंत्र रूप से होते हैं, न कि परिवार के कर्ता के तौर पर



क्या कहता है हिंदू उत्तराधिकार कानून?

हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 8 के तहत प्रथम श्रेणी के वारिसों में पत्नी, बेटा और बेटी शामिल है। जब दादा की मृत्यु होती है और संपत्ति का बंटवारा इन वारिसों के बीच होता है, तो पिता को मिला हिस्सा उनकी व्यक्तिगत संपत्ति माना जाता है। पिता के जीवित रहते उनका बेटा यानी पोता दादा की संपत्ति का सीधा वारिस नहीं माना जाता। हालांकि, अगर पिता की मृत्यु दादा से पहले हो जाती है, तो पोता अपने मृत पिता के हिस्से का प्रथम श्रेणी का सीधा वारिस बन सकता है।

क्या था पूरा मामला?

यह मामला चेन्नई की 1,811 वर्ग फुट जमीन से जुड़ा था। यह जमीन याचिकाकर्ता जे. राजेश के दादा की थी। साल 1994 में हुए पारिवारिक बंटवारे के समझौते के तहत यह जमीन राजेश के पिता के हिस्से में आई थी। इसके बाद 1997 में उनके पिता ने जमीन बेच दी. उस समय नाबालिग रहे राजेश ने अपनी मां के जरिए अदालत में मुकदमा दायर किया। उनका दावा था कि यह पैतृक संपत्ति है और जन्म से ही इसमें उनका आधा हिस्सा बनता है। निचली अपीलीय अदालत और मद्रास हाईकोर्ट ने राजेश के दावे को खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी इन फैसलों को बरकरार रखते हुए उनकी अपील खारिज कर दी. कोर्ट ने कहा कि 1956 में हिंदू उत्तराधिकार कानून के संहिताबद्ध होने के बाद इस तरह के मामले में पुराने व्यक्तिगत कानूनों के तहत मिलने वाला जन्मसिद्ध अधिकार लागू नहीं होता।

कब मिलता है पोते को पैतृक संपत्ति में अधिकार?

कोर्ट के फैसले के मुताबिक, अगर संपत्ति का बंटवारा नहीं हुआ है और वह धारा 6 के तहत चार पीढ़ियों से अविभाजित पैतृक संपत्ति के रूप में चली आ रही है, तो पोते का उसमें जन्म से सहदायिकी अधिकार बना रह सकता है। लेकिन दादा की संपत्ति का धारा 8 के तहत बंटवारा होकर पिता को हिस्सा मिल जाने के बाद स्थिति बदल जाती है। ऐसी संपत्ति पर पिता के जीवित रहते पोता जन्मसिद्ध हिस्सेदारी का दावा नहीं कर सकता।

ईरानी नागरिकों को ला रहा प्लेन वापस लौटा

अमेरिकी प्लेन को पाकिस्तान ने नहीं दी एंट्री, लेना पड़ा यू-टर्न



वाशिंगटन। बुधवार को अमेरिकी विमान से वापस लौट रहे करीब 9 ईरानी नागरिकों को पाकिस्तान ने एंट्री देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद डिपोर्टेशन फ्लाइट को एरिजोना लौटना पड़ा। पाकिस्तान की इस करतूत की वजह से ट्रंप सरकार की ईरानी नागरिकों को ट्रांजिट रूट के जरिए वापस भेजने का प्लान चौपट हो गया। द न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को एरिजोना के मेसा से उड़ान भरने वाले अमेरिकी चार्टर प्लेन को ईरानी प्रवासियों को पाकिस्तान ले जाना था, जहां से उन्हें ईरान भेजा जाना था. 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने एक अमेरिकी अधिकारी और हिरासत में लिए गए लोगों में से एक के रिश्तेदार के हवाले से बताया कि उड़ान भरने के लगभग 30 मिनट बाद प्लन ने अपना रास्ता बदल लिया और वापस उसी जगह पर उतर गया, जहां से उसने टेक-ऑफ किया था।

यह है मामला

ट्रम्प प्रशासन इस महीने अफगानिस्तान और ईरान के नागरिकों को उनके देश वापस भेजने की तैयारी कर रहा है। इन लोगों को सीधे उनके देश नहीं भेजा जा सकता, इसलिए पाकिस्तान के रास्ते भेजने की योजना है। इस व्यवस्था को लेकर इमिग्रेशन अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठनों और वकीलों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पाकिस्तान ऐसे लोगों को उन देशों तक पहुंचाने में मदद कर रहा है, जहां लौटने पर उन्हें उत्पीड़न का सामना करना पड़ सकता है।

बांग्लादेश में पूर्व पीएम हसीना की वापसी के ऐलान पर तनाव

21 जिलों में हिंसा, 24 घंटे में 22 वाहन फूंके, ट्रेन का कोच भी जलाया



एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश हिंसा की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की वापसी के ऐलान के बाद बांग्लादेश में हिंसा फिर भड़क गई है। सोमवार रात से मंगलवार शाम तक देश के कम से कम 21 जिलों में आगजनी की घटनाएं सामने आईं। बसों और ट्रेन के कोच में आग लगाई गई।

सरकारी दफ्तरों और शिक्षण संस्थानों के गेट भी बंद कर दिए गए। बांग्लादेश पुलिस और ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 11 जिलों में 22 वाहनों को आग लगाई गई। ढाका और छह अन्य जिलों में कम से कम 28 जगह देसी बम धमाकों की घटनाएं हुईं। पुलिस मुख्यालय का दावा है कि इन घटनाओं के पीछे शेख हसीना की पार्टी के समर्थक हैं। पुलिस के मुताबिक, हसीना की बांग्लादेश वापसी की घोषणा के बाद हिंसा की घटनाएं शुरू हुईं।

आगजनी में एक की मौत

बांग्लादेश पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अनुसार, इन हिंसक हमलों, चक्का जाम और आगजनी के पीछे शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग और उसकी छात्र इकाई 'बांग्लादेश छात्र लीग' के कार्यकर्ताओं का हाथ है। हिंसा की सबसे भीषण घटनाएं राजधानी ढाका और उसके आस-पास के जिलों में देखने को मिली हैं। फार्मगेट मेट्रो स्टेशन के ठीक नीचे खड़ी बस को आग के हवाले कर दिया गया। आग पेट्रोल बम फेंक कर लगाई गई। मीरपुर-11 में पोस्ट ऑफिस और मेट्रो रेल लाइन के पास बस में आग लगा दी गई। पल्लवी इलाके में सड़क किनारे खड़ी दो बसों को फूंक दिया गया। फरीदपुर में जिस बस को आगजनी का शिकार बनाया गया उसमें 55 साल के एक ड्राइवर की मौत हो गई और ये सब तब हो रहा है जब शेख हसीना ने वतन वापसी का ऐलान कर दिया है।

यूपी चुनाव : लखनऊ में आज होगा ऐलान

ओवैसी और चंद्रशेखर ने बनाया तीसरा मोर्चा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में तीसरे मोर्चे की तैयारी तेज हो गई है। असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद ने मिलकर विधानसभा चुनाव के लिए नया गठबंधन तैयार किया है। सूत्रों के अनुसार, इस गठबंधन की औपचारिक घोषणा कल गुरुवार को लखनऊ में की जाएगी। दोनों नेता संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गठबंधन का ऐलान करेंगे। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस कल दोपहर 12 बजे लखनऊ के दयाल पैराडाइस होटल में होगी। इसी दौरान गठबंधन के नाम की भी घोषणा की जाएगी। इस नए मोर्चे के करीब 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी है। गौरतलब है, यूपी में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इसी के मद्देनजर तीसरे मोर्चे की कवायद शुरू हो गई है।



40 फीसदी दलित-मुस्लिम वोटों पर फोकस

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए और समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के बीच माना जा रहा है। हालांकि, चुनाव से पहले तीसरे मोर्चे की एंट्री से राजनीतिक समीकरण बदल सकते है। तीसरे मोर्चे में कुछ अन्य छोटे दलों और नेताओं को भी शामिल करने की बातचीत चल रही है। अगर ऐसा होता है तो यह मोर्चा प्रदेश के करीब 40 फीसदी दलित-मुस्लिम वोट बैंक को एकजुट करने की कोशिश कर सकता है।

राजनीतिक जमीन तलाश रहे दोनों नेता

ओवैसी बिहार चुनाव में मिली सफलता को उत्तर प्रदेश में दोहराने की उम्मीद कर रहे हैं। बिहार में महागठबंधन के साथ सीटों पर समझौता नहीं होने के बाद उनकी पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ा था और मुस्लिम बहुल सीमांचल इलाके में पांच सीटें जीती थीं। चंद्रशेखर आजाद भी प्रदेश की दलित राजनीति में अपनी जगह मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी की कमजोर होती राजनीतिक पकड़ से दलित राजनीति में जो जगह बनी है, उसका फायदा समाजवादी पार्टी भी उठाने की कोशिश कर रही है। ऐसे में ओवैसी की पार्टी के साथ चंद्रशेखर का गठबंधन विपक्ष के सामाजिक समीकरणों को प्रभावित कर सकता है।

भारत निर्वाचन आयोग

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण

अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2027



1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी भारतीय नागरिकों से अपील है कि मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए...

ECINET मोबाइल एप्प या www.voters.eci.gov.in के माध्यम से आज ही फॉर्म-6 में ऑनलाइन आवेदन करें।

आप अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी के पास भी ऑफलाइन माध्यम से फॉर्म-6 भर कर जमा कर सकते हैं।

voters.eci.gov.in

फॉर्म 6 भरें — नया मतदाता पंजीकरण के लिए

फॉर्म 6 क भरें — प्रवासी भारतीय नागरिक (NRI) को नया मतदाता पंजीकरण के लिए

फॉर्म 7 भरें — मतदाता सूची से नाम विलोपित (डिलीट) कराने के लिए

फॉर्म 8 भरें — संशोधन/स्थानांतरण/नया ईपिक (EPIC) कार्ड के लिए

स. क्र.	कार्यक्रम का विवरण	तिथियां
1.	प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची का प्रकाशन	12 नवंबर 2026
2.	दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि	12 नवंबर 2026 से 11 दिसंबर 2026 तक
3.	दावों और आपत्तियों का निराकरण	28 दिसंबर 2026 तक
4.	मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन	04 जनवरी 2027

ECINET>>Book a Call with BLO | Call Helpline No 1950

Follow Us On CEOChhattisgarh

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 12 नवंबर 2026



पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई

बिक्री के आंकड़ों पर एक नजर

- 6 नवंबर 44.85 करोड़ रुपए
- 7 नवंबर 55.40 करोड़ रुपए
- 8 नवंबर 60 करोड़ रुपए
- 9 नवंबर 63.67 करोड़ रुपए
- 10 नवंबर 54 करोड़ रुपए

इस वर्ष राज्य के आबकारी विभाग के खजाने में 28 करोड़ रुपए ज्यादा जमा हुआ

7 नवंबर को प्रदेश में सबसे ज्यादा 55.40 करोड़ रुपए की शराब बिकी

होली जैसी दिवाली...पांच दिनों में पियक्कड़ गटक गए 280 करोड़ की शराब, रायपुर में 54 करोड़ का धंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुल बिक्री 278.82 करोड़ रुपए

- दीपावली की रात शराब बिक्री में 12 .3 प्रतिशत की वृद्धि सामने आई
- विदेशी शराब और बीयर की खरीदारी पर अधिक खर्च



राज्य में दीपावली के समय शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में शराब पीने-पिलाने का चलन पहले की तुलना में ज्यादा बढ़ गया है। दीपावली के समय पांच दिनों में पियक्कड़ 280 करोड़ रुपए की देशी के साथ विदेशी शराब गटक गए। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पर्व के समय शराब बिक्री में 10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस वर्ष राज्य के आबकारी विभाग के खजाने में 28 करोड़ रुपए ज्यादा जमा हुआ।

खास खबर

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, 5 से 9 नवंबर के बीच प्रदेश में शराब की बिक्री 278.82 करोड़ रुपए से अधिक रही। पिछले साल इसी अवधि में करीब 260 करोड़ रुपए की शराब बिक्री हुई थी। इस तरह दीपावली के दौरान शराब की मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिली। शराब बिक्री के आंकड़ों पर नजर डालें, तो शुरुआती दिन के बाद शराब कारोबार में लगातार तेजी देखने को मिली। 7 नवंबर ▶▶|शेष पेज 5 पर

देशी से ज्यादा अंग्रेजी शराब की मांग

सामान्य दिनों में देशी मदिरा पीने वालों ने भी दीपावली के अवसर पर छककर अंग्रेजी शराब पी। मध्य रेंज की कीमत का शराब सेवन करने वाले इस बार दीपावली में महंगी ब्रांड की शराब सेवन कर मस्ती में झूमते दिखे। आंकड़े बताते हैं कि त्योहार के दौरान उपभोक्ताओं ने विदेशी शराब और बीयर की खरीदारी पर अधिक खर्च किया। दीपावली शुरू होने के पूर्व 5 नवंबर को शराब बिक्री का आंकड़ा पिछले साल की तुलना में कम रहा, लेकिन इसके बाद लगातार चार दिनों तक बिक्री में तेजी दर्ज की गई। दीपावली की रात शराब बिक्री में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि सामने आई।

टोटल बिक्री में रायपुर का 20 प्रतिशत योगदान

प्रदेश में पांच दिनों के अंदर जितने की शराब बिक्री हुई है, उसमें अकेले रायपुर जिला का 20 प्रतिशत के करीब योगदान रहा है। इन पांच दिनों में रायपुर जिला में 54. 60 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री हुई है। दीपवली के दूसरे तथा तीसरे दिन की बिक्री जोड़ने पर आंकड़ा 75 करोड़ रुपए के पार होने की संभावना है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष रायपुर जिले में 10 प्रतिशत ज्यादा शराब की बिक्री हुई है।

खबर संक्षेप

पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ सैर के दौरान हुए बेहोश

नई दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को सुबह की सैर के दौरान बेहोश हो गए।



उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया। उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में तत्काल विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी। सुबह की सैर के दौरान गिरने और कुछ मिनट तक बेहोश रहने के बाद धनखड़ के साथ मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें पीसीआर के वाहन से घर ले गए। सूत्रों के अनुसार, इसके बाद आईएलबीएस की एक चिकित्सा टीम और एम्स के डॉक्टर संदीप सेठ ने उनकी जांच की।

रसायन टैंक में गिरने से तीन मजदूरों की मौत

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में जेल रोड स्थित एक फैक्टरी में बुधवार को तीन मजदूरों की कथित तौर पर रसायन टैंक में गिरने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान गुरुग्राम निवासी नरेश कुमार (50) और बिहार के रहने वाले आरिफ (21) तथा अनिल झा (20) के रूप में हुई है। घटना दोपहर के आसपास हुई, जब तीन कर्मचारी संधार कंपनी के परिसर में काम कर रहे थे। उसने बताया कि तीनों कर्मचारी कथित तौर पर एक रसायन टैंक में गिर गए और जहरीले रसायनों तथा गैसों के संपर्क में आने के बाद बेहोश हो गए।

नमो भारत कॉरिडोर में यात्री पांच करोड़ के पार

नई दिल्ली। नमो भारत कॉरिडोर में यात्रियों की संख्या पांच करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है।



एनसीआरटीसी के अनुसार, एक करोड़ यात्रियों ने पिछले 93 दिन में इसके जरिये यात्रा की। यह अक्टूबर, 2023 में इस सेवा के शुरू होने के बाद से एक करोड़ के आंकड़े का सबसे कम समय है। एनसीआरटीसी ने बताया कि पिछले एक साल में कॉरिडोर पर तीन करोड़ से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। दिसंबर, 2025 में यात्रियों की कुल संख्या दो करोड़ थी, जो नवंबर, 2026 में बढ़कर पांच करोड़ हो गई।

मणिशंकर अय्यर को मिली नेहरू फेलोशिप

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर को पाकिस्तान के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना के 1927 के 'दिल्ली मुस्लिम प्रस्तावों' पर आधारित एक परियोजना के लिए इस साल जवाहरलाल नेहरू फेलोशिप दी गई है। 'दिल्ली मुस्लिम प्रस्तावों' मुस्लिम लीग ने कुछ संरचनात्मक सुरक्षा उपायों के बदले मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्रों की मांग छोड़ने की पेशकश की थी। जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल फंड (जेएनएमएफ) ने घोषणा की है कि यह फेलोशिप दो साल की अवधि के लिए दी जा रही है, जिसमें हर महीने एक लाख रुपये का मानदेय और सालाना 75,000 रुपये की आकस्मिक राशि मिलती है।

स्वच्छता सर्वेक्षण में नवी मुंबई सबसे स्वच्छ शहर, सूरत दूसरे और तीसरे स्थान पर विजयवाड़ा

छत्तीसगढ़ चमका, बिल्हा देश में अव्वल रायपुर और बिलासपुर को भी पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों स्वच्छ शहरों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/ रायपुर

स्वच्छता और बेहतर नगरीय प्रबंधन की दिशा में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों नगर पालिक निगम रायपुर, नगर पालिक निगम बिलासपुर और नगर पंचायत बिल्हा को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 10वें स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 पुरस्कार प्रदान किए।





केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में नवी मुंबई को सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। इसके बाद सूरत एवं विजयवाड़ा का स्थान रहा। बिलासपुर जिले की नगर पंचायत बिल्हा ने देश में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। वहीं, 'स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन' श्रेणी में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

खास खबर

रायपुर नगर पालिक निगम को स्वच्छता में राज्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार वितरण समारोह में ▶▶|शेष पेज 5 पर

छग को सम्मान

- बिल्हा- 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में प्रथम
- बिलासपुर-'स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन' श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय
- रायपुर- नगर पालिक निगम को स्वच्छता में राज्य में प्रथम पुरस्कार

उप मुख्यमंत्री साव ने लिया पुरस्कार

छत्तीसगढ़ की ओर से उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और विभागीय सचिव सोनमणि बोरा ने समारोह में पुरस्कार ग्रहण किया। इस उपलब्धि में नगरीय निकायों के अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों और शहर के लोगों की भागीदारी को अहम माना गया है।

4751 से अधिक शहरों का 43 संकेतकों पर मूल्यांकन

देशभर के 4751 से अधिक शहरों का 10 प्रमुख क्षेत्रों के 43 संकेतकों पर मूल्यांकन किया गया। इनमें कचरे का पृथक्करण, घर-घर कचरा संग्रहण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, स्वच्छता सुविधाएं, सीवेज प्रबंधन, नागरिकों की भागीदारी और सफाई कर्मचारियों का कल्याण शामिल था।

- **स्वच्छ तटीय शहर**
  पुरी, ओडिशा
  अलाप्पुझा, केरल
  रत्नागिरी, महाराष्ट्र
- **स्वच्छ पर्वतीय शहर**
  जम्मू, जम्मू-कश्मीर
  रुद्रपुर, उत्तराखंड
  शोपियां, जम्मू-कश्मीर
- **स्वच्छ रिवरफ्रंट वाले शहर**
  रीवा, मध्यप्रदेश
  बिलासपुर, छत्तीसगढ़
  वाराणसी, उत्तरप्रदेश

सीएम साय बोले- छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों, संबंधित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों को बधाई दीं। श्री साय ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ को मिले राष्ट्रीय सम्मान हमारे शहरों की बदलती तस्वीर और स्वच्छता के प्रति प्रदेशवासियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। बिल्हा जैसे छोटे नगर का देश में प्रथम स्थान प्राप्त करना, बिलासपुर का स्वच्छ नदी तटवर्तीय श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल करना और रायपुर का राज्य में अग्रणी स्थान पर रहना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। हमारा लक्ष्य केवल स्वच्छता की रैंकिंग में आगे बढ़ना नहीं, बल्कि ऐसी स्थायी व्यवस्था विकसित करना है जिसमें स्वच्छता हर नागरिक की आदत और हर शहर की पहचान बने।

बनिया गांव के पास भीषण हादसा

दो बाइकों की भिड़ंत में पिता पुत्री और बेटे समेत 4 की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा/ बेमेतरा

दो तेज रफ्तार बाइक की आमने-सामने भिड़ंत से बुधवार को दो परिवारों की खुशियां छीन ली। कबीरधाम और बेमेतरा जिले की सीमा पर स्थित रणवीरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम बनिया के पास हुए भीषण सडक़ हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में दो पुरुषों के साथ एक 15 वर्षीय किशोरी और 12 वर्षीय बालक शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल थान खम्हरिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

- मृतकों में पिता-पुत्री और 12 वर्षीय पुत्र शामिल

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसा दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की टक्कर से हुआ। पहली मोटरसाइकिल एसपी शाइन में भूपेंद्र कश्यप (40), उनकी बेटी ऋतु कश्यप (15) और पुत्र पंकज कश्यप (12) सवार थे। तीनों बेमेतरा जिले के थान खम्हरिया थाना क्षेत्र के ग्राम ▶▶|शेष पेज 5 पर

गांव में शोक का माहौल

इस हादसे में सबसे हृदयविदारक पहलू यह रहा कि भूपेंद्र कश्यप के साथ उनकी बेटी और 12 वर्षीय बेटे की भी जान चली गई। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत से गांव में शोक का माहौल है। पुलिस हादसे के कारणों और परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

कोलकाता-मुंबई की उड़ान

एअर इंडिया के विमान को हाईजैक की धमकी, हड़कंप



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

मुंबई के लिए बुधवार सुबह उड़ान भरने से पहले एअर इंडिया के एक विमान को अगवा करने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। इसे हवाई अड्डे के एक अलग-थलग स्थान पर ले जाया गया और निर्धारित सुरक्षा जांच शुरू की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 2772 निर्धारित प्रक्रिया के तहत जरूरी जांच पूरी होने के बाद शाम पांच बजकर 38 मिनट पर रवाना हुई। यह उड़ान पहले पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे रवाना होने वाली थी। कोलकाता हवाई अड्डे के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि विमान के रवाना होने से ठीक पहले इसके शौचालय में एक नोट मिला, जिसमें पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट पर विमान का अपहरण करने की धमकी दी गई थी। विमान में सवार सभी 105 यात्रियों को नीचे उतार दिया गया और विमान को अलग जगह पर ले जाया गया। एक आधिकारिक ▶▶|शेष पेज 5 पर

संदेश लिखने वाले की तलाश

पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि विमान के टॉयलेट के शीशे पर धमकी भरा संदेश किसने लिखा और इसके पीछे कौन है। जांच के तहत एयरपोर्ट परिसर और विमान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां विमान की तलाशी और धमकी के स्रोत का पता लगाने में जुटी हैं।

आइसोलेशन-बे में ले जाया गया विमान

घटना के बाद विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया। यहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और एयरपोर्ट के विशेष सुरक्षा कर्मियों ने तलाशी अभियान शुरू किया। विमान के हर हिस्से की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु का पता लगाया जा सके। सुरक्षा एजेंसियां यह सुनिश्चित करने में जुटी हैं कि विमान में कोई खतरा मौजूद न हो।

उड़ान भरने से ठीक पहले मिला नोट

यह उड़ान सुबह 10:20 बजे रवाना होने वाली थी। कोलकाता हवाई अड्डे के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि उड़ान रवाना होने से ठीक पहले विमान के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें सुबह 11:10 बजे विमान को हाईजैक करने की धमकी दी गई थी।

आज से नई दरें

अमूल, मदर डेयरी ने दूध के दाम बढ़ाए दो से चार रुपए

नई दिल्ली। प्रमुख डेयरी कंपनियों अमूल और मदर डेयरी ने दूध की कीमतों में दो से चार रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। नई दरें गुरुवार से लागू होंगी। इन कंपनियों ने दूध की खरीद कीमतों में वृद्धि और ईंधन खर्च बढ़ने सहित उत्पादन लागत में इजाफे को इस वृद्धि का कारण बताया है। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ और मदर डेयरी ने इससे पहले इस साल मई में दूध की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी की थी।

क्यों बढ़े दाम

मदर डेयरी ने कहा कि देश के कई हिस्सों में मानसून की असमान स्थिति से हरे और सूखे चारे की उपलब्धता प्रभावित हुई है। पिछले एक साल में चारे की कीमतें 20 प्रतिशत तक और पशु आहार के दाम करीब 10 प्रतिशत बढ़े हैं। इससे डेयरी किसानों के लिए दूध की उत्पादन लागत बढ़ी है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी स्मृति ने किया धरमजयगढ़ सभा स्थल का निरीक्षण, 15 को आएंगे नितिन नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी ने रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में आगामी 15 नवंबर को होने जा रहे जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के लिए सभा स्थल का निरीक्षण किया। 15 नवंबर को धरमजयगढ़ में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शामिल होंगे।

भाजपा राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह प्रभारी सिद्धार्थ शम्भू, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, महापौर जीवर्धन चौहान, ▶▶|शेष पेज 5 पर



इतिहास को याद करने का पर्व

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी श्रीमती ईरानी ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारे जनजातीय महापुरुषों, विशेषकर भगवान बिरसा मुण्डा के त्याग, बलिदान एवं गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने का पर्व है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी ▶▶|शेष पेज 5 पर

कार्यकर्ताओं की ली बैठक

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी श्रीमती ईरानी ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल पर मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा एवं यातायात व्यवस्था सहित सभी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। श्रीमती ईरानी ने उपस्थित अधिकारियों एवं पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ▶▶|शेष पेज 5 पर

मुद्रा योजना के लिए अब ऋण गारंटी कोष मार्च-2031 तक

अब बैंक नहीं मांगेंगे गारंटी, सरकार खुद बनी मददगार!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को सूक्ष्म इकाइयों के लिए गठित ऋण गारंटी कोष को मार्च, 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी। इससे अगले पांच साल में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 12.6 लाख करोड़ रुपए के ऋण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। आधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने इसके लिए 5,000 करोड़ रुपए के कोष को मंजूरी दी। यह योजना 16वें वित्त आयोग के कार्यकाल (2026-27 से 2030-31) के दौरान मुद्रा योजना के तहत दिए जाने वाले सभी ऋण पर लागू होगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए ▶▶|शेष पेज 5 पर

कैबिनेट के अन्य फैसले

- नोएडा में सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-4 तक मेट्रो रेल परियोजना पर मुहर
- रबी सत्र के लिए फॉस्फेटिक, पोटाश उर्वरक पर 62,370 करोड़ रुपए की सब्सिडी
- 'युगे युगीन भारत' संग्रहालय को विकसित करने की मंजूरी दी



स्पेशल फंड और उसका जादू

सरकार ने इस पूरी प्रक्रिया को रफ्तार देने के लिए 5,000 करोड़ रुपए का एक बड़ा फंड मंजूर किया है। आपको बता दें कि यह पैसा सीधे तौर पर लोन के रूप में लोगों में नहीं बांटा जाएगा, बल्कि यह एक 'गारंटी कवच' के रूप में काम करेगा। सरकार का अनुमान है कि इस 5,000 करोड़ रुपए की गारंटी के दम पर अगले पांच सालों में बैंक बिना किसी डर के लोगों को 12.6 लाख करोड़ रुपए तक के नए लोन बांट सकेंगे।

स्टैंड-अप इंडिया योजना 31 मार्च, 2031 तक बढ़ाई

सरकार ने महिलाओं, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 'स्टैंड-अप इंडिया' योजना को अगले पांच साल 31 मार्च, 2031 तक जारी रखने की बुधवार को मंजूरी दी। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा पांच साल की अवधि में 2.5 लाख अतिरिक्त उद्यमियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

योजना के ये 3 बड़े फायदे

- **मुद्रा योजना में अब 20 लाख तक का लोन :** पहले प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अधिकतम 10 लाख रुपये तक का लोन मिलता था, जिसे अब बढ़ाकर सीधे 20 लाख रुपये कर दिया गया है। सरकार का यह गारंटी फंड इस पर पूरी सुरक्षा देगा।
- **जन धन खातों पर 10,000 रुपए की ओवरड्राफ्ट सुविधा :** जिन लोगों के पास प्रधानमंत्री जन धन योजना का खाता है, उन्हें जरूरत पड़ने पर बैंक से 10,000 रुपये तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा मिलती है। इसकी गारंटी भी इसी फंड से कवर होगी।
- **महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को विशेष संबल :** गांवों और शहरों में जो महिलाएं या लोग स्वयं सहायता समूह बनाकर काम कर रहे हैं, उन्हें 10 से 20 लाख रुपए तक के लोन लेने पर इस गारंटी फंड का सीधा और बड़ा लाभ मिलेगा।

चिंतन

आतंकवाद के खिलाफ और सतर्कता जरूरी

कश्मीर घाटी में आतंकवाद एक बार फिर चुनौती दे रहा है। इसका चेहरा तेजी से बदल रहा है। अब दुश्मन केवल सीमा पार से घुसपैठ कर हमला नहीं करता, बल्कि देश के भीतर स्लीपर सेल भी तैयार करता है, स्थानीय मददगारों के जरिये साजिशों को अंजाम देता है और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक से सुरक्षा तंत्र को चुनौती देता है। साइबर नेटवर्क, एआई और मानवरहित हथियारों ने आतंकवाद के खतरे को और जटिल बना दिया है। सवाल है कि जब आतंक के तौर-तरीके इतने बदल रहे हैं तो हमारी सुरक्षा रणनीति कितनी बदली है? कुलगाम में सीआरपीएफ जवानों पर हमला और एलओसी पर पाकिस्तान की एंटी-ड्रोन तैनाती इसी बदलती चुनौती के संकेत हैं। ऐसे में आतंकवाद के खिलाफ और सतर्कता बरतनी होगी। हाल ही की घटना में जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सीआरपीएफ के अखरान कैंप में नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर बाइक सवार हमलावरों की अंधाधुंध गोलीबारी इस बात का संकेत है कि आतंकियों के मंसूबे अभी कमजोर नहीं पड़े हैं। महज 15 सेकेंड में करीब 30 राउंड फायरिंग कर तीन जवानों को घायल करने के बाद हमलावरों का फरार हो जाना गंभीर चिंता का विषय है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पार अपनी सैन्य तैयारियों को नए सिरे से धार देने में जुटा है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने एलओसी के सामने 50 से अधिक विशेष एंटी-ड्रोन यूनिट तैनात की हैं। नवंबर में ही 20 नई यूनिट शामिल किए जाने की सूचना है। इनका उद्देश्य भारतीय ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन की निगरानी करना तथा उन्हें निष्क्रिय करना है। पाकिस्तान की इस तैयारी को केवल रक्षात्मक कदम मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कुलगाम की घटना और एलओसी के पार पाकिस्तान की सैन्य तैयारियों को अलग-अलग घटनाक्रम मानकर देखने के बजाय व्यापक सुरक्षा परिप्रेक्ष्य में समझने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2024 से अब तक 548 आतंकी घटनाएं होना और इनमें 45 जवानों का शहीद होना बताता है कि चुनौती कितनी गंभीर है। सुरक्षा बलों ने इस दौरान 138 आतंकियों को मार गिराया है, लेकिन आतंकवाद का नेटवर्क केवल आतंकियों को खत्म करने से समाप्त नहीं होता। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपनी सैन्य रणनीति में ड्रोन युद्ध को प्राथमिकता दी है। सेना प्रमुख आसिम मुनीर की रणनीति में ड्रोन को रक्षा और हमले, दोनों की पहली पंक्ति का हिस्सा बनाया जा रहा है। इसके लिए चीन और तुर्किये से आधुनिक तकनीक हासिल करने के साथ एआई और निगरानी प्रणालियों पर भी जोर दिया जा रहा है। ऐसे हालात में भारत को अपनी सुरक्षा रणनीति भी लगातार आधुनिक बनानी होगी। सीमा पर चौकसी, एंटी-ड्रोन प्रणाली, आधुनिक निगरानी उपकरण और खुफिया सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। साथ ही, कुलगाम जैसे संवेदनशील इलाकों में तैनात जवानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा होनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षाबलों का मनोबल और आम नागरिकों का विश्वास बनाए रखना होगा। पाकिस्तान की बदलती सैन्य रणनीति और कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को देखते हुए किसी भी स्तर पर आत्मसंतुष्टि की गुंजाइश नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ केवल जवाबी कार्रवाई नहीं, बल्कि ऐसी चौकस और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था चाहिए, जो दुश्मन के मंसूबों को हमला होने से पहले ही नाकाम कर दे। यही जवानों की सुरक्षा और देश की संप्रभुता की सबसे बड़ी गारंटी है।



आर्थिकी

प्रमोद भार्गव

दवा कारोबार में अनैतिकता पर अंकुश

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महंगी दवाओं को 'डकैती करार' देने के बाद भारत सरकार, दवा निर्माता एवं विक्रेता चेते हैं। इसी का परिणाम है कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा है कि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर के उपचार में दी जाने वाली 137 प्रकार की दवाओं पर व्यापारिक लाभ का अंतर तय कर दिया है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से रोगियों को हर साल अनुमानित 3502.31 करोड़ रुपये की बचत होगी। वस्तुतः कैंसर के गरीब मरीजों को भी बड़ी राहत मिल जाएगी। अततः यह कठोर निर्णय दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने की लगातार दी गई चेतावनियों के चलते संभव हुआ है।

दवाओं की कीमतें घटाने का यह फैसला स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के तहत गठित की गई विशेषज्ञ समिति की 17 अक्टूबर 2026 को आई सिफारिश के बाद लिया है। डीजीएचएस के बयान के अनुसार अब तक 76 दवा कंपनियों ने 121 दवाओं के 1225 सूत्रीकरण (फॉर्मूलेशन) के लिए नए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) जमा किए हैं। 1225 में से 1031 फॉर्मूलेशन की कीमतों में भारी कटौती की गई है। करीब 600 ब्रांड की दवाओं की कीमत में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। सबसे ज्यादा कटौती 96.45 प्रतिशत की गई है। वस्तुतः अब कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कई असरकारी दवाओं की कीमतों में भारी कमी स्पष्ट दिख रही है। आरपीजी लाइफ साइंसेज की स्तन कैंसर के उपचार में इस्तेमाल होने वाली कैप्सूल 'पैल्बोप्रो' (पैल्बोसिक्लिब 125 मिलीग्राम) की कीमत 40,421.33 रुपये से घटकर मात्र 2720 रुपये रह गई है। इसी तरह अरविंकेयर फार्मा की प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली टेबलेट एबीरोन (एबिराटेरॉन एसीटेट 250 मिलीग्राम) का मूल्य 41,250 रुपये से घटकर 3218.23 रुपये निर्धारित कर दिया है। यह भारी अंतर सभी दवाओं पर दिखाई दे रहा। सर्वोच्च न्यायालय ने कैंसर की दवाओं की एमआरपी और सरकारी खरीद मूल्य के बीच बड़े अंतर को अजूबा करार दिया था। यह अंतर 10 गुना से भी ज्यादा था। 2700 रुपये की खुदरा बिक्री वाली कैंसर की दवा पर एमआरपी 27,000 रुपये अंकित होने पर इसे न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और संदीप मेहता की पीठ ने पहले तो 'दिन-दहाड़े' डकैती कहा और फिर 29 सितंबर 2026 को की गई सुनवाई में इस भारी अंतर को दो टूक शब्दों में 'कत्लेआम' यानी 'सामूहिक-संहार' तक कहने में संकोच नहीं किया था। दवा कारोबारी, निजी अस्पतालों और सरकारी अस्पतालों में दवाओं की खरीद करने वाले जिम्मेदारों के लिए इससे तीखी टिप्पणी, दूसरी कोई हो नहीं सकती ? अदालत ने यह सवाल भी खड़ा किया था। कि आखिर 'इतना पैसा कहां जा रहा है और फायदा किसे हो रहा है? 'यह टिप्पणी सीधे-सीधे दवा उत्पादक, निजी अस्पतालों के मालिक एवं चिकित्सक तथा सरकारी खरीद में लिप्त जिम्मेदारों का अमानवीय चेहरा सामने लाती है। 137 दवाओं की दरें निर्धारित हो जाने से साफ हो गया है कि बड़ा घालमेल दवा उद्योग में चल रहा है। इस घालमेल पर अंकुश लगाने की दृष्टि से ही न्यायालय द्वारा 8 अक्टूबर 2026 को दिए एक आदेश के बाद केंद्र सरकार ने फार्मा



कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों, तौर-तरीकों की समीक्षा और निगरानी के लिए नीति आयोग के सदस्य डॉ एम श्रीनिवास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की हुई है। समिति को कंपनियों द्वारा दवा के अनैतिक कारोबार को बढ़ावा देने वाले उपायों की असरकारी समीक्षा का दायित्व दिया गया था। इन उपायों में चिकित्सकों को दिए जाने वाले प्रलोभनों की भी समीक्षा शामिल है। अदालत में इसी परिप्रेक्ष्य में 'फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया' की भी एक याचिका लंबित है। इसमें अनुरोध किया है कि प्रभावी कानून बनने तक फार्मा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर फॉर्मूलेशन और नियमन के लिए दिशा-निर्देश भी तय कर दिए जाएं ताकि मौजूदा व्यवस्था में जो बड़ी असामानता है, वह दूर हो सके? इसके अंतर्गत ऐसे प्रलोभन स्वीकार करने वाले चिकित्सकों के लिए कार्यवाही का प्रविधान तो है, लेकिन उन्हें प्रलोभन देने वाली दवा कंपनियों को नियंत्रित या दंडित करने के लिए समान वैधानिक व्यवस्था नहीं है। अतएव कंपनियां अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चिकित्सकों को महंगे उपहार और सेमिनार के बहाने देश-विदेश की पंचतारा हवाई यात्राएं अपने खर्चे पर कराती हैं। अततः इसका असर रोगी पर पड़ता है और वे महंगी दवाएं खरीदने के लिए लाचार बने रहते हैं। इस समिति की रिपोर्ट अभी आनी है। सस्ती हुई 137 दवाओं में जो अंतर देखने में आया है, उससे साफ है कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझकर धन कमाने की हवस के चलते बाहर की जा रही हैं। सस्ती हुई दवाओं के अंतर ने तय कर दिया है कि दवा महंगी होने का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं है, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं। नियमों के मुताबिक दवाओं की कीमत लागत से मात्र सौ गुनी ज्यादा रख सकते हैं। लेकिन दवाओं की कीमत 1023 फीसदी तक ज्यादा वसूली जा रही है। यहां तक की नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी दो सौ से पांच सौ गुना ज्यादा कीमत अपने दवा उत्पादों की रख रही हैं। दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो पूरा लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की। इस तरह से सरकार और ग्राहकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। बेमतलब की अनेक जांचें भी केवल मुनाफे के लिए कराई जा रही हैं। दरअसल, वर्तमान में दवा कारोबार मुनाफे की हवस की गिरफ्त में तो है ही, निजी चिकित्सालय उद्योग रोगी पैदा करने और रोगी बनाए रखने का काम भी कर रहे हैं। इसलिए चिकित्सकों पर ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे रोगी की सेवा के बनिस्वत दवा कारोबार की सेवा में लिप्त हैं। इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि चिकित्सक ज्ञान तो निश्चित रूप से उच्च चिकित्सा संस्थानों से प्राप्त करते हैं, लेकिन चिकित्सक बनने के बाद उनके इस ज्ञान का अपहरण दवा उद्योग कर लेते हैं। अतएव ज्यादातर डॉक्टर पर्चे में वहीं दवा लिखते हैं, जो उन्हें दवा कंपनियों के एमआर समझाते हैं और कमीशन के साथ उपहार देते हैं। जबकि चिकित्सा का पेशा जीवन रक्षा का धंधा है। वह मनुष्यता की संवेदना और मर्म की सुरक्षा का नैतिक व्यवसाय है। एक लाचार मरीज चिकित्सक के पास स्वास्थ्य लाभ लेने की उम्मीद से जाता है, न कि दवा उद्योग के लालच को बढ़ावा देने की दृष्टि से ? किंतु पैसा कमाने की अनैतिक होड़ का ही परिणाम है कि रोगी अब चिकित्सक को धरती का भगवान मानने से मुकर रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महंगी दवाओं को 'डकैती करार' देने के बाद भारत सरकार, दवा निर्माता एवं विक्रेता चेते हैं। इसी का परिणाम है कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा है कि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर के उपचार में दी जाने वाली 137 प्रकार की दवाओं पर व्यापारिक लाभ का अंतर तय कर दिया है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से रोगियों को हर साल अनुमानित 3502 .31 करोड़ रुपये की बचत होगी। वस्तुत: कैंसर के गरीब मरीजों को भी बड़ी राहत मिल जाएगी। अतत: यह कठोर निर्णय दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने की लगातार दी गई चेतावनियों के चलते संभव हुआ है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विश्व निमोनिया दिवस

बाल मुकुन्द ओझा



केवल दवाओं की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं, रहें अलर्ट

विश्व निमोनिया दिवस हर साल 12 नवम्बर को लोगों को निमोनिया जैसी गंभीर सांस संबंधी बीमारी के प्रति जागरूक करना, इसके लक्षणों को पहचानने, समय पर इलाज कराने और बीमारी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देने के लिए मनाया जाता है। इस साल, 2026 में, विश्व निमोनिया दिवस की थीम निमोनिया नियंत्रण का एक नया युग रखी गई है। यह थीम निमोनिया से होने वाली उन मौतों को कम करने में टीकों, जांच के साधनों और इलाज के तरीकों में हुई प्रगति के महत्व को उजागर करती है, जिन्हें रोका जा सकता है। यह जीवन बचाने वाले इन उपायों तक समान पहुंच की वकालत करती है, खासकर उन बच्चों और वंचित समुदायों के लिए जो अधिक जोखिम में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल 5 साल से कम उम्र के 14 लाख बच्चों की मौत निमोनिया के कारण होती है। यह दुनिया भर में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की कुल मौतों का 18 प्रतिशत है। यूनिसेफ के अनुसार, हर 39 सेकंड में एक बच्चे की मौत निमोनिया से होती है।

अनुमान है कि 50 साल से अधिक उम्र के वयस्कों में निमोनिया से होने वाली 16 लाख मौतें, वायु प्रदूषण और धूम्रपान के कारण होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, निमोनिया आज भी बच्चों में संक्रामक बीमारी से होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण है। इस अवसर पर दुनियाभर में निमोनिया



के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। खासतौर पर बच्चों में निमोनिया की रोकथाम को प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि पांच साल से कम उम्र के बच्चे इस बीमारी के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। द लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की लगभग 14 से 26 फीसदी मौतें निमोनिया के कारण होती हैं। देश में इस आयु वर्ग के लगभग 14.9 फीसदी बच्चों की मौत का कारण निमोनिया है। कुछ आंकड़ों में यह अनुपात 18 फीसदी तक पाया गया है। यह आंकड़े वास्तव में चिंताजनक हैं। भारत में मौसम बदलते ही बीमारियों का खतरा मंडराने लगता है। इनमें निमोनिया प्रमुख है। अस्पतालों में लम्बी लम्बी कतारें लग जाती है। इस समय गर्मी के विदाई का वक्त है। सर्दी की आहट के साथ ही बच्चे से बुजुर्ग तक को अपनी सेहत की चिंता सताने लगती है। इस समय मौसम भी अजब-गजब है। कहीं पंखे चल रहे हैं तो कहीं एयर कंडीशनर भी। लोगों ने गर्म कपडे.निकाल लिए है। पंखा आदि चलाकर कम्बल का उपयोग करते देखा जा सकता है। दिवाली पर प्रदूषण की मार भी लोग झेल रहे है। इसी बीच सर्दियों का मौसम शुरू होते ही सर्दी, खांसी, जुकाम, गले में खराश और बुखार जैसी अनचाही बीमारियां बढ़ने लगी हैं। सर्द मौसम में निमोनिया का खतरा भी चिंता का विषय बन जाता है। निमोनिया फेफड़ों में होने वाला संक्रमण है, जिसके कारण फेफड़ों की छोटी वायु थैलियों में सूजन आ सकती है और उनमें तरल पदार्थ या मवाद भर सकता है। इससे मरीज को सांस लेने में परेशानी होने लगती है। खासतौर पर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को इस बीमारी से अधिक सतर्क रहने की जरूरत होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक निमोनिया से निपटने के लिए केवल दवाओं की उपलब्धता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि टीकाकरण, शुरुआती पहचान, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की उपलब्धता भी जरूरी है। निमोनिया कोई छोटी-मोटी बीमारी नहीं है। निमोनिया फेफड़ों में असाधारण तौर पर सूजन आने के कारण होता है। इसमें फेफड़ों में पानी भी भर जाता है। आमतौर पर निमोनिया कई कारणों से होता है जिनमें प्रमुख हैं बैक्टीरिया, वायरस, फंगी या अन्य कुछ परजीवी। इनके अलावा कुछ रसायनों और फेफड़ों पर लगी चोट के कारण भी निमोनिया होता है। बैक्टीरिया जनित निमोनिया दो से चार सप्ताह में ठीक हो सकता है। इसके विपरीत वायरल जनित निमोनिया ठीक होने में अधिक समय लेता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित

दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

जब मन अशांत हो, अपने इष्टदेव का जप करें



संकलित

प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

एथेनॉल की खूबियों के बावजूद चिंताएं बरकरार

देश में पेट्रोल के विकल्प के रूप में एथेनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक और कदम उठाया है, जबकि देश में एथेनॉल को लेकर पूर्व में हंगामा भी बहुत हुआ था। लिहाजा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने ई-100 ईंधन से चलने वाले वाहनों को अनुमति देने के लिए मोटर वाहन नियमों में बदलाव की अधिसूचना जारी की है। यह फैसला भारत की ऊर्जा जरूरतों, पर्यावरण संरक्षण और विदेशी तेल पर निर्भरता कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। हालांकि, इस नई व्यवस्था को केवल हरित क्रांति के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसके साथ वाहनधारकों की आर्थिक स्थिति, वाहनों की तकनीकी क्षमता, ईंधन की उपलब्धता और रखरखाव से जुड़ी चुनौतियों को भी समझना जरूरी है। -*कांतिलाल मांडोत, सूरत*

ट्रेंड

शतरंज में शतक



भारत ने शतरंज में शतक लगा दिया है! 100वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने पर अनुज श्रीवास्त्री को बधाई! यह वाकई एक शानदार उपलब्धि है। यह हमारे खिलाड़ियों की जबरदस्त प्रतिभा, लगन और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। - **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

उत्पादन का रिकॉर्ड



भारत ने उत्पादन के कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। चावल के उत्पादन में हम दुनिया में पहले नंबर पर आ गए हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक देश भी बन गया है। आज, देश में रिकॉर्ड 377 मीट्रिक टन अनाज और 378 मीट्रिक टन फल व सब्जियों का उत्पादन हो रहा है।
- **शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषिमंत्री

अत्यंत दुःखद



पाली में एक दुकान में लगी आग के धुएं से दम घुटने के कारण कांग्रेस पार्षद उषा पुनामिया, उनके पति प्रकाश पुनामिया और उनके बड़े भाई गौतम के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।
-**अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

नई रामायण



नई रामायण देखी। इसमें न तो कोई दिव्यता दिखी और न ही भक्ति का भाव। कई महत्वपूर्ण दृश्य गायब हैं, और कई दृश्यों के संवादों में वह गरिमा नहीं है जो ऐसी फिल्म में होनी चाहिए। रावण का काफी महिमामंडन किया गया है।
- **सुनील लहरी,** अभिनेता

करंट अफेयर

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण बेलफास्ट में विशेष कार्यक्रम



'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट स्थित भारतीय वाणिज्य महादूतावास में ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों के 60 से अधिक संगीतकारों ने एक विशेष संगीत कार्यक्रम पेश किया। बेलफास्ट स्थित टोकाटा म्यूजिकल्स प्रोडक्शंस के सहयोग से तैयार राष्ट्रगीत की यह संगीत प्रस्तुति पिछले सप्ताह ऑनलाइन जारी की गई। भारतीय वाणिज्य महादूतावास ने बताया कि इसमें शामिल संगीतकारों का भारत, उसकी संस्कृति, परंपराओं, आध्यात्मिकता और संगीत विरासत से व्यक्तिगत जुड़ाव है। ब्रिटेन के बेलफास्ट स्थित भारतीय वाणिज्य महादूतावास देश के नए वाणिज्य दूतावासों में से एक है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले साल मार्च में इसका उद्घाटन किया था। बेलफास्ट में भारत की महावाणिज्यदूत किरण खत्री ने कहा, 'बेलफास्ट में भारत के पहले महावाणिज्य दूतावास की स्थापना भारत और उत्तरी आयरलैंड के संबंधों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह उत्तरी आयरलैंड के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करने और संस्कृति, शिक्षा, व्यापार तथा लोगों के बीच संपर्क के माध्यम से मजबूत संबंध बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' इस परियोजना में संगीतकारों ने 'वंदे मातरम' के सम्मान में स्वेच्छा से अपना समय दिया।

ऑफ बीट

वास्तविकता 'कम खाओ ज्यादा चलो' से अलग है



दशकों तक हमें बताया गया कि वजन कम करना केवल आत्म-नियंत्रण का मामला है : कम खाओ, ज्यादा चलो। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वास्तविकता इससे अलग है। हमारे पूर्वजों का असर हजारों साल पहले हमारे मानव पूर्वजों के लिए शरीर की चर्बी जीवन रेखा थी – बहुत कम चर्बी से भूखमरी का खतरा, बहुत अधिक चर्बी से धीमी गति का खतरा। समय के साथ, मानव शरीर ने ऊर्जा भंडारण की रक्षा करने के लिए जटिल जैविक रक्षा तंत्र विकसित किए, जो दिमाग में जुड़े थे। आज, जब भोजन हर जगह उपलब्ध है और शारीरिक गतिविधि वैकल्पिक है, तो वही तंत्र वजन घटाना मुश्किल बनाते हैं। जब कोई व्यक्ति वजन घटाता है, तो शरीर इसे जीवन पर खतरे के रूप में देखता है : भूख वाले हार्मोन बढ़ते हैं, खाने की लालसा बढ़ती है और ऊर्जा खर्च घटता है। यह तंत्र कभी भूख और भोजन की अनिश्चितता में जीवन बचाने के लिए विकसित हुआ था, लेकिन आज यह चुनौती बन गया है। हमारा दिमाग भी वजन की रक्षा के लिए शक्तिशाली तंत्र रखता है और यह पुराने वजन को "याद" रख सकता है। इसका मतलब है कि यदि शरीर कभी भारी रहा है, तो दिमाग बाद में उसे सामान्य मानकर उसकी रक्षा करता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, गुरुवार 12 नवंबर 2026 | कार्तिक शुक्ल पक्ष तृतीया | वर्ष : 25, अंक : 112 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

छत्तीसगढ़ के गांवों में राज्य के शहरों के मुकाबले महंगाई अधिक है। यह तथ्य केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की रिपोर्ट से सामने आया है। राज्य में ग्रामीण महंगाई दर 5.56 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 3.92 प्रतिशत रही। दोनों के बीच 1.64 प्रतिशत अंक का अंतर है।



- राष्ट्रीय ग्रामीण उपभोक्ता सर्वे में मौजूदा आय और रोजगार की स्थिति पर नकारात्मक प्रतिक्रिया

छत्तीसगढ़ के गांव में शहरों से ज्यादा महंगाई आय और रोजगार का भरोसा भी हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

इसी अवधि में राज्य की संयुक्त खुदरा महंगाई दर 5 प्रतिशत रही। दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक के सितंबर 2026 के ग्रामीण उपभोक्ता विश्वास सर्वे में देश के ग्रामीण और अर्धशहरी परिवारों ने मौजूदा आय और रोजगार की स्थिति को लेकर कमजोर भरोसा जताया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई का दबाव अधिक

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की अक्टूबर में जारी सितंबर की सीपीआई रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ में ग्रामीण महंगाई 5.56 प्रतिशत और शहरी महंगाई 3.92 प्रतिशत रही। राज्य की संयुक्त महंगाई दर 5 प्रतिशत दर्ज की गई। ये आंकड़े सितंबर 2025 की तुलना में कीमतों में हुई वार्षिक वृद्धि को दर्शाते हैं। आंकड़े फिलहाल अनंतिम हैं। राष्ट्रीय स्तर पर सितंबर 2026 में ग्रामीण महंगाई 6.08 प्रतिशत, शहरी महंगाई 4.88 प्रतिशत और संयुक्त महंगाई 5.54 प्रतिशत रही। इस लिहाज से छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महंगाई राष्ट्रीय ग्रामीण दर से कम है, लेकिन राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों के मुकाबले महंगाई का दबाव अधिक बना हुआ है।

रोजगार पर ये बात आई सामने

रोजगार की स्थिति के मामले में 29.6 प्रतिशत लोगों ने सुधार, 30.4 प्रतिशत ने कोई बदलाव नहीं और 40 प्रतिशत ने बिगड़ने की बात कही। रोजगार का नेट रिस्पॉन्स -10.5 रहा। इसका अर्थ है कि रोजगार और आय के बारे में नकारात्मक अनुभव बताने वाले उत्तरदाताओं का अनुपात सकारात्मक अनुभव बताने वालों से अधिक था। यह ध्यान रखना जरूरी है कि ये आंकड़े परिवारों की धारणा और अनुभव को दर्शाते हैं, न कि वास्तविक आय में हुई वृद्धि या गिरावट का प्रत्यक्ष सरकारी मापन।

खर्च बढ़ने के बावजूद कीमतों को लेकर चिंता

सर्वे में 82.4 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अपने कुल खर्च में वृद्धि, 14.8 प्रतिशत ने कोई बदलाव और 2.8 प्रतिशत ने कमी बताई। आवश्यक वस्तुओं पर खर्च बढ़ने की बात 86.9 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कही। हालांकि खर्च में वृद्धि को केवल बेहतर आर्थिक स्थिति का संकेत नहीं माना जा सकता। आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ने के कारण भी परिवारों का खर्च बढ़ सकता है। यही वजह है कि आय, रोजगार और कीमतों के बारे में प्रतिक्रियाओं को साथ में देखना जरूरी है। सर्वे में ग्रामीण और अर्धशहरी परिवारों की मौजूदा महंगाई धारणा 6.8 प्रतिशत रही, जबकि अगले एक वर्ष के लिए महंगाई की अपेक्षा 7.9 प्रतिशत दर्ज की गई। ये परिवारों की महंगाई संबंधी धारणाएं हैं, वास्तविक सीपीआई महंगाई दर नहीं।

सीआरपीएफ की जांच चौकी पर गोलीबारी, 15 सेकंड में 30 राउंड फायरिंग

कश्मीर में आतंकी फिर उठा रहे सिर, हमले में तीन जवान घायल

कश्मीर में आतंकी फिर सिर उठा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने सीआरपीएफ के अखरान कैंप में नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर फायरिंग कर दी। आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें हमलावर 15 सेकंड के अंदर करीब 30 राउंड फायरिंग करते नजर आ रहे हैं।



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को मोटरसाइकिल सवार दो आतंकवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जांच चौकी पर गोलीबारी की, जिसमें तीन जवान घायल हो गए और इनमें से एक की हालत गंभीर है। हमले को लेकर गृह मंत्रालय में एक हाईलेवल मीटिंग ली, जहां सीआरपीएफ के डीजी अधिकारियों को जरूरी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने फरार हुए हमलावरों की तलाश में बड़े पैमाने पर अभियान शुरू कर दिया है।

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ली उच्च स्तरीय बैठक

तीन को लगी गोली

- राकेश दास, पिता अरुण दास, निवासी असम, पैर में गोली लगी है। हालत स्थिर है।
- संतोष चंद्रू, पिता महावीर, निवासी पश्चिम बंगाल, पेट और रीढ़ की हड्डी में गोली लगी है। हालत गंभीर है।
- सोमवीर सिंह, पिता महावीर, निवासी मध्य प्रदेश, बाएं हाथ में गोली लगी है। हालत स्थिर है।



हमले में आतंकी लतीफ भट का हाथ होने का शक

कश्मीर घाटी में सक्रिय आतंकवादी लतीफ भट के कुलगाम हमले में शामिल होने का शक है। वह हमले वाली जगह से कुछ किलोमीटर दूर ही रहता है। खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक, लतीफ भट दक्षिण कश्मीर में हुए दो हमलों में भी शामिल था। इनमें एक हमला अनंतनाग के लाल चौक इलाके में और दूसरा कुलगाम जिले में हुआ था।

छत्तीसगढ़ के दो श्रमिकों की जुलाई में हुई थी हत्या

गत 31 जुलाई को कुलगाम में एक ईंट भट्ठे पर हुए आतंकवादी हमले में छत्तीसगढ़ के दो श्रमिकों की हत्या कर दी गई थी। जुलाई में ही आतंकवादियों ने पड़ोसी अनंतनाग शहर में एक पुलिसकर्मी की भी गोली मारकर हत्या कर दी थी। बताया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी कुलगाम में मौजूद थे, लेकिन वह हमले वाली जगह के निकट नहीं थे। यह इलाका पीर पंजाल पर्वतमाला के नजदीक स्थित है।

सीसीटीवी फुटेज आया सामने

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सीआरपीएफ के नाके पर हुए आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस फुटेज में सीआरपीएफ के दो जवान ड्यूटी पर मौजूद नजर आ रहे हैं। आसपास से गाड़ियों की आवाजाही भी हो रही है।

4 दिन पहले आतंकियों के 2 मददगार गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर से आतंकियों की मदद करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। ये लोग आतंकी मॉड्यूल के जरिए महिलाओं को निशाना बनाते थे और अलगाववादी विचारधारा और प्रचार को बढ़ावा दिया जा रहा था।

गीदम में दो करोड़ के सोना-चांदी की लूट का सच, कर्ज से बचने खुद रची साजिश

- 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालने और 16 घंटे की नाकेबंदी के बाद खुला राज
- तीनों मोबाइल एक साथ सुरक्षित मिले, पुलिस की पूछताछ में व्यापारी ने कबूली मनगढ़ंत कहानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अलग खबर

नेलसनार थाना क्षेत्र के पांडेमुर्गा चौक के पास नेशनल हाईवे-63 पर करीब दो करोड़ के सोने-चांदी और नकदी की कथित लूट का मामला पुलिस जांच में फर्जी निकला। कर्ज के बोझ और लगातार हो रही वसूली के दबाव से बचने गीदम के एक ज्वेलरी व्यापारी ने लूट की मनगढ़ंत कहानी रच दी थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच और करीब 16 घंटे की लगातार नाकेबंदी के बाद मामले की सच्चाई उजागर की। पूछताछ में व्यापारी ने कथित लूट की सूचना को झूठा बताया और इसमें अपने साथियों को भी शामिल करने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार 9 नवंबर को गीदम निवासी सोना-चांदी व्यापारी स्वरूप सोनी ने नेलसनार थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह भैरमगढ़ स्थित अपनी ज्वेलरी दुकान से तूफान ▶▶|शेष पेज 5 पर

एसपी ने गठित की तीन विशेष टीमें

मामले की गंभीरता को देखते हुए बीजापुर एसपी उमेश प्रसाद गुप्ता ने तत्काल तीन विशेष पुलिस टीमों का गठन किया। आसपास के सीमावर्ती जिलों और राज्य की सीमाओं पर नाकेबंदी कराई। एसपी स्वयं पूरे ऑपरेशन की निगरानी करते रहे। पुलिस टीमों ने घटनास्थल और आसपास के मार्गों के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा करीब 16 घंटे तक लगातार जांच और नाकेबंदी जारी रखी।

तीनों मोबाइल एक साथ सुरक्षित मिलने से गहराया संदेह

जांच के दौरान कथित रूप से लूटे गए तीनों मोबाइल फोन की लोकेशन हाईवे किनारे जंगल में मिली। पुलिस ने मौके से तीनों मोबाइल एक ही स्थान पर सुरक्षित और चालू हालत में बरामद किए। इस घटनाक्रम ने पुलिस का संदेह बढ़ा दिया। इसके बाद तीनों कथित पीड़ितों से अलग-अलग पूछताछ की गई। तकनीकी साक्ष्यों और बयानों में विरोधाभास सामने आने पर पुलिस ने जांच की दिशा बदलकर व्यापारी की आर्थिक स्थिति और पृष्ठभूमि की पड़ताल शुरू की। जांच में सामने आया कि व्यापारी पर काफी कर्ज था और कर्ज चुकाने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस की पूछताछ में स्वरूप सोनी ने कथित लूट की कहानी को मनगढ़ंत बताते हुए स्वीकार किया कि कर्ज से बचने के लिए उसने यह झूठी सूचना दी थी। पुलिस के अनुसार उसने वाहन चालक और साथ मौजूद कपड़ा व्यापारी को भी इस कहानी में शामिल किया था।

आत्मकथा में किया खुलासा

हेराल्ड मामले पर सोनिया ने कहा- एक पैसा भी नहीं लिया



नई दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में दावा किया है कि अखबार को फिर से पटरी पर लाने की प्रक्रिया में उन्होंने, राहुल गांधी तथा इससे जुड़े अन्य लोगों ने एक पैसा भी नहीं लिया, इसके बावजूद उनके खिलाफ ▶▶|शेष पेज 5 पर

...जब करुणानिधि को किया फोन

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के गठन को लेकर द्रमुक प्रमुख एम. करुणानिधि से गठबंधन की बातचीत शुरू करने के लिए पहली बार फोन करते समय वह घबराई हुई थीं और कांप रही थीं। उनके लिए द्रमुक के साथ हाथ मिलाने का फैसला व्यक्तिगत रूप से सबसे कठिन था, क्योंकि 1991 में लिट्टे के कुछ समर्थकों ने उनके पति एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की थी।

वांगचुक ने दी फिर प्रदर्शन की चेतावनी



नई दिल्ली। लद्दाख में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने इस मामले में केंद्र सरकार से दखल देने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों और चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो लोग सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। यह विवाद ऐसे समय में बढ़ा है, जब प्रशासन ने लेह और कारगिल में चुनाव की आचार संहिता लागू होने तक राजनीतिक रैलियों, विरोध प्रदर्शनों और सार्वजनिक सभाओं पर रोक लगा दी है। बता दें कि, लद्दाख में चुनावी प्रक्रिया 21 नवंबर से शुरू होगी। इस दिन लेह और कारगिल की नगर समितियों और पंचायतों के लिए मतदान कराया जाएगा।

पांच डिब्बे और इंजन पटरी से उतरे

डिरेल हुई सायरंग-कोलकाता एक्सप्रेस, 4 घायल

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि गुवाहाटी के पास डिगारू में बुधवार सुबह सायरंग-कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन के पांच डिब्बे और इंजन के पटरी से उतरने की घटना में चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए। शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं और उनका इलाज किया जा रहा है। हम इस घटना को लेकर रेल मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, फंसे हुए सभी यात्रियों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं और उनकी आगे की यात्रा के लिए वैकल्पिक ट्रेन की व्यवस्था की गई है।



वायरल हुआ वीडियो

इस बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें चालक इंजन में लगे उपकरणों को संभालते हुए यह कहते हुए सुनाई दे रहा है कि उनमें से कोई भी काम नहीं कर रहा है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सुबह छह बजकर 54 मिनट पर यह ट्रेन पटरी से उतर गई। रेल प्रवक्ता ने कहा कि बचाव अभियान चलाने और पटरियों से क्षतिग्रस्त डिब्बों को हटाने के लिए एक राहत ट्रेन घटनास्थल पर भेजी गई है। इस खंड पर रेलगाड़ियों का सामान्य परिचालन अब बहाल कर दिया गया है।

वित्त मंत्रालय की सलाह

सरकारी बेड़े में होंगे अब इलेक्ट्रिक वाहन

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों और विभागों से कर्मचारियों के लिए कार खरीदते समय इलेक्ट्रिक वाहन को सामान्य और प्राथमिक विकल्प बनाने को कहा है। इलेक्ट्रिक कार की खरीद के लिए 20 लाख रुपए की कीमत सीमा तय की गई है। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने और बाजार में मौजूदा कीमतों तथा वाहनों की पूरी उपयोग अवधि की लागत को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक इंजन वाले वाहनों की खरीद के लिए शुद्ध डीलर कीमत की सीमा में बदलाव किया जा रहा है।



ऐसे निर्देश

वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस तरह का प्रस्ताव संबंधित मंत्रालय या विभाग के सचिव की मंजूरी और वित्तीय सलाहकार की सहमति के बाद भेजा जा सकता है। मंत्रालयों और विभागों को इलेक्ट्रिक वाहनों को किराये पर लेने के संबंध में 2022 के दिशानिर्देशों का पालन भी जारी रखना होगा। यदि किसी मामले में पेट्रोल या डीजल वाहन किराये पर लेना जरूरी माना जाता है, तो इसके लिए भी छूट का प्रस्ताव व्यय विभाग को भेजना होगा।



अगर आपको डायबिटीज है तो इसके कुछ लक्षण आपके हाथ और पैर में भी दिख सकते हैं। इन लक्षणों के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए। इससे आपको इसकी पहचान करने में हेल्प मिलेगी।

वर्ल्ड डायबिटीज डे
14 नवंबर, स्पेशल

बदलती जीवनशैली, खान-पान की गलत आदतों और एक्सरसाइज या शारीरिक सक्रियता की कमी के कारण हाल के वर्षों में देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसी समस्या से बचाव के लिए आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, डायबिटिक पेशेंट्स क्या सावधानी बरतें और इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं, इन सभी के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

हाथ-पैर में भी दिखते हैं डायबिटीज के लक्षण

प्रिकॉशन
रजनी अरोड़ा



हालांकि डायबिटीज को कई लक्षणों से पहचाना जा सकता है। लेकिन कुछ लक्षण ऐसे भी हैं, जो पेशेंट के हाथ-पैर में दिखाई पड़ते हैं। इनके बारे में आपको सजग रहना चाहिए।

पैरों में डायबिटिक लक्षणः डायबिटीज में पैर सबसे पहले और सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। शरीर में पैर, दिल से सबसे दूर होते हैं, वहां की नसें सबसे लंबी और बारीक होती हैं। गाढ़ा खून और ग्लाइकेशन बारीक नलियों को क्षतिग्रस्त करते हैं, जिससे पैरों तक ऑक्सीजन और पोषण कम पहुंचता है और घाव भरना मुश्किल हो जाता है। शुगर, नसों की सुरक्षा परत (मायलिन शीथ) को कमजोर कर देती है, जिससे दिमाग तक संदेश ठीक से नहीं पहुंचते और डायबिटिक न्यूरोपैथी की स्थिति आ जाती है। इससे कई लक्षण दिख सकते हैं।

झुनझुनी महसूस होनाः ऐसा लगना जैसे तलवों या अंगुलियों पर चींटियां चल रही हों। शुरुआत में यह लक्षण आता-जाता रहता है, इसलिए लोग इसे थकान, बैठने से पैर सोना या विटामिन की कमी समझकर टाल देते हैं। यह नसों के क्षतिग्रस्त होने का सबसे शुरुआती संकेत है।



सुई जैसी चुभनः तलवों में जलन, सुई जैसी चुभन या अचानक बिजली के झटके जैसा एहसास। यह अकसर रात में बढ़ जाता है। जब नसें खराब होने लगती हैं।

चादर के वजन से भी दर्दः रात को पैरों पर हल्की चादर रखने से भी दर्द या जलन हो, तो यह संकेत बताता है कि नसें प्रभावित हैं।

सुन्नपनः पैरों में छूने का एहसास कम हो जाना, जैसे मोजे पहने हों या जमीन महसूस न हो। यह सबसे खतरनाक अवस्थाओं में से है, क्योंकि जब दर्द महसूस नहीं होता, तो चोट, कंकड़, जूते की रगड़ या छाले का पता ही नहीं चलता। छोटी चोट बड़ा घाव बन सकती है।

घाव का ठीक न होनाः पैर का कोई कट या छाला 10-12 दिन बाद भी न भरे, लाल रहे या उससे पानी निकले, तो यह खतरे की घंटी है। ज्यादा शुगर, श्वेत रक्त कोशिकाओं को सुस्त कर देती है और बैक्टीरिया को पनपने का मौका देती है। सुन्नपन के साथ यह मिलकर पैर के अल्सर का कारण बन सकता है, जो गंभीर मामलों में संक्रमण फैलने और अंग काटने तक का रिस्क हो सकता है।

सूखी त्वचा-फटी एड़ियांः नसों के खराब होने से पसीना आना कम हो जाता है, जिससे पैरों की त्वचा बहुत रूखी हो जाती है और एड़ियां गहरी फटने लगती हैं।

त्वचा के रंग में बदलावः पैरों और टखनों पर त्वचा का पतला, चमकदार या भूरा-काला पड़ना, पैरों के बाल झड़ना और पैर ठंडे रहना खून के कम बहाव के संकेत हो सकते हैं।

हाथों में डायबिटिक लक्षणः डायबिटीज होने के कुछ लक्षण हाथों में भी दिखते हैं। अंगुलियों के जोड़ों की त्वचा बाकी हाथ से ज्यादा काली, मोटी, मखमली या खुरदरी दिख सकती है, तो यह टैनिंग या गंदगी नहीं, इंसुलिन रेजिस्टेंस का संकेत है। इंसुलिन ज्यादा होने पर वह त्वचा की कोशिकाओं को तेजी से बढ़ने का सिग्नल देता है। ऐसे निशान गर्दन, बगल और जांघों में भी दिख सकते हैं।

त्वचा पर टैग्स बननाः गर्दन, पलकों, बगल और अंगुलियों के आस-पास त्वचा की छोटी-छोटी लटकन जैसी संरचनाएं बनने को स्किन टैग्स कहते हैं। इनकी संख्या तेजी से बढ़ना इंसुलिन रेजिस्टेंस से जुड़ा हो सकता है।

बढ़ी डायबिटीज के संकेतः दोनों हथेलियां प्रार्थना की मुद्रा में जोड़ने पर अगर अंगुलियों या हथेलियों के बीच खासकर छोटी अंगुली के पास गैप दिखे, तो इसे नजरअंदाज न करें। इसे डायबिटिक हैंड सिंड्रोम भी कहते हैं।

अंगुलियों का अकड़नाः सुबह उठने पर मुट्ठी बनाने या अंगुलियां सीधी करने में परेशानी होना, अंगुली का मुड़कर अटक जाने को ट्रिगर फिंगर कहते हैं। यह भी डायबिटीज का लक्षण हो सकता है। *

(डायबिटीज एक्सपर्ट-डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)

डायबिटीज से बचाव के लिए बनें सजग-रहें सुरक्षित

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. धीरज कपूर
एचओडी-एंडोक्राइनोलॉजी
ऑर्टिमिज हॉस्पिटल, गुरुग्राम



भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामलों की गंभीरता का अंदाजा वर्ष 2025 में जारी डायबिटीज एटलस की रिपोर्ट से लगाया जा सकता है। इसके अनुसार भारत में 20 से 79 वर्ष की आयु के लगभग 9 करोड़ लोग इस समस्या से पीड़ित थे। इसके अलावा लगभग 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज की स्थिति में थे। प्री-डायबिटीज वह शारीरिक अवस्था है, जिसमें जब ब्लड में शुगर लेवल सामान्य से थोड़ा अधिक होता है, लेकिन वह डायबिटीज की स्थिति तक नहीं पहुंचता। ऐसे लोगो में भविष्य में डायबिटीज होने की आशंका बनी रहती है। इन आंकड़ों की गंभीरता को समझते हुए अगर स्वस्थ लोग भी शुरू से ही अपनी सेहत के प्रति सजगता बरतें तो आसानी से डायबिटीज की समस्या से बचाव संभव हो पाएगा।

क्यों बढ़ रही है समस्या

पिछले दो से तीन दशकों में लोगों की जीवनशैली पूरी तरह बदल गई है। पहले लोग रोजमर्रा के सारे काम-काज खुद करते थे, शारीरिक श्रम उनकी दिनचर्या में शामिल था, इसलिए हमेशा चुस्त-दुरुस्त रहते थे। लेकिन समय के साथ सभी कार्यों के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल होने लगा, इससे पहले की तुलना में जिंदगी ज्यादा आरामदेह हो गई और लोगों के समय की बचत होने लगी, लेकिन कुछ वर्षों के बाद लोगों की सेहत पर इसका बुरा असर नजर आने लगा। लगातार लंबे समय तक एक ही जगह पर बैठकर काम करना, मिठाइयों, कोल्ड ड्रिंक्स और जंक फूड का अधिक मात्रा में सेवन करना, छोटी दूरी तक जाने के लिए भी पैदल के बजाय वाहन का इस्तेमाल करना, एक्सरसाइज न करना, सीढ़ियों के बजाय लिफ्ट का इस्तेमाल, ऐसी आदतों के कारण व्यक्ति जो भी खाता है, उससे बनने वाली कैलोरी बर्न होने के बजाय शरीर में जमा होने लगती है, जिससे पेट के आस-पास चर्बी एकत्र हो जाती है और व्यक्ति का वजन बढ़ने लगता है। ऐसी जीवनशैली इंसुलिन रेजिस्टेंस के खतरे को बढ़ा देती है। इसके अलावा देर रात तक मोबाइल पर रील्स देखने की आदत से होने वाली अनिद्रा की समस्या, अति व्यस्त दिनचर्या के कारण पैदा होने वाला तनाव और इस बीमारी की फैमिली हिस्ट्री यानी आनुवंशिकता जैसे कारणों से आजकल हर आयुवर्ग के लोगों में इस बीमारी के लक्षण नजर आने लगे हैं और इसके मरीजों की तादाद तेजी से बढ़ने लगी है।

कैसे पहचानें लक्षणों को

बार-बार गला सूखना, प्यास लगना, रात में टॉयलेट जाने के लिए कई बार नींद खुलना, ज्यादा भूख लगना, बेवजह थकान और सुस्ती महसूस होना, दृष्टि में धुंधलापन, पैरों में झनझनाहट, ज्यादा भूख लगना, बिना डाइटिंग या एक्सरसाइज के वजन का लगातार घटना जैसे लक्षण दिखाई दें तो आपको सचेत हो जाना चाहिए। कई बार शुरुआती दौर में डायबिटीज टाइप-2 के कोई लक्षण नजर नहीं आते। इसलिए अगर कोई समस्या न हो तो भी हर तीन-चार महीने के अंतराल में शुगर लेवल की जांच कर लेनी चाहिए। अगर सुबह खाली पेट शुगर लेवल 130 से ज्यादा और खाने के 2 घंटे के बाद 180 से अधिक हो तो यह इस बात का संकेत है कि व्यक्ति को डायबिटीज की समस्या है। इसी तरह अगर किसी व्यक्ति का एचबीए1सी (हर तीन महीने के अंतराल पर की जाने वाली वाली शुगर लेवल की जांच) 5.7 से 6.4 के बीच हो तो उसे प्री-डायबिटिक की श्रेणी में रखा जाता है, यानी यदि समय रहते खान-पान और दिनचर्या में सुधार नहीं लाया गया तो ऐसे व्यक्ति को यह बीमारी बहुत आसानी से अपनी गिरफ्त में ले सकती है। अगर किसी व्यक्ति का एचबीए1सी 6.5 से अधिक हो तो उसे डायबिटिक माना जाता है। ऐसी स्थिति में नियमित रूप से एंडोक्राइनोलॉजिस्ट से जांच कराने के साथ उसके सभी निर्देशों का पालन करना जरूरी हो जाता है।

डायबिटिक पेशेंट्स रखें ध्यान

डायबिटीज के मरीजों को अपने भोजन में मिलेट्स यानी ज्वार, बाजरा, रागी, सावां और कंगनी जैसे मोटे अनाजों को प्रमुखता से शामिल करना चाहिए। सिट्रस यानी संतरा, मौसंबी, नीबू और चकोतरा जैसे खट्टे फलों का सेवन भी फायदेमंद होता है। ऐसे मरीजों को जूस पीने के बजाय सीधे फलों का सेवन करना चाहिए क्योंकि फलों का जूस तेजी से शुगर लेवल को बढ़ा देता है। हरी पत्तेदार सब्जियों, दालों, स्प्राउट्स, सत्तू, बादाम, अखरोट और अलसी, कद्दू, खरबूजे, सूरजमुखी के बीजों का सेवन भी फायदेमंद होता है। आम, लीची, केला और चीकू जैसे फलों से दूर रहें। एक ही बार में ज्यादा खाने के बजाय हर 2 घंटे के अंतराल पर थोड़-थोड़ा खाएं। मल्टी ग्रेन आटे की रोटियां और ब्राउन राइस का सेवन करें। चावल उबालने के बाद उसका मांड निकालकर फेंक दें। नियमित रूप से योग, एक्सरसाइज के अलावा रोजाना सुबह-शाम आधे घंटे तक वॉक जरूर करें। संतुलित डाइट और शारीरिक गतिविधियों से बढ़ते वजन को नियंत्रित रखें। डॉक्टर की सलाह के बिना अपने मन से दवा की खुराक में कोई बदलाव न लाएं। ऐसे मरीजों में कई बार अचानक शुगर लेवल घट जाता है, ऐसी स्थिति से उबरने के लिए मरीज को अपने पास टॉफी रखनी चाहिए।।



कई अंगों पर पड़ता है दुष्प्रभाव

- पैरों की नसों में सुन्नपन, झनझनाहट और दर्द, कई बार एड़ियां बुरी तरह फटने लगती हैं।
- ऐसे मरीजों के हार्ट की धमनियों में बैड कोलेस्ट्रॉल जमा होता है, जिससे हार्ट अटैक की आशंका बढ़ जाती है।
- आंखों का रेटिना प्रभावित होता है और इससे अचानक आंखों की दृष्टि कम होने लगती है।
- किडनी की कार्यक्षमता कमजोर पड़ने जाती है, इससे किडनी से प्रोटीन का लीकेज होने लगता है और गंभीर स्थिति में किडनी फेल्योर की भी समस्या हो सकती है।
- गला सूखने और मसूड़ों में संक्रमण की भी आशंका बनी रहती है।
- त्वचा पर अनावश्यक रूखापन या सिरोसिस जैसे लक्षण दिखते हैं।
- अगर त्वचा पर कोई भी खरोंच या चोट लग जाए तो उससे बनने वाले घाव को भरने में ज्यादा समय लगता है। इसलिए ऐसे किसी भी लक्षण को मामूली समझकर अनदेखा न करें। अगर इनमें से कोई भी लक्षण नजर आए तो बिना देर किए डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

स्वस्थ व्यक्ति ऐसे करें बचाव

अगर आपका शुगर लेवल सामान्य है तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप असंतुलित खान-पान और अनियमित दिनचर्या अपनाएं। भविष्य में ऐसी समस्या से बचाव के लिए अभी से ही आपकी कोशिश यही होनी चाहिए कि आप अपनी डाइट में चीनी का इस्तेमाल कम से कम करें। घी, तेल, चीनी, मैदा और जंक फूड से दूर रहें। सादा और संतुलित खान-पान अपनाएं। आपकी डाइट में फाइबर, विटमिंस और प्रोटीन की मात्रा अधिक होनी चाहिए। इसके लिए ज्वार, बाजरा और रागी जैसे सभी मोटे आनाजों को अपनी डाइट में प्रमुखता से शामिल करें। हरी सब्जियों और मौसमी फलों का सेवन करें। *

प्रस्तुतिः विनीता



बच्चों में बढ़ता खतरा

सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि आजकल बच्चों में भी डायबिटीज के लक्षण नजर आने लगे हैं। पहले कुछ बच्चों में डायबिटीज टाइप-1 के लक्षण नजर आते थे, लेकिन आजकल खान-पान की गलत आदतों और लापरवाही भरी जीवनशैली के कारण बच्चे वेफर्स, चॉकलेट, केक-पेस्ट्री, पिज्जा, बर्गर और सॉफ्ट ड्रिंक्स जैसी चीजों का सेवन बहुत ज्यादा करते हैं। पार्क में जाकर आउटडोर खेलने-कूदने के बजाय शाम के वक्त घंटों मोबाइल के साथ वक्त बिताते हैं। खान-पान की गलत आदतों और फिजिकल एक्टिविटीज की कमी के कारण आजकल शहरों में रहने वाले अधिकतर बच्चे ओबेसिटी के शिकार हो रहे हैं और इसी वजह से उनमें जुवेनाइल डायबिटीज की समस्या बढ़ रही है। बच्चों को ऐसी समस्या से बचाने के लिए शुरू से ही अपने परिवार में स्वस्थ खान-पान की आदतें विकसित करें। लंच या डिनर से पहले अगर उन्हें हल्की भूख लगे तो उस दौरान मंचिंग के लिए उन्हें चॉकलेट, वेफर्स जैसी चीजें देने के बजाय मौसमी फल, ड्राय फ्रूट्स और रोस्टेड मखाने जैसी चीजें खिलाएं।

मन को एकाग्र रखे माइंडफुलनेस

सजेशन
शिखर चंद जैन



हमारा शरीर अकसर वहीं होता है, जहां हम मौजूद होते हैं, लेकिन हमारा मन, कई बार बीते कल की किसी घटना, आने वाले कल की चिंता या मोबाइल की अगली सूचना में उलझा रहता है। हम खाना खाते हुए स्क्रीन देखते हैं, चाय पीते हुए काम की चिंता करते हैं और चलते हुए भी मन में दस योजनाएं बनाते रहते हैं। ऐसे में माइंडफुलनेस यानी सजगता हमारे जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।

क्या है माइंडफुलनेसः माइंडफुलनेस का अर्थ किसी विशेष मुद्रा में बैठना या विचारों को जबरन रोक देना नहीं है। इसका सरल अर्थ है, इस क्षण में पूरी तरह उपस्थित होना। सांस भीतर जा रही है तो उसका अनुभव करना, हाथ में चाय है तो उसकी गर्माहट महसूस करना और चलते समय अपने कदमों की गति को जानना। माइंडफुलनेस जीवन में कुछ नया जोड़ने से अधिक, पहले से मौजूद जीवन को सचमुच देखने की कला है। ठीक यही बात चलते समय भी लागू होती है। एक कदम जमीन पर पड़ता है, फिर दूसरा। शरीर आगे बढ़ता है और मन उसके साथ रहता है। कुछ मिनटों की ऐसी सजग चाल भी हमें अपने शरीर और वर्तमान से दोबारा जोड़ सकती है।

शोध से हुआ साबितः 2024 में नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित 37 अलग केंद्रों और 2,239 प्रतिभागियों वाले बड़े अध्ययन में पाया गया कि स्वयं किए जाने वाले छोटे माइंडफुलनेस अभ्यास तनाव कम करने में प्रभावी हो सकते हैं। 2024 की एक अन्य मेटा-विश्लेषण समीक्षा में 111 अध्ययनों और 9,538 प्रतिभागियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। इसमें माइंडफुलनेस आधारित कार्यक्रमों से समग्र संज्ञानात्मक क्षमता, ध्यान, मेमोरी और निरंतर एकाग्रता जैसे कुछ क्षेत्रों में छोटे से मध्यम स्तर के सकारात्मक प्रभाव मिले। तनाव कम करने में माइंडफुलनेस का प्रभाव केवल मन की बात नहीं है। इसके पीछे तनाव से जुड़ी मनोवैज्ञानिक और शारीरिक प्रक्रियाओं में बदलाव की भूमिका हो सकती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हालांकि इसका अर्थ यह नहीं कि माइंडफुलनेस हर समस्या का इलाज है। बल्कि यह हमारे पास उपलब्ध एक मानसिक प्रशिक्षण है, जिसे नियमित अभ्यास से मजबूत किया जा सकता है।

ऐसे करें शुरुआतः शुरुआत में दिन में केवल तीन मिनट आंखें बंद करें। सांस को बदलने की कोशिश न करें। बस महसूस करें, सांस आ रही है, सांस जा रही है। विचार आएं तो उन्हें रोकें नहीं। बस पहचानें और धीरे से ध्यान सांस पर वापस ले आएं। फिर कभी चाय पीते समय केवल चाय पीजिए। चलते समय केवल चलिए। बच्चे से बात करते समय केवल बच्चे के साथ रहिए। *



मेरी उम्र 60 वर्ष है। सर्दियां शुरू होने के बाद जब भी मैं मॉर्निंग वॉक के लिए निकलता हूं, मेरी आंखों में जलन होने लगती है, कई बार सांस लेने में भी दिक्कत आती है। कृपया कोई उपाय बताएं?
-हरीश, रोहतक

इस समय कई शहरों में प्रदूषण काफी अधिक है। आप रोहतक में हैं। दिल्ली और हरियाणा के आस-पास के शहर भी प्रदूषण की चपेट में हैं। इसलिए आपको खास सावधानी रखनी चाहिए। सुबह के समय वॉक नहीं करना चाहिए, क्योंकि सुबह प्रदूषण का स्तर ज्यादा होता है। धूप निकलने के बाद आपको वॉक करना चाहिए। इसके साथ सबसे जरूरी बात है कि आप मास्क पहनकर ही वॉक पर जाएं। इस तरह आपको राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। सर्दियां शुरू होते ही मेरे बालों में डेंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है। बाल रूखे भी हो जाते हैं। इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए?
-करण, रायपुर

सबसे जरूरी बात यह है कि जिस पानी से आप नहाते हैं, वो कैसा है? वो पानी साफ होना चाहिए क्योंकि तमाम शहरों में पानी गंदा आता है। इससे भी बालों की सेहत पर फर्क पड़ता है लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि बाजार में मौजूद तरह-तरह के शैंपू, कंडीशनर का इस्तेमाल बगैर डॉक्टर से कंसल्ट किए ना करें। आप जहां रहते हैं, अगर वहां का पानी खारा है तो इस पानी से बाल नहीं धोने चाहिए। नॉर्मल पानी से ही बालों को धोना चाहिए।

मेरी उम्र 44 वर्ष है। कुछ दिनों से बार-बार बुखार और बदन दर्द हो रहा है। कृपया बताएं कि मैं क्या करूं?
-गौतम, बिलासपुर

इस समय मौसम चेंज हो रहा है। कई बार तापमान में उतार-चढ़ाव की वजह से वायरल इंफेक्शन होने की संभावना रहती है। आपको बुखार आ रहा है और शरीर में दर्द हो रहा है तो यह टाइफाइड के लक्षण भी हो सकते हैं, लेकिन बगैर जांच के कुछ भी कहना ठीक नहीं है। आप फिजिशियन से संपर्क करें। वे लक्षण देखकर जांच कराएंगे, जिससे कारण पता चलेगा और उसी के अनुसार ट्रीटमेंट शुरू होगा।

मेरी उम्र 37 वर्ष है। मैं पिछले साल से बीपी की दवा ले रहा हूं फिर भी मुझे बहुत गुस्सा आता है। मैं क्या करूं?
-सचिन, भोपाल

बीपी की दवा ले रहे हैं लेकिन उससे बीपी कम हो रहा है या नहीं, इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि कई बार देखा गया है कि लोग दवा लेते रहते हैं लेकिन उससे बीपी कम नहीं होता या फिर दवा लंबे समय से लेने से बॉडी उसे एक्सेप्ट कर लेती है और उसका लाभ नहीं होता है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें।

मेरी उम्र 55 वर्ष है। मेरा शुगर लेवल अप-डाउन होता रहता है। कृपया बताएं कि इसे कंट्रोल करने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?
-राजकिशोर, दुर्ग

ऐसे मामलों में दो बातें बहुत मायने रखती हैं। पहला, दवा का रेग्युलर सेवन और दूसरा, खान-पान सही होना यानी, शुगर के अनुसार डाइट लेना। अगर ये दोनों फॉलो करने के बाद भी आपका शुगर लो-हाई हो रहा है तो जरूर एक बार आपको डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। हो सकता है कि दवा की डोज बढ़ाने की आवश्यकता हो।

मेरी उम्र 62 वर्ष है। मैं गैस की प्रॉब्लम से परेशान रहता हूं। इस वजह से भूख भी नहीं लगती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?
-राजेश, महासमुंद

अगर आपको गैस की प्रॉब्लम रहती है तो आपको खान-पान में ध्यान रखने की जरूरत है, क्योंकि आपकी पाचन क्रिया कहीं ना कहीं प्रभावित हो रही है। खान-पान में आप सुबह हल्का नाश्ता करें, साथ में फल और जूस जरूर लें। दोपहर के खाने में छाछ-दही शामिल करें। साथ ही इस बात का ख्याल रखें कि गैस बनाने वाले फूड्स ज्यादा ना खाएं और खाने के बाद थोड़ा वॉक जरूर करें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

मॉर्निंग वॉक से जब हो आंखों में जलन की समस्या



पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

मोती ज्वेलर्स चोरीकांड का पर्दाफाश

1.12 करोड़ के जेवर के साथ छह चोरों को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दीपावली की शाम पैलेस रोड स्थित मोती ज्वेलर्स में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हो चुका है। कोतवाली पुलिस की टीम ने चार दिन तक जंगल की खाक छानने के बाद गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 1.12 करोड़ का 765.7 ग्राम सोने के जेवरात बरामद करने में सफल रही है।

पत्रवार्ता में मामले का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन सिंह राठौर ने बताया कि चोरी करने वाले बेहद ही शातिर गिरोह पर बस्तर पुलिस की बड़ी कार्यवाही की है। गिरोह के सदस्य ध्यान भटकाकर दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देते थे इसमें गिरोह के सभी सदस्य चोरी के अलग अलग कार्य को अंजाम देते थे जिसमें महिलाओं एवं बच्चों की अहम भूमिका होती थी वहीं गिरोह के पुरूषों द्वारा चोरी किए गए माल को छुपाने तथा खपाने का काम किया जाता था। एएसपी ने बताया कि ज्वेलरी शॉप में सोने की चोरी करने वाले 5 आरोपियों तथा एक विधि से संघर्षरत बालिका पर कार्रवाई की गई है।

सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे की मदद से पहुंची आरोपियों तक पुलिस

विवेचना दौरान चोरी गये सोने के आभूषण एवं अज्ञात चोर का पता तलाश किया गया। पतासाजी के दौरान सीसीटीवी से प्राप्त चोरी के वीडियो विलप, फोटो तथा ड्रोन कैमरे व सायबर सेल की मदद से उपरोक्त आरोपीगण का पीछा किया गया। पड़ताल के दौरान स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 17 सी 3511 को पहचान की गई। फिर एक व्यक्ति मासों कश्यप पथरीली उड़वा, कोड़ेनार के द्वारा खरीदना बताया। जंगल की ओर छुपने चले गये थे जिन्हें रात में ही जंगल को घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया। जंगल तथा बड़ी घास का मैदान विशाल होने से रात्रि में थर्मल कैमरा ड्रोन तथा ड्रोन कैमरा से ढूंढने का प्रयास किया गया। संभावित छुपने के लोकेशन पर विभिन्न टीमों को पैदल गश्त के माध्यम से ढूंढा गया।

गिरफ्तार व फरार आरोपियों में यह शामिल

पुलिस टीम द्वारा 5 आरोपियों व एक विधि से संघर्षरत बालिका को विधिवत न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में फूलों कश्यप 30 साल, मासों कश्यप 30 साल, पसली माड़वी 55 साल, शंकर माड़वी 27 साल तथा परमेश कश्यप 21 साल सभी निवासी पथरीली उड़वा थाना कोड़ेनार शामिल है। वहीं मामले में फरार तीन आरोपी मासों कश्यप, बूदरू कश्यप तथा चिंटू मंडावी अभी भी फरार हैं जिनका पता तलाश किया जा रहा है। आरोपियों के कब्जे से 765.7 ग्राम सोना के विभिन्न आभूषण, स्कॉर्पियो वाहन, आटो व एक मोटरसाइकिल जब्त किया गया है।

बाइक बाहर रखे लोहे के सामान से टकराई

सड़क हादसे में दो जिगरी दोस्तों की दर्दनाक मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

जैसाकर्रा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जिस रात पूरा क्षेत्र गोवर्धन पूजा के उल्लास और खुशियों में डूबा हुआ था, उसी रात दर्दनाक सड़क हादसे ने चारामा नगर के दो परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। नगर के भाटापारा निवासी 22 वर्षीय शेष देवांगन और 22 वर्षीय रामपाल चक्रधारी आपस में अच्छे दोस्त थे। दोनों गोवर्धन पूजा के अवसर पर ग्राम जैसाकर्रा में आयोजित कार्यक्रम देखने के लिए मोटरसाइकिल से पहुंचे थे।

दोस्तों की जोड़ी टूटी, परिवारों में पसरा मातम

गोवर्धन पूजा के अवसर पर घर से हंसी-खुशी निकले दोनों जिगरी दोस्तों की एक साथ मौत ने पूरे चारामा नगर को झकझोर कर रख दिया। दोनों परिवारों के लिए यह त्योहार जीवनभर न भूलने वाला दर्द दे गया। जिस घर में त्योहार की तैयारियां और खुशियों का माहौल था, वहां अचानक मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के लोग भी इस हृदयविदारक घटना से स्तब्ध हैं। चारामा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने दोनों युवकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

रायपुर के होटल कारोबारी पर जुर्म दर्ज

टेंडर दिलाने, ट्रांसपोर्टर से 15 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

टेंडर दिलाने के नाम पर ट्रांसपोर्टर से 15 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। सक्ती पुलिस ने रायपुर के होटल कारोबारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार साल 2022 में रायपुर के होटल कारोबारी दीपक टंडन ने शासन-प्रशासन में अपने अच्छे संबंध और प्रभावशाली लोगों से संपर्क होने का हवाला देकर कोयला ट्रांसपोर्टिंग का बड़ा टेंडर दिलाने के नाम पर प्रार्थी किशन शर्मा से करीब 15 लाख रुपए ले लिए। गारंटी के तौर पर 4 लाख रुपए का एचडीएफसी बैंक का चेक भी दिया गया। काम नहीं मिलने पर जब किशन ने पैसे की मांग की, तो टालमटोल किया गया।

पहचान और पहुंच का दिया हवाला

आरोपी ने उच्च अधिकारियों से अपनी पहचान और पहुंच होने का हवाला देते हुए टेंडर दिलाने का आश्वासन दिया। उसके झांसे में आकर किशन शर्मा ने चेक के माध्यम से कुल 15 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। दीपक टंडन ने गारंटी के तौर पर एचडीएफसी बैंक का 4 लाख रुपये का चेक और एक ब्लैंक चेक दिया था। बाद में बैंक से चेक और खाते के संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि खाता कई साल पहले ही बंद हो चुका था। इसके बाद पुलिस से शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया।

पीएम कराकर परिजनों को सौंपे शव

पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिए गए।

पुलिस कर रही जांच : एएसपी

इस संबंध में एएसपी पंकज पटेल का कहना है कि टेंडर दिलाने के नाम पर ट्रांसपोर्टर से 15 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

गोवर्धन पूजा पर निभाई अस्था और विश्वास की सैकड़ों साल पुरानी अनूठी परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

ग्राम मैनपुर कला में बुधवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर सैकड़ों वर्षों से चली आ रही आस्था और लोक परंपरा निभाई गई। इस अनूठी परंपरा के तहत गाय के गोबर से निर्मित भव्य गोवर्धन पर्वत के सामने जमीन पर बैठे देव सवार सिरहा के ऊपर से गांव भर के सैकड़ों गौवंश दौड़ते हुए और उन्हें रौंदते हुए निकल गए। देखने वालों की सांसें थमा देने वाले इस दृश्य में सबसे आश्चर्यजनक बात यह रही कि भारी–भरकम गौवंश के पैरों तले रौंदे जाने के बावजूद सिरहा के शरीर पर एक खरोंच तक नहीं आई। ग्रामीण इसे साक्षात दैवीय शक्ति का चमत्कार मानते हैं। गोवर्धन पूजा के यहां के परम्परा अनुसार आज एक दिन बाद बुधवार को विधि–विधान के साथ निभाई गई। गांव में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत तैयार किया गया। इसके



पश्चात पूजा–अर्चना कर गांव के प्रमुख सिरहा को गोवर्धन पर्वत के सामने बैठाया गया। ग्रामीणों की मान्यता है कि इन सिरहा के शरीर पर देवी सवार होते हैं। यह परंपरा उनके दादा–परदादा के समय से पीढ़ी–दर–पीढ़ी चली आ रही है। इस वर्ष भी जैसे ही गौवंश का झुंड छोड़ा गया, वे सीधे सिरहा के ऊपर से गुजरते हुए आगे बढ़ गए। क्षेत्र के वरिष्ठ लोगों ने बताया कि बाहर से देखने में यह प्रक्रिया बेहद खतरनाक और रोंगटे खड़े कर देने वाली लगती है, लेकिन माता और देव की कृपा से आज तक किसी भी सिरहा को कोई चोट नहीं आई है।

1921 के राजस्व रिकॉर्ड से भी पुरानी है यह परंपरा

गांव के वरिष्ठजनों के अनुसार, सरकारी राजस्व रिकॉर्ड में मैनपुर कला गांव का उल्लेख वर्ष 1921 से दर्ज है, लेकिन यह लोक परंपरा उससे भी कई सौ साल पहले से निरंतर निभाई जा रही है। बुजुर्गों ने बताया कि पहले इस आयोजन में 200 से भी अधिक गौवंश शामिल हुआ करते थे, इस ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन के दौरान गांव में भव्य मेले जैसा माहौल रहा। इस अनूठी परंपरा पर ग्रामीणों की अटूट आस्था जुड़ी हुई है। गौवंश द्वारा सिरहा और गोवर्धन पर्वत को रौंदने की रस्म पूरी होने के बाद, ग्रामीण उस गोबर को प्रसाद और औषधि के रूप में अपने घरों में ले जाते हैं। इस गोबर को घर के मुख्य द्वार पर लगाया जाता है। परिवार के सभी सदस्य इसका तिलक अपने माथे पर लगाते हैं।

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"

(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/जीएम/दीपका क्षेत्र/2026-27/257 दिनांक 03.11.2026

सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल दीपका क्षेत्रांतर्गत दीपका विस्तार परियोजना हेतु ग्राम हरदीबाजार के 133.728 हे. की भूमि का अर्जन सी.बी.ए एक्ट के द्वारा किया गया है जिसमे लागू सी.आइ.एल(आर.एण्ड.आर) पॉलिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा के) कान्सेप्ट के आधार पर 147 भू-स्वामियों/आश्रितों की रोजगार हेतु पात्रता बनती है। जिसमे से 10 भू-स्वामी/ आश्रितों द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है। प्रस्ताव मे प्रभावित खातेदार /नामित आश्रित द्वारा संलग्न भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजो मे भिन्नता पाई गयी है। विवरण निम्नानुसार है –

क्र	भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम							नामंतरण पंजी/ फौती नामंतरण	खाता नं / अर्जित खसरा नं	कुल अर्जित भूमि का रकबा		आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम व् जन्म तिथि	आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि	अन्य (विभिन्न दस्तावेजो में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) आधार कार्ड के अनुसार
	पत्रक V एवं VI के अनुसार	बी 1 (2009-10)	पी-II (2004-05) / (2009-10)	बी1 (2019-20)	पी-II (2020-21)	घटते क्रम की सूची के अनुसार	मुआवजा प्राप्ति रसीद के अनुसार			हे. में	एकड़ में			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	उमेश,महेश , गणेश, राजकुमार पिता सरजू , फूलबाई बेवा सरजू	उमेश,महेश, गणेश, राजकुमार पिता सरजू	उमेश,महेश, गणेश, राजकुमार पिता सरजू ,फूलबाई बेवा सरजू	उमेश,महेश, गनेश पिता सरजू, फूलबाई बेवा सरजू	उमेश,महेश, गनेश, पिता सरजू, फूलबाई बेवा सरजू	उमेश,महेश, गणेश, राजकुमार पिता सरजू ,फूलबाई बेवा सरजू	उमेश कुमार यादव पिता सरजू प्रसाद यादव	उमेश, महेश, गणेश पिता सरजू, फूलबाई बेवा सरजू	107/1 113/1 119 146/1 146/5 146/8 131/1 कुल	0.024 0.093 0.085 0.073 0.182 0.081 0.040 0.578	0.06 0.23 0.21 0.18 0.45 0.20 0.10 1.43	1.आधार कार्ड- नरेंद्र कुमार पिता महेश कुमार यादव 2. निवास प्रमाण-नरेंद्र कुमार पिता महेश राम 3.जातिप्रमाण- नरेंद्र कुमार पिता महेश राम 4.वंश वृक्ष- नरेंद्र कुमार पिता महेश 5. शैक्षणिक प्रमाण- Narendra kumar S/o Mahesh ram 6. रोजगार पंजीयन- Narendra kumar S/o Mahesh kumar yadav	नरेंद्र कुमार पिता महेश राम जन्मतिथि- 30.04.1994 (दशवी अंकसूची के अनुसार)	नरेंद्र कुमार पिता महेश कुमार यादव
उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम उमेश,महेश,गणेश,राजकुमार पिता सरजू ,फूलबाई बेवा सरजू तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति नरेंद्र कुमार पिता महेश कुमार यादव पढ़ा एवं समझा जावे।														
क्र	भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम							नामंतरण पंजी/ फौती नामंतरण	खाता नं / अर्जित खसरा नं	कुल अर्जित भूमि का रकबा		आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम व् जन्म तिथि	आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि	अन्य (विभिन्न दस्तावेजो में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) आधार कार्ड के अनुसार
	पत्रक V एवं VI के अनुसार	बी 1 (2009-10)	पी-II (2009,10)	बी1 (2019,20)	पी-II (2020,21)	घटते क्रम की सूची के अनुसार	मुआवजा प्राप्ति रसीद के अनुसार			हे. में	एकड़ में			
1	2	3	4	5	6	7	7	9	10	11	12	13	14	15
1	श्यामबाई पति बोधराम	श्यामबाई पति बोधराम	श्यामबाई पति बोधराम	श्यामबाई पति बोधराम	श्यामबाई पति बोधराम	श्याम बाई पति बोधराम	श्यामबाई कंवर पति बोधराम कंवर		254/7	0.243	0.60	1.आधार कार्ड-तरुण कुमार पिता घूर सिंह 2. निवास प्रमाण- तरुण कुमार पिता घूर सिंह 3. जातिप्रमाण- तरुण कुमार पिता घूर सिंह 4. वंश वृक्ष- तरुण कुमार माता गिरजा बाई 5. शैक्षणिक प्रमाण-तरुण कुमार पिता घूर सिंह 6. रोजगार पंजीयन-Tarun Kumar S/o Ghoor Singh	तरुण कुमार पिता घूर सिंह /माता गिरजा बाई 2. जन्मतिथि- 26.05.1992 (दशवी अंकसूची के अनुसार)	तरुण कुमार पिता घूर सिंह /माता गिरजा बाई
उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम श्यामबाई पति बोधराम तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति तरुण कुमार पिता घूर सिंह पढ़ा एवं समझा जावे।														
1	रमेश पिता हिन्छाराम	रमेश कुमार पिता हिन्छाराम	रमेश पिता हिन्छाराम	रमेश पिता हिन्छाराम	रमेश पिता हिन्छाराम	रमेश पिता हिन्छाराम	रमेश कुमार यादव पिता हिन्छाराम यादव		131/3 146/3 146/6 कुल	0.040 0.085 0.113 0.238	0.10 0.21 0.28 0.59	1.आधार कार्ड-सृष्टि यादव पिता रमेश यादव 2. निवास प्रमाण- सृष्टि यादव पिता रमेश कुमार यादव 3. जातिप्रमाण- सृष्टि यादव पिता रमेश कुमार यादव 4. वंश वृक्ष- सृष्टि यादव पिता रमेश कुमार यादव 5. शैक्षणिक प्रमाण- SHRISHTI YADAV D/O RAMESH KUMAR YADAV 6. रोजगार पंजीयन- SHRISHTI YADAV D/O RAMESH KUMAR YADAV	सृष्टि यादव पिता रमेश कुमार यादव 2. जन्मतिथि- 30.01.2001 (दशवी अंकसूची के अनुसार)	सृष्टि यादव पिता रमेश कुमार यादव
उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम रमेश पिता हिन्छाराम तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति सृष्टि यादव पिता रमेश कुमार यादव पढ़ा एवं समझा जावे।														
क्र	भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम							नामंतरण पंजी/ फौती नामंतरण	खाता नं / अर्जित खसरा नं	कुल अर्जित भूमि का रकबा		आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम व् जन्म तिथि	आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि	अन्य (विभिन्न दस्तावेजो में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) आधार कार्ड के अनुसार
	पत्रक V एवं VI के अनुसार	बी1 (2004-05)	पी-II (2004-05)	बी1 2022-23	पी-II 2022-23	घटते क्रम की सूची के अनुसार	मुआवजा प्राप्ति रसीद के अनुसार			(हे.) में	(एकड़)में			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	जनीराम पिता सुंदर	जनीराम पिता सुंदर	जनीराम पिता सुंदर	जनीराम पिता सुंदर	जनीराम पिता सुंदर	जनीराम पिता सुंदर	Jani Ram Patel S/o Sunder Lal Patel		105/4 185/4 185/5 185/9 कुल	0.283 0.121 0.101 0.304 0.809	0.70 0.30 0.25 0.75 2.00	1. आधार कार्ड- संजू कुमार पिता जनी राम 2. निवास प्रमाण- संजू कुमार पिता जनी राम 3.जातिप्रमाण- संजू कुमार पिता जनी राम 4. वंश वृक्ष- संजू कुमार पिता जनीराम 5. शैक्षणिक प्रमाण- Sanjoo Kumar S/o Jani Ram 6. रोजगार पंजीयन Sanjoo Kumar S/o Jani Ram	संजू कुमार पिता जनीराम जन्मतिथि- 30.03.1996 (दशवी अंकसूची के अनुसार)	संजू कुमार पिता जनी राम
उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम जनीराम पिता सुंदर तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति संजू कुमार पिता जनीराम पढ़ा एवं समझा जावे।														
क्र	भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम							नामंतरण पंजी/ फौती नामंतरण	खाता नं / अर्जित खसरा नं	कुल अर्जित भूमि का रकबा		आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम व् जन्म तिथि	आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि	अन्य (विभिन्न दस्तावेजो में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) आधार कार्ड के अनुसार
	पत्रक V एवं VI के अनुसार	बी1 (2002-03)	पी-II (2002-03)	बी1 (2020-21)	पी-II (2026)	घटते क्रम की सूची के अनुसार	मुआवजा प्राप्ति रसीद के अनुसार			हे. में	एकड़ में			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	चन्द्रकुमार पिता गौरीशंकर	चन्द्रकुमार पिता गौरीशंकर	चन्द्रकुमार पिता गौरीशंकर राठौर	चन्द्र कुमार पिता गौरी शंकर	चन्द्र कुमार पिता गौरी शंकर जाति -तेली	चन्द्रकुमार पिता गौरीशंकर	चन्द्रकुमार राठौर पिता गौरीशंकर राठौर		45/1 187/5 200/1 246/3 247/1 कुल	0.081 0.004 0.364 0.032 0.024 0.505	0.20 0.01 0.90 0.08 0.06 1.25	1.आधार कार्ड-संजय कुमार राठौर पिता चन्द्र कुमार राठौर 2.निवास प्रमाण-संजय कुमार राठौरपिता चन्द्र कुमार राठौर 3.जातिप्रमाण- संजय कुमार राठौर पिता चन्द्र कुमार राठौर 4. वंश वृक्ष- संजय कुमार पिता चन्द्रकुमार राठौर 5. शैक्षणिक प्रमाण- संजय कुमार राठौर पिता चन्द्र कुमार राठौर 6. रोजगार पंजीयन- Sanjay Kumar Rathore S/o Chandra Kumar Rathore	संजय कुमार राठौर पिता चन्द्र कुमार राठौर जन्मतिथि- 08.06.1981 (दशवी अंकसूची के अनुसार)	संजय कुमार राठौर पिता चन्द्रकुमार राठौर
उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम चन्द्रकुमार पिता स्व.गौरीशंकर तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति संजय कुमार राठौर पिता चन्द्रकुमार राठौर पढ़ा एवं समझा जावे।														
क्र	भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम							नामंतरण पंजी/ फौती नामंतरण	खाता नं / अर्जित खसरा नं	कुल अर्जित भूमि का रकबा		आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम व् जन्म तिथि	आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि	अन्य (विभिन्न दस्तावेजो में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) आधार कार्ड के अनुसार
	पत्रक V एवं VI के अनुसार	बी1 (2004-05)	पी-II (2004-05)	बी1 (2019-20)	पी-II (2020-21)	घटते क्रम की सूची के अनुसार	मुआवजा प्राप्ति रसीद के अनुसार			हे. में	एकड़ में			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	कृष्ण कुमार पिता बिहारी लाल	कृष्णकुमारी पिता बिहारी लाल	कृष्णकुमार पिता बिहारी लाल	कृष्ण कुमार पिता बिहारी लाल	कृष्ण कुमार पिता बिहारी लाल	कृष्ण कुमार पिता बिहारी लाल	कृष्ण कुमार पटेल पिता बिहारी लाल		99/1	0.315	0.78	1. आधार कार्ड- रामेश्वर पटेल पिता कृष्ण कुमार 2. निवास प्रमाण- रामेश्वर पटेल पिता कृष्ण कुमार पटेल 3.जाति प्रमाण- रामेश्वर पटेल पिता कृष्ण कुमार पटेल 4. वंश वृक्ष-रामेश्वर पटेल पिता कृष्ण कुमार पटेल 5. शैक्षणिक प्रमाण- Rameshwar Patel S/o Krishna Kumar 6. रोजगार पंजीयन- Rameshwar Patel S/o Krishna Kumar	रामेश्वर पटेल पिता कृष्ण कुमार जन्मतिथि- 23.02.2004 (दशवी अंकसूची के अनुसार)	रामेश्वर पटेल पिता कृष्ण कुमार पटेल
उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम कृष्ण कुमार पिता बिहारी लाल तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति रामेश्वर पटेल पिता कृष्ण कुमार पटेल पढ़ा एवं समझा जावे।														
1	दिलीप कुमार पिता मदनलाल	ना.बा. दिलीप कुमार पिता मदनलाल	ना.बा. दिलीप कुमार/दिलीप कुमार पिता मदनलाल	दिलीप कुमार पिता मदनलाल	दिलीप कुमार पिता मदनलाल	दिलीप कुमार पिता मदनलाल	दिलीप कुमार राठौर पिता मदनलाल		218/8, 322/3 कुल	0.024 0.226 0.250	0.06 0.56 0.62	1.आधार कार्ड-दिलीप कुमार राठौर पिता मदनलाल राठौर 2. निवास प्रमाण- दिलीप कुमार राठौर पिता मदन लाल राठौर 3.जातिप्रमाण- दिलीप कुमार पिता मदनलाल 4. वंश वृक्ष- दिलीप कुमार पिता मदनलाल 5. शैक्षणिक प्रमाण- Dilip kumar rathore S/o Madan lal rathore. 6. रोजगार पंजीयन- Dilip kumar rathore S/o Madan lal rathore.	दिलीप कुमार राठौर पिता मदनलाल राठौर जन्मतिथि-16.061989 (दशवी अंकसूची के अनुसार)	दिलीप कुमार राठौर पिता मदनलाल राठौर
उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम दिलीप कुमार राठौर पिता मदनलाल राठौर तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति दिलीप कुमार राठौर पिता मदनलाल राठौर पढ़ा एवं समझा जावे।														
क्र	भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम							नामंतरण पंजी/ फौती नामंतरण	खाता नं / अर्जित खसरा नं	कुल अर्जित भूमि का रकबा		आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम व् जन्म तिथि	आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि	अन्य (विभिन्न दस्तावेजो में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) आधार कार्ड के अनुसार
	पत्रक V एवं VI के अनुसार	बी1 (2004-05)	पी-II (2004-05) /(2009-10)	बी1 2019-20	पी-II 2026	घटते क्रम की सूची के अनुसार	मुआवजा प्राप्ति रसीद के अनुसार			हे. में	एकड़ में			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	ना.बा. आनंद कुमार पिता मदनलाल	ना.बा.आनंद कुमार पिता मदनलाल	ना.बा.आनंद कुमार पिता मदनलाल/ आनंद कुमार पिता मदनलाल	आनंद कुमार पिता मदनलाल	आनंद कुमार पिता मदनलाल	आनंद कुमार पिता मदनलाल	आनंद कुमार राठौर पिता मदनलाल राठौर		218/5 322/1 कुल	0.024 0.222 0.246	0.06 0.55 0.61	1. आधार कार्ड- आनंद कुमार राठौर पिता मदनलाल राठौर 2. निवास प्रमाण-आनंद कुमार राठौर पिता मदनलाल राठौर 3.जातिप्रमाण- आनंद कुमार पिता मदनलाल 4. वंश वृक्ष- आनंद कुमार पिता मदनलाल 5. शैक्षणिक प्रमाण- Anand kumar rathore S/o Madan lal rathore 6. रोजगार पंजीयन- Anand kumar rathore S/o Madan lal rathore	आनंद कुमार राठौर पिता मदनलाल राठौर जन्मतिथि- 08.05.1984 (दशवी अंकसूची के अनुसार)	आनंद कुमार राठौर पिता मदनलाल राठौर
उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम आनंद कुमार राठौर पिता मदनलाल राठौर तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति आनंद कुमार राठौर पिता मदनलाल राठौर पढ़ा एवं समझा जावे।														
क्र	भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम							नामंतरण पंजी/ फौती नामंतरण	खाता नं / अर्जित खसरा नं	कुल अर्जित भूमि का रकबा		आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम व् जन्म तिथि	आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि	अन्य (विभिन्न दस्तावेजो में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) आधार कार्ड के अनुसार
	पत्रक V एवं VI के अनुसार	बी1 (2009-10)	पी- II (2009-10)	बी1 (2026)	पी-II (2026)	घटते क्रम की सूची के अनुसार	मुआवजा प्राप्ति रसीद के अनुसार			हे. में	एकड़ में			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	लक्ष्मी प्रसाद पिता बैजूराम	लक्ष्मी प्रसाद पिता बैजूराम	लक्ष्मी प्रसाद पिता बैजूराम	लक्ष्मी प्रसाद पिता बैजूराम	लक्ष्मी प्रसाद पिता बैजूराम	लक्ष्मी प्रसाद पिता बैजूराम	लक्ष्मी प्रसाद राठौर पिता बैजू राम राठौर		278 279 कुल	0.158 0.077 0.235	0.39 0.19 0.58	1. आधार कार्ड-कैलाश राठौर पिता लक्ष्मी प्रसाद राठौर 2. निवास प्रमाण- कैलाश राठौर पिता लक्ष्मी प्रसाद राठौर 3.जातिप्रमाण- कैलाश राठौर पिता लक्ष्मी प्रसाद राठौर 4. वंश वृक्ष- कैलाश राठौर पिता लक्ष्मी प्रसाद 5. शैक्षणिक प्रमाण- Kailash rathore S/o Laxmi prasad. 6. रोजगार पंजीयन- Kailash rathore S/o Laxmi prasad.	कैलाश राठौर पिता लक्ष्मी प्रसाद जन्मतिथि- 30.06.1991 (दशवी अंकसूची के अनुसार)	कैलाश राठौर पिता लक्ष्मी प्रसाद राठौर
उपरोक्तानुसार खातेदार का नाम लक्ष्मी प्रसाद पिता बैजूराम तथा रोजगार हेतु नामित व्यक्ति कैलाश राठौर पिता लक्ष्मी प्रसाद राठौर पढ़ा एवं समझा जावे।														
क्र	भूमि दस्तावेज के अनुसार भू-स्वामी का नाम एवं पिता का नाम							नामंतरण पंजी/ फौती नामंतरण	खाता नं / अर्जित खसरा नं	कुल अर्जित भूमि का रकबा		आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम व् जन्म तिथि	आवेदन के साथ प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार रोजगार हेतु नामित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि	अन्य (विभिन्न दस्तावेजो में खातेदार का नाम एवं अन्य विसंगति) आधार कार्ड के अनुसार
	पत्रक V एवं VI के अनुसार	बी 1 (2004 -05)	पी-II (2004,05)	बी1 2019,20	पी- II 2026	घटते क्रम की सूची के अनुसार	मुआवजा प्राप्ति रसीद के अनुसार			हे. में	एकड़ में			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	देवनारायण पिता प्रहलाद	देवनारायण पिता प्रहलाद	देवनारायण पिता प्रहलाद	देवनारायण पिता प्रहलाद	देवनारायण पिता प्रहलाद	देवनारायण पिता प्रहलाद	डी.एन.राठौर पिता प्रहलाद		58/2, 65/5, 65/6	0.328	0.81	1. आधार कार्ड-प्रतीक राठौर पिता नरेन्द्र कुमार राठौर 2. निवास प्रमाण- प्रतीक राठौर पिता नरेन्द्र कुमार राठौर 3.जातिप्रमाण- प्रतीक राठौर पिता नरेन्द्र कुमार राठौर 4. वंश वृक्ष- प्रतीक राठौर पिता नरेन्द्र कुमार राठौर 5. शैक्ष



मातृभूमि का ट्रेलर रिलीज, एक्शन अवतार में नजर आए सलमान

नई दिल्ली। सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में सलमान खान एक्शन अवतार में नजर आए हैं। लगभग साढ़े चार मिनट के ट्रेलर की शुरुआत चाइनीज सैनिकों को दिखाने से होती है। वह आपस में भारतीय सेना के बारे में बात करते हैं। इसके बाद ट्रेलर में भारतीय और चाइनीज सैनिकों को लड़ते हुए दिखाया जाता है। ट्रेलर में आगे दिखाया जाता है कि कैसे सैनिक अपने परिवार से विदा लेकर बॉर्डर पर जाते हैं। ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि भारत और चीन के बीच तनाव की स्थिति है। दोनों देशों के सैनिकों के बीच भी तनातनी का माहौल बनता है।

लाइफ Style

अनुष्का

'जब सूरज मेरे चेहरे को चूमता है'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

24 साल की अभिनेत्री अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह अपने फैंस को अपनी जिंदगी से जुड़ी हर अपडेट देती रहती हैं। कई बार अभिनेत्री विदेश में अपने टूर की और अपने माता-पिता के साथ तस्वीरें साझा करती हैं।

हाल ही में उन्हेंने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। अनुष्का सेन ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि उन्होंने सूरज की रोशनी में खूबसूरत पोज दिए हैं। अभिनेत्री ने ब्लैक स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहना है। अभिनेत्री ने ऊपर से मरून दुपट्टा डाला है। उन्होंने अपने लुक को ब्लैक सनग्लासेस से पूरा किया है। अभिनेत्री अनुष्का सेन ने अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'जब सूरज मेरे चेहरे को चूमता है।' अभिनेत्री की पोस्ट को कई यूजर्स ने लाइक किया है और कई फैंस ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा 'अन्नू के लिए लाल रंग।' एक और यूजर ने लिखा 'चमकता हुआ खूबसूरत चेहरा।' एक और यूजर ने मजाक में लिखा 'कोई पुलिस को बुलाओ। इतना खूबसूरत दिखना अपराध है।' 4 अगस्त 2002 को जन्मीं अनुष्का सेन झारखंड के रांची से ताल्लुक रखती हैं। बचपन में ही वह अपने माता-पिता के साथ मुंबई में बस गईं। वह बालवीर, झांसी की रानी, फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 11, और दिल दोस्ती डिलेमा के लिए मशहूर हैं। अभिनेत्री को साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एम आई नेक्स्ट' में देखा गया था। इसमें उन्होंने हनी नाम की 14 साल की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया था, जिसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म हुआ और वह गर्भवती हो गई।



हॉलीवुड मसाला



थिएटर, फिल्म और टीवी में किया काम

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर स्टेसी कीच का मंगलवार को 85 साल की उम्र में निधन हो गया। स्टेसी कीच 2 जून 1941 को जॉर्जिया के सवाना में पैदा हुए थे। उन्होंने थिएटर, फिल्म और टीवी तीनों में लगभग छह दशक काम किया। शेक्सपियर के नाटकों में उनकी भूमिकाओं को खास पहचान मिली। 1970 में 'इंडियंस' नाटक के लिए उन्हें टोनी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट भी किया गया था। टीवी पर उन्हें सबसे ज्यादा पहचान जासूस माइक हैमर के किरदार से मिली। 1980 के दशक में 'मिकी स्पिलाने'स माइक हैमर' और बाद की सीरीज में उन्होंने यह रोल निभाया।

हैरी पॉटर की ओटीटी रिलीज डेट का ऐलान

नई दिल्ली। फिल्मों के बाद अब हैरी पॉटर टीवी सीरीज के रूप में फिर से वापसी कर रहा है। इस बार नई स्टार कास्ट हॉगवर्ट्स की दुनिया में जादू करती हुई दिखाई देगी। जब से हैरी पॉटर की टीवी सीरीज का ऐलान हुआ है, तभी से लोग इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। अब आखिरकार हैरी पॉटर टीवी सीरीज का ऐलान हो गया है। हैरी पॉटर की अनाउंसमेंट 2023 में ही हो गई थी। तीन साल से दर्शक फिर से हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को देखने के लिए बेताब थे। हैरी पॉटर टीवी सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। यह क्रिसमस के दिन यानी 25 दिसंबर को ओटीटी पर एक सरप्राइज पैकेज बनकर आने वाली है। इसके अलावा हॉगवर्ट्स के प्रिंसिपल अल्बस डंबलडोर के रूप में जॉन लिथगो, प्रोफेसर मैकगोनागल के रूप में जेनेट मैकटीर, प्रोफेसर स्नेप के रूप में पापा एस्सीडू, हैग्रिड के रूप में निक फ्रॉस्ट, प्रोफेसर क्विरेल के रूप में ल्यूक थैलन, आर्गस फिल्च के रूप में पॉल व्हाइटहाउस नजर आएंगे।





'गनमास्टर जी9' का दमदार ट्रेलर जारी

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी के फैंस को उनकी फिल्म 'गनमास्टर जी9' का बेसब्री से इंतजार है। 11 नवंबर को इस फिल्म का ट्रेलर वीडियो रिलीज हो गया है, जिसमें उनके साथ जेनेलिया देशमुख और अपारशक्ति खुराना भी नजर आ रहे हैं।। 'गनमास्टर जी9' 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आदित्य दत्त ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार लग रहा है। मेकर्स ने जो ट्रेलर वीडियो जारी किया है वो 2 मिनट 41 सेकेंड का है, जिसकी शुरुआत इमरान के एक दमदार डायलॉग से होती है। वो कहते हैं, 'पुजारी अपना तिलक, मियां भाई अपना ईमान और हम अपने इश्क को सिर पर सजाकर रखते हैं। पर एक दिन किसी ने उन्हें कदमों पर गिराकर रौंद डाला। उसके बाद आगे जेनेलिया संग उनकी केमिस्ट्री दिखाई जाती है।



कंगुआ के फ्लॉप के बाद जबरदस्त कमबैक

मुंबई। साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म कंगुवा जब फ्लॉप हुई थी तो एक्टर को बड़ा शॉक लगा था। सीन फिल्म के साथ ही सूर्या की बैक-टू-बैक 4 फिल्में सुपरहिट साबित हुई हैं। रणबीर कपूर की रामायण के सामने भी सूर्या की सीन फिल्म ने बढ़िया कलेक्शन कर के दिखाया। इस फिल्म ने रिलीज के 5 दिन में दुनियाभर में 175 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। इसके पहले सूर्या ने कंगुवा के बाद बॉक्स ऑफिस पर जोरदार वापसी की। उनकी फिल्म रेट्रो 60 करोड़ के बजट में 250 करोड़ का कलेक्शन करने में सफल रही थी। इसके बाद सूर्या की कुरुप्पु ने भी 130 करोड़ के बजट में 360 करोड़ रुपए की कमाई की और बजट से दुगना कमाते हुए सुपरहिट साबित हुई। वहीं, साल 2026 की ही शुरुआत में आई विश्वनाथ एंड सन्स फिल्म ने भी खूब पैसे कमाए।

INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA
DEPARTMENT OF AGRI-BUSINESS & RURAL MANAGEMENT (DAB&RM)
COLLEGE OF AGRICULTURE, RAIPUR (C.G.)
www.igkv.ac.in email: hoddabrm@gmail.com

WALK-IN-INTERVIEW

One contractual position of Guest Teacher in the discipline of Agri-Business Management is intended to be filled up in the Department of Agri-Business & Rural Management, College of Agriculture, IGKV, Raipur. Interested candidates must report on 25/11/2026 at 11:00 AM in the College of Agriculture, Krishak Nagar, Raipur. Application window for the above post is open from 12/11/2026 to 20/11/2026 midnight. For more details, log on to www.igkv.ac.in

Professor & Head
DAB&RM, CoA, Raipur

S- 49760/1

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ0ग0)

क्रमांक 3820 न.पा.नि./ 2026 रायगढ़ दिनाँक 11/11/26

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	203795	नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रान्तर्गत कोसाबाड़ी केन्द्र के पास ऑक्सीजोन निर्माण कार्य। (05 वर्ष के संधारण सहित) (चतुर्थ निविदा)	933.41	23.11.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़

मराठी फिल्म गोंधल के बाद 99वें एकेडमी अवॉर्ड के लिए भेजी गई 'रामायणम'

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायणः पार्ट 1' लगातार बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अब 99वें एकेडमी अवॉर्ड यानी ऑस्कर की रेस में शामिल हो गई है। फिल्म के मेकर्स ने इसे ऑस्कर कमिटी के पास एंट्री के लिए भेजा है। खास बात यह है कि इसी साल मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर की इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर चुना गया है। फिल्म के मेकर्स ने फिल्म को ऑस्कर के विचार के लिए भेजा है, हालांकि इसकी कैटेगरी अभी साफ नहीं हैं। ऑस्कर के नियम ऐसे हैं कि भारत की ऑफिशियल एंट्री चुने जाने के बाद भी दूसरी भारतीय फिल्में अलग-अलग कैटेगरी में अपनी दावेदारी पेश कर सकती हैं। यानी जरूरी नहीं कि किसी देश की सिर्फ एक ही फिल्म ऑस्कर तक पहुंच पाए। योग्य फिल्में एकेडमी के नियमों को पूरा करके दूसरी कैटेगरी में भी आवेदन कर सकती हैं। ऑस्कर की दूसरी मुख्य कैटेगरी में जगह बनाने के लिए फिल्मों को एकेडमी के कुछ जरूरी नियम पूरे करने होते हैं।



इनमें सबसे अहम नियम है कि फिल्म को अमेरिका के किसी तय शहर के सिनेमाघरों में लगातार कम से कम 7 दिनों तक दिखाया जाना चाहिए। इन शहरों में लॉस एंजिल्स, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, डलास-फोर्ट वर्थ और अटलांटा शामिल हैं। इसके बाद फिल्म के मेकर्स या डिस्ट्रीब्यूटर को एकेडमी के पास जरूरी फॉर्म और फिल्म से जुड़ी जानकारी जमा करनी होती है। अगर फिल्म सभी शर्तें पूरी करती है, तो उसे संबंधित कैटेगरी में ऑस्कर के लिए शामिल किया जा सकता है। यही वजह है कि 'रामायणः पार्ट 1' भारत की ऑफिशियल एंट्री बने बिना भी **Oscars** की दूसरी मुख्य कैटेगरी में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर सकती है।

ऋतिक ने वैश्विक स्तर के कार्यक्रम में छोड़ी भारत की छाप, बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। लॉस एंजिल्स में आयोजित '2026 लैक्मे आर्ट + फिल्म गाला' में बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन स्टाइलिश अंदाज में नजर आए। इस मशहूर कार्यक्रम में शामिल होने वाले वह पहले भारतीय अभिनेता बने, जिससे एक नया रिकॉर्ड बन गया है। इस इवेंट में हॉलीवुड, संगीत और फैशन जगत की कई बड़ी हस्तियां मौजूद थीं। ऋतिक के साथ काइली जेनर, किम कार्दशियन और निकोल किडमैन जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियां भी शामिल थीं। इस कार्यक्रम में ऋतिक की मौजूदगी भारतीय प्रतिनिधित्व के लिहाज से एक अहम पल रही। इस मौके पर ऋतिक रोशन ने एक शानदार, पूरी तरह से काले रंग का कस्टम-टेलर सूट पहना। उनका लुक सादा होने के बावजूद काफी स्टाइलिश था, जिसने रेड कार्पेट पर सबका ध्यान खींचा। '2026 लैक्मे आर्ट + फिल्म गाला' की सह-अध्यक्षता ऑस्कर विजेता अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो और लैक्मे की ट्रस्टी ईवा चाउ ने की। ये दोनों लगातार 15वें साल इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे थे। 2011 में इस गाला की शुरुआत के बाद से ही, वे हर साल इसके सह-अध्यक्ष रहे हैं।



एक्स हसबैंड जय का नाम घसीटने पर भड़कीं माही

नई दिल्ली। रिएलिटी शो 'बिग बॉस 20' का घर एक बार फिर विवादों और पर्सनल अटैक का अखाड़ा बन गया है। हाल ही में सामने आए शो के नए प्रोमो में टेलीविजन एक्ट्रेस माही विज और उनकी साथी कंटेस्टेंट लव गिल के बीच जोरदार कहासुनी और तीखी झड़प देखने को मिली। झगड़े के दौरान जैसे ही बात माही विज की पर्सनल लाइफ, शादी और उनके पति जय भानुशाली तक पहुंची, माही अपना आपा खो बैठीं। रोते-बिलखते हुए माही ने लव गिल को सख्त चेतावनी दी और साफ कहा कि वे उनकी शादीशुदा जिंदगी और पति का नाम बीच में न लाएं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756
Email : response.haribhoomi@gmail.com

Appointment आवश्यकता

टीचर

Requirement- A reputed school at Santoshi Nagar Raipur invites applications from qualified, experienced, candidates fluent in English for Vice Principal: Post Graduate + B.Ed / Bold personality with strong administrative skills, capable of managing school operations independently. HR Admin: MBA in HR / relevant discipline. Maths & S.St Teachers: Post Graduate / Graduate in relevant subjects with B.Ed. Email : rpsraipur123@gmail.com WhatsApp: 9425214413. (आरे-meet)

कैफे कार्य

आवश्यकता है- कैफे में कार्य करने हेतु लड़कों/लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। तुरंत जॉइन करें। संपर्क करें - 9975618165 / 9818048478. स्थान: रायपुर (आरे-21)

हरिभूमि क्लासीफाईड

गार्ड/ऑपरेटर/मार्केटिंग

अतिशीघ्र आवश्यकता है- 1.सुरक्षा गार्ड 28 वेतन 17000 2.कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 20000 3. मार्केटिंग ऑफिसर 4.वेतन 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालयः प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइलः - 7746000016, 7747000016.(आरे-815)

ड्रायवर

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर चाहिए। न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य। वेतन ₹15,000 मासिक। कार्य समयः सुबह 9 से रात 9 बजे। संपर्कः 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई (छ.ग.)। मो.- 9826708233.(आरे-0101)

आवश्यकता है- संतोषी नगर स्कूल हेतु आवश्यकता हैः ड्राइवरः ₹600 प्रति दिन आया बाईः ₹300 और ₹250 प्रति दिन इलेक्ट्रीशियन, फुल टाइम सिक्योरिटी गार्ड आवेदन हेतु तुरंत संपर्क करें या व्हाट्सएप करेंः 9329621221, 9425214413, 7828253335.(आरे-meet.)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

कुक

आवश्यकता है-साउथ इंडियन (केरल) परिवार हेतु घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए महिला चाहिए। आयु 30-55 वर्ष। कार्य समयः सुबह 8 से शाम 6 बजे तक। वेतनः ₹10,000 प्रतिमाह। स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। संपर्कः 9826708233. (आरे-0102)

हरिभूमि क्लासीफाईड
विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
COLOUR 20% Extra Charge For Bisphy
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL		
EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /-1 Sunday	800 /-1 Sunday
900 /-2 Sunday	1200 /-2 Sunday
1200/-3 Sunday	1500/-3 Sunday

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी राशि उधार, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वाद-विवाद पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लिये व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रॉसमिशन कम्पनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) CIN : U40108CT2003SGC015820 GSTIN No. 22AADCC5773E1ZX
कार्यालय-कार्यपालन अभियंता, उपकेन्द्र संभाग,राजनांदगांव
132 के.व्ही. उपकेंद्र परिसर, पार्रीनाला जी.ई. रोड, राजनांदगांव
Website:-www.cscb.gov.in.E-Mail-eessdurjn@gmail.com फैक्स/फोन नं.-07744-223011

क्रमांक: 52-33/उप.सं./राज./वाहन/992 राजनांदगॉव, दिनांक : 06.11.2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

- टाटा/महेन्द्रा (1.0-1.5 टन क्षमता) माल वाहक श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु -

कार्यपालन अभियन्ता (उपकेन्द्र संभाग) राजनांदगांव के उपकेन्द्रो के कार्यो के लिए वाहन चालक सहित एक नग टाटा/महेन्द्रा (1.0-1.5 टन क्षमता) माल वाहक श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (3 वर्ष) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है ।

क्रमांक	कार्य का विवरण	आवश्यक संख्या	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय
01.	कार्यपालन यंत्री उपकेन्द्र संभाग उपकेन्द्र संभाग, छ0ग0स्टे0पॉ0ट्रा0क0लि0, राजनांदगांव के अधिनस्त सहायक अभियंता 132 के.व्ही. उपकेंद्र डोंगरगढ़ के अंतर्गत आने वाले कार्य क्षेत्रों के कार्य के लिये 01 नग टाटा/महेन्द्रा पीकअप (क्षमता 1.0-1.5 टन) अथवा समकक्ष मालवाहक वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु	01 नग	दिनांक : 30.11.2026 समय : 05.00 बजे तक

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

कार्यपालन अभियंता

राष्ट्रहित एवं स्वहित में उर्जा बचाऐं उपकेन्द्र संभाग, छ0स्टे0पॉ0ट्रांस0क0लि0,राजनांदगांव

NAGAR PANCHAYAT TAMNAR, DISTRICT-RAIGARH
E-Procurement Tender Notice 1st Call
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in, UDD Portal: https://eproc.egstate.gov.in
SYSTEM TENDER NO:- NIT Ref. NO:328/NIT/TAMNAR/PWD/2026-27 TAMNAR Dated 11-11-2026
TAMNAR NAGAR PANCHAYAT invites Online Tenders for and on behalf of Chief Municipal Officer, NAGAR PANCHAYAT TAMNAR for Pre qualification and S.O.R. percentage rate tender in Form -A- through online from Eligible Class D & Above Contractors OF NAGAR PANCHAYAT TAMNAR, Chhattisgarh/ PWD Chhattisgarh/ Equivalent contractors of Central/State Government and their undertaking or Experienced reputed Firms for similar work on Go Cge-Procurement System (https://eproc.cgstate.gov.in)

S. No.	Name of work	NIT No. System Tender No.	Estimated cost (in Lacs)	Earnest Money Deposit	Time Period of Completion
1	एस.एल.आर.एम. सेंटर में प्रसंस्करण संयंत्र स्थापना कार्य (MRF)	Nit No 328 /System Tender No. 203768	53.70	Rs. 27000/-(OFLINE PEYMENT) & Tender Document Fee (Non refundable) of Rs. 10000/- Demand Draft	04 Months

CHIEF MUNICIPAL OFFICER NAGAR PANCHAYAT TAMNAR

जैकेट के शेष

होली जैसी दिवाली...पांच ....

को प्रदेश में सबसे ज्यादा 55.40 करोड़ रुपए की शराब बिकी। वहीं 8 और 9 नवंबर को भी बिक्री का आंकड़ा सवा सौ करोड़ रुपए से ऊपर रहा।

छत्तीसगढ़ चमका, बिल्हा ....

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा तथा संबंधित नगरीय निकाय के महापौरों एवं आयुक्तों ने राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण किया। इस उपलब्धि से राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के स्वच्छता संबंधी प्रयासों को नई पहचान मिली है। कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहे। तीन से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में उज्जैन सबसे स्वच्छ शहर रहा। इसके बाद चंडीगढ़ और गुंटूर का स्थान रहा। हालांकि, पिछले आठ वर्षों से सबसे स्वच्छ शहर का खिताब हासिल करने वाला इंदौर इस साल शीर्ष स्थानों में जगह नहीं बना पाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने यहां आयोजित एक समारोह में विजेता शहरों को पुरस्कार प्रदान किए। सबसे स्वच्छ नदी तट वाले शहरों की श्रेणी में मध्यप्रदेश के रीवा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि बिलासपुर दूसरे और वाराणसी तीसरे स्थान पर रहे। दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में ग्रेटर विशाखापत्तनम सबसे स्वच्छ शहर रहा। इसके बाद जबलपुर और लखनऊ का स्थान रहा। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अनुसार, स्वच्छ तटीय शहर श्रेणी में पुरी ने पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद केरलम के अलप्पुझा और महाराष्ट्र के रत्नागिरि का स्थान रहा। केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में रुद्रपुर सबसे स्वच्छ हिमालयी शहर रहा, जबकि जम्मू ने दूसरा स्थान हासिल किया।

दो बाइकों की ....

बनराका के निवासी थे। दुर्घटना में तीनों की मौत हो गई। वहीं, दूसरी मोटरसाइकिल पल्सर में सवार भावेश सिन्हा (20), निवासी नवघटा की भी हादसे में जान चली गई।
इसी बाइक में सवार तोमन मरावी (18) और भानुप्रताप सिंह (17), दोनों निवासी नवघटा, गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए थान खम्हरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ....

संभाग प्रभारी रामू रोहरा, जिला प्रभारी प्रशांत ठाकुर, जिला अध्यक्ष रायगढ़ अरुण धर दीवान, कोरबा जशपुर, सरगुजा जिले सहित अन्य जिलों के विधायक, जिला भाजपा अध्यक्ष एवं जिला भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

इतिहास को याद ....

उत्साह है। श्रीमती ईरानी ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्यक्रम की सफलता में जुट जाएं।

कार्यकर्ताओं की ...

जनजातीय गौरव दिवस समारोह को भव्य, ऐतिहासिक एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाए, ताकि दूर-दराज से आने वाले जनजातीय भाई-बहनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

एअर इंडिया के ....

बयान के अनुसार, एअर इंडिया की उड़ान के शौचालय में चालक दल के सदस्यों को पूर्वाह्न 10 बजकर 37 मिनट पर विमान के अपहरण की धमकी वाला नोट मिला। एअर इंडिया ने इस मामले में अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है।

अब बैंक नहीं ....

कहा कि सीजीएफएमयू के तहत राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के जरिए ऋण देने वाले संस्थानों को कर्ज चूक के जोखिम के खिलाफ ऋण गारंटी उपलब्ध कराई जाती है। यह कोष जनवरी, 2016 में शुरू किया गया था और इसने देश में मुद्रा योजना के तहत ऋण वितरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शुरू होने के बाद से सितंबर, 2026 तक ऋणदाता संस्थानों ने 60.36 करोड़ से अधिक ऋण मंजूर किए हैं। इनकी कुल राशि 43.34 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। सरकार ने कहा कि बिना कुछ गिरवी रखे ही मिलने वाले इन कर्जों से ऐसे नए उद्यमियों की पीढ़ी तैयार हुई है, जो पहले औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से कर्ज लेने में सक्षम नहीं थे। सीजीएफएमयू को जारी रखने से युवा उद्यमियों को अपना कारोबार शुरू करने और उसका विस्तार करने में मदद मिलेगी। यह कोष ऋण देने वाले संस्थानों को कुछ निर्धारित श्रेणियों के ऋण पर गारंटी उपलब्ध कराता है। इसमें मुद्रा योजना के तहत 20 लाख रुपए तक के ऋण, प्रधानमंत्री जनधन योजना के खातों पर 10,000 रुपए तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा और स्वयं सहायता समूहों के 10 लाख से 20 लाख रुपए तक के ऋण पोर्टफोलियो शामिल हैं।

घातक हो जाएगा नौसेना का आईएनएस बेतवा, सरकार ने की 500 करोड़ की डील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



रक्षा मंत्रालय ने 11 नवंबर 2026 को नई दिल्ली में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के साथ आईएनएस बेतवा के सामान्य रिफिट और री-पावरिंग का डील किया है। इस सौदे की कीमत 498.58 करोड़ रुपये है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हुए इस डील से भारतीय नौसेना के ब्रह्मपुत्र क्लास फ्रिगेट का बड़ा कायाकल्प होगा। जहाज के मौजूदा स्टीम आधारित प्रोपल्शन सिस्टम को हटाकर आधुनिक डीजल इंजन आधारित सिस्टम लगाया जाएगा। साथ ही आधुनिक हथियार सूट लगाकर लड़ाकू क्षमताओं को भी बढ़ाया जाएगा। इससे जहाज की परिचालन क्षमता और प्रभावशीलता काफी सुधरेगी। यह परियोजना जहाज मरम्मत और रखरखाव के क्षेत्र में स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करेगी। खासकर जटिल प्रोपल्शन सिस्टम बदलने और नौसैनिक प्लेटफॉर्म के आधुनिकीकरण जैसे कामों में. परियोजना में 50 से ज्यादा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई शामिल होंगे। इससे जहाज निर्माण और सहायक उद्योगों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यह कदम आत्मनिर्भर भारत विजन को मजबूत करेगा। साथ ही देश की स्वदेशी नौसैनिक जहाज मरम्मत क्षमताओं को और मजबूत बनाएगा। INS बेतवा जैसे पुराने प्लेटफॉर्म को नई तकनीक से लैस कर नौसेना अपनी तैयारियों को लंबे समय तक बनाए रख सकेगी। कुल मिलाकर यह अनुबंध नौसेना के बेड़े को आधुनिक बनाने और घरेलू उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

चढ़ावा चोरी पर कांग्रेस हुई आक्रामक

चोरी की जवाबदेही गिरफ्तार कर्मचारियों तक सीमित कैसे?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की कथित हेराफेरी और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस ने भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव एवं सांसद जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि मंदिर ट्रस्ट के गठन से लेकर निर्माण, चंदा संग्रह, चढ़ावे की गिनती और बैंक में धनराशि जमा कराने तक पूरी व्यवस्था में भाजपा, आरएसएस और विहिप से जुड़े लोगों का प्रभाव रहा है। ऐसे में मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी की जिम्मेदारी से इन संगठनों और उनसे जुड़े पदाधिकारियों को अलग नहीं किया जा सकता।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में सवाल उठाया कि यदि मंदिर की व्यवस्था में शीर्ष स्तर से लेकर निचले स्तर तक एक ही विचारधारा से जुड़े लोगों की नियुक्ति थी, तो चढ़ावे की कथित चोरी की जवाबदेही केवल गिरफ्तार कर्मचारियों तक कैसे सीमित की जा सकती है? उन्होंने पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच कराने, सभी वित्तीय रिकॉर्ड सार्वजनिक करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

2021 में ही गड़बड़ी की शिकायत का दावा

कांग्रेस ने इस मामले में सबसे गंभीर सवाल आरएसएस से जुड़े रहे पूर्व लेखा प्रभारी महिपाल सिंह के आरोपों को लेकर उठाए हैं। जयराम रमेश के मुताबिक, महिपाल सिंह ने वर्ष 2021 में ही चढ़ावे की गिनती और धनराशि के लेनदेन में कथित गड़बड़ी पकड़े जाने का दावा किया था। आरोप है कि उन्होंने इसकी जानकारी मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और गोपाल राव को दी थी। लेकिन संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय महिपाल सिंह को ही व्यवस्था से हटा दिया गया। कांग्रेस ने पूछा है कि यदि वर्ष 2021 में ही कथित अनियमितताओं की जानकारी ट्रस्ट के शीर्ष पदाधिकारियों तक पहुंच गई थी, तो उसके बाद इतने वर्षों तक क्या कार्रवाई की गई?

टाइगर श्रॉफ गोलीबारी 16 नवंबर तक बढ़ी हिरासत

मुंबई। मुंबई में मकोका की एक विशेष अदालत ने अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर गोलीबारी के मामले में कथित शूटर सहित पांच आरोपियों की पुलिस हिरासत बुधवार को 16 नवंबर तक बढ़ा दी। पुलिस ने आरोपियों की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध करते हुए कहा कि उनसे वांछित गिरोह सरगना अनिल पंडित की करीबी रिश्तेदार सुनेहा पंडित के साथ आमना-सामना कराना है।

पेज एक के शेष

गीदम में दो करोड़ के ...

वाहन में चालक देवेंद्र ठाकुर और कपड़ा व्यापारी ललित बुरड़ के साथ शाम करीब 6 बजे गीदम लौट रहे थे। इसी दौरान पांडेमुर्गा के आसपास जंगल में तीन अज्ञात लोगों ने पिस्टल और चाकूनुमा हथियार दिखाकर वाहन में रखे बैग को लूट लिया। बैग में करीब दो करोड़ मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी होने की बात कही गई थी। आरोपियों द्वारा तीनों के मोबाइल फोन भी लूटने की सूचना दी थी।

हेराल्ड मामले पर सोनिया...

'आपराधिक साजिश' का मामला बनाया गया। अपनी आत्मकथा 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' में इस मामले को लेकर उन्होंने सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि उन्हें तथा राहुल गांधी को लंबे समय तक जांच के नाम पर परेशान किया गया। उन्होंने हेराल्ड मामले पर पहली बार सार्वजनिक रूप से टिप्पणी की है। सोनिया गांधी ने लिखा, मैंने और राहुल ने एक पैसा भी नहीं लिया। इस उद्यम के निदेशक मंडल में शामिल किसी भी व्यक्ति या पुनरुद्धार प्रक्रिया से जुड़े किसी अन्य व्यक्ति को कभी एक पैसा नहीं मिला। इसके बावजूद हमारे खिलाफ आपराधिक साजिश का मामला बनाया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 में प्रतिष्ठित लेखा और कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लेने के बाद 'नेशनल हेराल्ड' को फिर से पटरी पर लाने की पहल की गई थी। इसके लिए एक नयी गैर-लाभकारी संस्था के आधार पर अखबार को फिर से शुरू करने और उसका कायाकल्प करने की योजना बनाई गई थी। सोनिया गांधी के मुताबिक, गैर-लाभकारी संस्था के आधिकारिक दर्जे के तहत किसी भी शेयरधारक या निदेशक को कोई मौद्रिक लाभ प्राप्त करने की अनुमति नहीं होती। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया से जुड़े किसी भी व्यक्ति ने आर्थिक लाभ नहीं उठाया। सोनिया ने लिखा है, नेशनल हेराल्ड की स्थापना जवाहरलाल नेहरू ने 1938 में लखनऊ में ब्रिटिश शासन के खिलाफ राष्ट्रीय आंदोलन के स्वतंत्र मुखपत्र के रूप में की थी। हालांकि, दशकों बाद अखबार की गुणवत्ता और पाठकों की संख्या में गिरावट आ गई थी। सोनिया गांधी ने कहा कि इसे फिर से पटरी पर लाना जरूरी था क्योंकि उनके अनुसार मुख्यधारा का मीडिया और टेलीविजन चैनल ज्यादातर कांग्रेस के प्रति शत्रुता का भाव रखने वाले कॉरपोरेट के नियंत्रण में थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में दिसंबर, 2015 में उन्हें और राहुल गांधी को जमानत के लिए अदालत में पेश होना पड़ा। उनके मुताबिक, चार साल बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समानांतर कार्रवाई शुरू की और उन्हें तथा राहुल गांधी को एजेंसी के कार्यालय में बुलाकर कई दिनों तक पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि 12 साल से अधिक समय बीतने के बावजूद मामला अब भी अदालत में विचाराधीन है। सोनिया गांधी ने अपने दामाद रॉबर्ट वाद्रा के खिलाफ जांच का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि 2014 से उनके खिलाफ सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई, बार-बार समन, गिरफ्तारी की आशंकाएं और भारी-भरकम कर जुर्माने का सिलसिला जारी रहा। उन्होंने दावा किया कि इन कार्रवाइयों को मीडिया में सुनियोजित तरीके से प्रचारित किया गया और सरकारी तथा निजी टेलीविजन चैनलों पर उन्हें अपराधी के रूप में पेश करने की कोशिश की गई। सोनिया गांधी ने कहा कि इस घटनाक्रम का असर प्रियंका के बच्चों रायहान और मिराया पर भी पड़ा। पिता के नाम को लगातार बदनाम किए जाने से बच्चे दुखी थे और परिवार में तनाव का माहौल बना रहा। हालांकि, उन्होंने कहा कि इन मुश्किलों के बावजूद परिवार एकजुट रहा और पहले से अधिक मजबूत हुआ।

आतंकी हमला : डीएसपी समेत 10 पुलिसकर्मियों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को एक अभियान के दौरान पुलिस टीम पर आतंकवादियों के हमले में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और एक उपनिरीक्षक समेत कम से कम 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। मीडिया की एक खबर से यह जानकारी मिली। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार के मुताबिक, यह हमला कोहाट के गंबट इलाके में हुआ। कोहाट पुलिस के प्रवक्ता मोहम्मद नौमान जैब ने बताया कि पुलिस टीम सोने के अवैध रूप से खनन के खिलाफ छापेमारी करने जा रही थी। इसी दौरान कोहाट और करक के बीच स्थित दरबोकाच जालंधर बांदा इलाके में उस पर गोलीबारी की गई। हमलावरों ने पहाड़ियों से पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी की, जिसमें कई पुलिसकर्मी हताहत हुए और पुलिस के वाहनों को भी नुकसान पहुंचा।

बम की धमकी : इटली के 300 स्कूल खाली

मिलान। इटली में बुधवार को ईमेल के जरिए मिली बम रखे होने की धमकी के बाद लगभग 300 स्कूलों को खाली करा लिया गया। हाल के हफ्तों में विमानन और प्रसारण कंपनियों को मिली बम धमकियों के बाद, यूरोपीय संस्थानों में व्यवधान की यह ताजा घटना है। आयरलैंड, स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड के स्कूलों को भी इसी तरह की धमकियां मिलीं, लेकिन वहां विद्यालय खाली कराए जाने की कोई खबर नहीं है। इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने एक बयान में कहा कि इटली में स्कूलों के लिए किसी 'ठोस खतरे' का कोई संकेत नहीं है, और इन धमकियों का मकसद 'घबराहट एवं चिंता पैदा करना' लगता है।

भाई दूज पर राहुल का अनूठा आयोजन, मेहनतकश और हुनरमंद परिवारों के साथ मनाया त्योहार



हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भाई दूज के अवसर पर समाज के मेहनतकश और हुनरमंद तबकों के साथ भाई दूज का त्योहार मनाया। इस मौके पर उन्होंने देश के विभिन्न पेशों से जुड़े ऐसे लोगों को कांग्रेस मुख्यालय स्थित इंदिरा भवन में सपरिवार आमंत्रित किया है, जिनसे पिछले कुछ वर्षों के दौरान अलग-अलग अवसरों पर उनकी मुलाकात और संवाद होता रहा है। राहुल गांधी के इस आयोजन में बढ़ई, मैकेनिक, नाई, मोची, रेलवे कुली, किसान, खेतिहर मजदूर, सब्जी विक्रेता, छोटे कारोबारी, डिलीवरी वर्कर्स, निर्माण श्रमिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न पेशों से जुड़े लोग शामिल हुए। खास बात यह है कि राहुल गांधी ने सभी आमंत्रित मेहमानों को अपने परिवार, परिजनों, रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ आने का न्योता दिया था।

गुमशुदा की तलाश



नीरा साहू, पति- मयाराम साहू
उम्र 42 वर्ष निवासी सहाड़ा देव चौक मठपुरैना, रायपुर (छ.ग.) मैं मयाराम साहू दिनांक 30/10/2026 को दोपहर 2 बजे घर आया तो मेरी पत्नी घर में नहीं थी फोन लगाने पर काम पे गई हुँ बोली और मोबाईल बंद कर दिया। वह सोने का माला, फुल्ली पहनी है और 50,000 रू. लेकर निकली है। उसके बाद से काफी तलाश करने पर भी उनका कोई पता नहीं चल पाया है। हुलिया- रंग सांवला, कद लगभग 5 फीट, चेहरा गोल, 5वीं कक्षा तक पढ़ी हैं, हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा बोलती हैं। यदि किसी व्यक्ति को इसकी कोई जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें, तो कृपया संपर्क करें। सही जानकारी देने वाले अथवा उन्हें खोजकर सूचना देने वाले को 2100रू. इनाम दिया जाएगा।
संपर्क करें- मयाराम साहू व लक्ष्मी कुमार साहू
मो. 7805819980, 7067763527

कोलकाता में होगा प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

19वां प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन 7 से 9 जनवरी 2027 को पश्चिम-बंगाल के कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे और इसके समापन सत्र की अध्यक्षता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी। उनके द्वारा प्रवासियों को प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान से भी नवाजा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण सम्मेलन की वेबसाइट HYPERLINK /"http://pbdindia.gov.in/" <\\>/npbdindia.gov.in को बुधवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और पश्चिम-बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किए गए एक समारोह में संयुक्त रूप से लांच किया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सम्मेलन का अगले साल के शुरुआती महीने में आयोजन विदेश मंत्रालय द्वारा कोलकाता सरकार के सहयोग से किया जाएगा। इसकी थीम, 'जड़ों की ओर वापसीः भारत के साथ प्रवासी समुदाय के जुड़ाव को फिर से मजबूत बनाना है'। ज्ञात हो कि प्रवासी भारतीय दिवस का 18 वां संस्करण पिछले साल 2025 में ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 8 से 10 जनवरी तक आयोजित किया गया था।

खास बातें
- विदेश मंत्री जयशंकर और कोलकाता के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने संयुक्त रूप लांच की सम्मेलन की वेबसाइट

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सुशील कुमार तिवारी, पिता श्री जगदेव प्रसाद तिवारी, निवासी ग्राम बरदेभाटा, तहसील एवं जिला कांकेर (छत्तीसगढ़) द्वारा ग्राम रिसेवाड़ा, प.ह.नं. 11, तहसील नरहरपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर स्थित कृषि भूमि, खसरा नंबर 1333/1 रकबा 0.40 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 1333/2 रकबा 0.40 हेक्टेयर, कुल रकबा 0.80 हेक्टेयर, श्री दिवाकर अवस्थी, पिता श्री नारायण प्रसाद अवस्थी से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 28.07.2025, दस्तावेज क्रमांक **CG-2025-26-196-1-920**, पुस्तक क्रमांक 01, खंड क्रमांक 4819, पृष्ठ क्रमांक 187 से 207, उप पंजीयक कार्यालय कांकेर के माध्यम से क्रय की गई है। उक्त भूमि के पूर्व स्वत्व संबंधी विक्रय पत्र, जो श्री दिवाकर अवस्थी द्वारा पूर्व में निष्पादित कराए गए थे, क्रमशः दिनांक 13.04.2023, ई-पंजीयन क्रमांक **CG5619313042023006** एवं दिनांक **24.02.2023**, ई-पंजीयन क्रमांक **CG5619324022023009** हैं।

यह कि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के पूर्व स्वत्व संबंधी दोनों मूल पंजीकृत विक्रय पत्रों की मांग किए जाने पर विक्रेता श्री दिवाकर अवस्थी द्वारा बताया गया कि उक्त दोनों मूल दस्तावेज कहीं गुम हो गए हैं तथा काफी खोजबीन के बावजूद प्राप्त नहीं हो सके हैं। अतः यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक अथवा वित्तीय संस्थान को उक्त भूमि अथवा वर्णित पंजीकृत दस्तावेजों के संबंध में कोई स्वत्वाधिकार, दावा, आपत्ति, बंधक, भार अथवा अन्य कोई वैधानिक हित हो, या गुमशुदा मूल दस्तावेजों के संबंध में कोई जानकारी हो, तो इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता के समक्ष समस्त दस्तावेजों सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर मेरे पक्षकार नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होंगे।

स्थान : कांकेर (छ.ग.) दिनांक - 11/11/2026
अभिषेक सिंह अत्री (अधिवक्ता)
कार्यालय- बाबा राम देव मंदिर के पास मांझापारा वार्ड कांकेर तहसील एवं जिला कांकेर छ.ग.
मो - 8770940318

द्वितीय अनुसूची (धारा 05 देखिए)

अभिप्रेत विवाह की सूचना

हम एतद् द्वारा आपको सूचना देते है कि विशेष विवाह अधिनियम की धारा 05 के अधीन इस सूचना के दिनांक से तीन कलेण्डर माह के भीतर हमारा परस्पर विवाह करने की इच्छा है। साक्ष्य स्वरूप हमने आज दिनांक **26/10/2026** को हस्ताक्षर किये है।

नाम एवं जन्म तिथि- बिरेन्द्र कुमार पिता श्री लोकनाथ जाति कलार जन्मतिथि 04.07.1999 मो. 7067130580, **वैवाहिक स्थिति**- अविवाहित, **व्यवसाय**- प्राइवेट नौकरी, **आयु**- 27 वर्ष, **निवास स्थान**- ग्राम तुमड़ीकसा पो. भंवरमरा तहसील डौंडीलोहारा थाना मंगचुवा जिला बालोद (छ.ग.), **स्थायी निवास**- ग्राम तुमड़ीकसा पो. भंवरमरा तहसील डौंडीलोहारा थाना मंगचुवा जिला बालोद (छ.ग.), **निवास की स्थिति**- जन्म से।

नाम एवं जन्म तिथि- रूखमणी सिन्हा पिता श्री सालिक राम सिन्हा जाति कलार जन्मतिथि 29.05.1999 मो.नं. 9303223278, **वैवाहिक स्थिति**- अविवाहित, **व्यवसाय**- गृहणी, **आयु**- 27 वर्ष, **निवास स्थान**- ग्राम पण्डरीपानी पोस्ट जुनवानी तहसील व थाना जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.), **स्थायी निवास**- ग्राम पण्डरीपानी पोस्ट जुनवानी तहसील व थाना जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.), **निवास की स्थिति**- जन्म से।

हस्ताक्षर - बिरेन्द्र कुमार
हस्ताक्षर - रूखमणी सिन्हा
अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला बालोद (छ.ग.)

राशिफल

मेष — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

मिथुन — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

कर्क — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

सिंह — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

कन्या — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

तुला — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

वृश्चिक — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

मकर — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

कुंभ — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

मीन — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

ईरान ने नई अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी दिखाई जंग के बाद तीसरी बार जारी किया वीडियो

एजेंसी ▶▶| तेहरान



ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने नई अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी का वीडियो जारी किया है। इसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ उन्हें लॉन्च करने वाले सिस्टम भी रखे दिखाई दिए। आईआरजीसी से जुड़ी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने मंगलवार को इस मिसाइल सिटी की तस्वीरें जारी कीं। हालांकि यह नहीं बताया गया कि यह ठिकाना कहां है या इसमें कितनी मिसाइलें हैं। जंग शुरू होने के बाद यह तीसरी बार है, जब ईरान ने अपने अंडरग्राउंड मिसाइल ठिकानों का वीडियो दुनिया को दिखाया है।

अमेरिका को अपनी तैयारी दिखा रहा ईरान : ईरान ने यह वीडियो ऐसे समय साझा किया है, जब अमेरिका उस पर प्रतिबंध जारी रखे हुए है और उसकी नौसैनिक नाकेबंदी भी कर रहा है। गल्फ न्यूज के मुताबिक, इस मिसाइल सिटी को दिखाकर ईरान यह संदेश देना चाहता है कि हमलों के बावजूद उसकी सैन्य ताकत बनी हुई है।

शब्द पहेली - 6404



बाएँ से दाएँ
1.जायकेदार,लजीज–5
4.नट का खेल–4
7.राय,वोट–2
8.दुरुह,कठिन–3
9.प्रहार,घात–2
10.अचरज भरा कार्य–4
11.शराब,मद्य–2
13.साझेदार–4
14.क्षण,लम्हा–2
16.सहयोग–3
18.अड़िग–3
19.कैद, बंधक–3,2
21.चुगली करना–2,3
24.धावक (अंग्रेजी–3)
26.अग्नि, आग–3
28.टैक्स, हाथ–2
29.एक मुगल सम्राट–4
30.टकटकी–2
32.कैंची से काटना–4
33.आत्मा–2
35.सीरा,मिष्ठान–3
36.आगमन–2
37.जोरदार–4
38.तेज दौड़ना–5

ऊपर से नीचे
1.बुरी आदत–2
2.झगड़ा,रार–4
3.फिल्मी दुनिया–3,2
4.लेखनी,पेन–3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
6.वटवृक्ष–4
7.मन को भाने वाला–5
10.बुरा आचरण–4
12.यमराज–2
15.चुनौती–4
17.विदरण,एकता भंग–3
18.आर्द्रक–4
20.भूमि,धरती–3
22.आवेश में आना–4
23.नामकरण–2,3
25.नरक में रहना–5
26.जामफल–4
27.बेल,लतिका–2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना–4
31.जलजला–3
34.मैं का बहुवचन–2
36.रुपये का सोलहवां भाग–2

शब्द पहेली- 6403 का हल

स	द	च	रि	त्र			ब	ह	स	
मा	मा		या		अ	द	द		ह	क
ज			रा	ज	दा		न			हा
वा	र	दा	त			श		ए	नी	र
दी		मि		ह	म	स	ज		र	
	स	नी		स		फ		बी	ज	
	ह		श	र	ब	त		ह		म
क	त	स		त			अ	इ	च	न
हा			चिं		म	लि	न			भा
नी	र		त	न	य		ब		श	व
	थ	का	न			म	न	मो	ह	न

सूडोकु नवताल - 6414

कठिनतम

			4		6			
					2	7		
2	6	8				9		
5	3							6
				6				
7							9	2
		9				8	5	
		2	1					
			3		4			

MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकु नवताल - 6413 का हल

2	9	7	1	3	6	4	8	5
3	1	6	5	8	4	2	9	7
5	4	8	7	9	2	6	3	1
9	2	1	4	7	3	8	5	6
7	8	3	6	1	5	9	2	4
4	6	5	9	2	8	1	7	3
1	7	4	2	5	9	3	6	8
6	3	2	8	4	7	5	1	9
8	5	9	3	6	1	7	4	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते

खबर संक्षेप

रुपया सात पैसे मजबूत होकर 93.70 प्रति डॉलर



मुंबई। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे मजबूत होकर 93.70 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी पूंजी के निरंतर प्रवाह, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में नरमी की संभावना से रुपये को समर्थन मिला। आठ महीने के उच्च स्तर पर पहुंचने, एफपीआई की लिवाली से रुपये को मजबूती मिली।

टाटा पावर का शुद्ध लाभ रिकॉर्ड 33 प्रतिशत बढ़ा



नई दिल्ली। टाटा पावर का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 1,652 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने बुधवार को बताया कि उसके सभी कारोबारी क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से लाभ में वृद्धि हुई है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,245 करोड़ रुपये रहा था।

बजाज हिंदुस्तान शुगर का घाटा 15.23% बढ़ा



नई दिल्ली। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध घाटा चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 15.23 प्रतिशत बढ़कर 121.28 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का चीनी कारोबार घाटे में है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी को 105.25 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

बैंकों में बड़े पैमाने पर होगी छंटनी! एआई करेगा 70% से ज्यादा काम : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण इन दिनों कई लोगों की नौकरी जा रही है। खासतौर से आईटी सेक्टर में लोगों पर इसका बड़ा असर पड़ रहा है। तो वहीं अब आने वाले समय में बैंकिंग क्षेत्र में भी इसके कारण बड़ा बदलाव नजर आने वाला है।

- एआई की मदद से अब बैंकों का समय और खर्च कम होगा

हाल ही में आई रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है। दरअसल मैकिंसे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एआई की मदद से बैंकों में जोखिम प्रबंधन से जुड़े 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक ऐसे काम अपने आप किए जा सकते हैं, जिन्हें अभी कर्मचारी हाथ से करते हैं।

मैकिंसे ने जारी एक रिपोर्ट में किया खुलासा

कर्मचारियों को मिलेगी ज्यादा जिम्मेदारी

मैकिंसे के मुताबिक, एआई से जो समय और संसाधन बचेंगे, उनका इस्तेमाल बैंक ज्यादा जरूरी कामों में कर सकते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि बैंक बची हुई कार्यक्षमता का लगभग आधा हिस्सा बेहतर विश्लेषण, जोखिम से जुड़ी सलाह और तेजी से फैसले लेने में लगा सकते हैं। बाकी संसाधनों का इस्तेमाल एआई तकनीक विकसित करने, डाटा की सुरक्षा और नई तकनीकी व्यवस्था बनाने में किया जा सकता है। इसका मतलब है कि बैंक कर्मचारियों को केवल दस्तावेजों की जांच करने की जगह ज्यादा जिम्मेदारी वाले कामों में लगाया जा सकता है।



बैंकों को मिलेगा फायदा : बैंक शुरुआती दौर में एआई को अपनाएंगे, उन्हें दूसरे बैंकों की तुलना में फायदा मिल सकता है। एआई की मदद से बैंक कम समय में बेहतर फैसले ले सकेंगे और अपने खर्च को कम कर सकेंगे। हालांकि, एआई को बड़े स्तर पर लागू करने के लिए बैंकों को मजबूत तकनीकी व्यवस्था, प्रशिक्षित कर्मचारी और डाटा की सुरक्षा के लिए स्पष्ट नियम बनाने होंगे।

क्या नौकरियां खत्म होंगी

एआई के आने से बैंकिंग क्षेत्र में काम करने का तरीका बदल सकता है। जिन कामों में बार-बार एक जैसी प्रक्रिया दोहरानी पड़ती है, उनमें एआई का इस्तेमाल बढ़ सकता है। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक, मुश्किल मामलों का आकलन करना, जरूरी फैसले लेना और जोखिम से जुड़ी सलाह देना जैसे कामों में इंसानी भूमिका बनी रहेगी। बैंकों को ऐसे कर्मचारियों की जरूरत होगी, जिन्हें बैंकिंग और एआई दोनों की समझ हो। इसलिए कर्मचारियों के लिए नई तकनीक सीखना और अपने कौशल को बेहतर बनाना महत्वपूर्ण होगा।

एआई से बैंकों में होंगे काम

बैंकों में जोखिम प्रबंधन का काम ये देखना होता है कि बैंक को किसी ग्राहक या कंपनी को कर्ज देने से कितना खतरा हो सकता है। इस काम में कर्मचारियों को कई तरह की जानकारी जुटानी पड़ती है और दस्तावेजों की जांच करनी पड़ती है। एआई की मदद से ग्राहकों और कंपनियों की वित्तीय जानकारी जुटाना, कर्ज से जुड़े दस्तावेज तैयार करना और उनकी जांच करना, नियमों के पालन हो रहा है या नहीं इसकी जांच करना, बैंक के ट्रांजैक्शन पर नजर रखना और साथ ही बैंकों में होने वाली धोखाधड़ी पर नजर रखने जैसे काम आसानी से हो सकते हैं।

क्यों किया जा रहा बदलाव : एआई की मदद से अब बैंकों का समय और खर्च कम होगा। साथ ही कर्मचारियों को ज्यादा जरूरी काम करने का मौका मिलेगा। हालांकि, इसका मतलब ये नहीं है कि बैंकों में 70 प्रतिशत कर्मचारियों की नौकरियां खत्म हो जाएंगी।

चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमान किया व्यक्त

मूडीज ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7% किया, वैश्विक जोखिमों को लेकर चेताया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान पहले के 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया। एजेंसी ने कहा कि व्यापक आर्थिक गतिविधियों में तेजी, मजबूत खपत और ऊर्जा आपूर्ति के झटकों को झेलने की क्षमता से वृद्धि दर के अनुमान में यह बढ़ोतरी की गई है।

मूडीज रेटिंग्स ने अपनी 'वैश्विक व्यापक परिदृश्य 2027-28' रिपोर्ट में इस बात को लेकर आगाह भी किया कि निकट अवधि में आर्थिक वृद्धि के समक्ष जोखिम बने हुए हैं। घरेलू खपत बढ़ते और व्यापक होते महंगाई के दबाव के प्रति संवेदनशील बनी हुई है।

खुदरा महंगाई 5.54 फीसदी पर

खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर, 2026 में बढ़कर 5.54 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दो से छह प्रतिशत के लक्ष्य दायरे के ऊपरी स्तर के करीब है। इसके अलावा, कमजोर दक्षिण-पश्चिम मानसून और अल नीनो की परिस्थितियों से कृषि उत्पादन और ग्रामीण मांग प्रभावित हो सकती है।

दुनिया का सबसे बड़ा तेल शोधन परिसर भारत में

मूडीज ने कहा कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत तेल शोधन परिसर स्थित है। देश की बड़ी और आधुनिक तेल शोधन क्षमता ने ईंधन आपूर्ति में बाधाओं को सीमित रखने के साथ उसे परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का प्रमुख निर्यातक बनाए रखने में मदद की है।



- पहले आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6 .5 प्रतिशत था
- झटकों को झेलने की क्षमता से वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया गया
- व्यापक होते महंगाई के दबाव के प्रति संवेदनशील बनी हुई

ऊर्जा कीमतों का सामना बेहतर तरीके से

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत ने ऊर्जा कीमतों के झटके का सामना पहले के अनुमान से बेहतर तरीके से किया है। कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति के स्रोतों में विविधता तथा सरकारी समर्थन वाली पेट्रोलियम विपणन कंपनियों और कर कटौती के जरिये उपभोक्ताओं को तत्काल मूल्य वृद्धि से बचाने में मदद मिली है।

वृद्धि दर का अनुमान अन्य संस्थाओं के अनुमानों के करीब

मूडीज का वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान अन्य प्रमुख संस्थाओं के अनुमानों के करीब है। आरबीआई और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन ने 7.1 प्रतिशत, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष , एशियाई विकास बैंक और एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सात प्रतिशत और फिच रेटिंग्स ने 6.9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया है।

ब्याज दरें और बढ़ाए जाने की संभावना

हालांकि, मूडीज ने आगाह किया कि आरबीआई की ओर से ब्याज दरें और बढ़ाए जाने की संभावना के बीच सख्त मौद्रिक नीति निजी निवेश में सुधार की प्रक्रिया को धीमा कर सकती है। वैश्विक परिदृश्य पर एजेंसी ने कहा कि 2027 में प्रवेश करते समय उभरते बाजारों के समक्ष चुनौतियां बढ़ रही हैं। ऊर्जा की ऊंची कीमतें, वैश्विक ब्याज दरों का ऊंचे स्तर पर बने रहना तथा व्यापार एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं महंगाई और वित्तपोषण का दबाव बढ़ा रही हैं।

अक्टूबर में निवेशकों ने 33.8 अरब डॉलर निकाले

इसके अलावा, कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश से मिलने वाले प्रतिफल को लेकर चिंताएं भी बाजार में उतार-चढ़ाव की एक नई वजह बनी हैं। मूडीज ने इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल फाइनेंस के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि उभरते बाजारों से प्रवासी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अक्टूबर में 33.8 अरब डॉलर की निकासी की। सितंबर में भी 19.3 अरब डॉलर की निकासी हुई थी।

सेंसेक्स 773 अंक चढ़कर नौ महीने के उच्चस्तर पर निफ्टी 25,250 के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 773 अंक चढ़कर करीब नौ महीने के उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि एनएसई निफ्टी 25,250 अंक के ऊपर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की लिवाली, कंपनियों के दूसरी तिमाही के उम्मीद से बेहतर नतीजों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को समर्थन मिला।

आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 3.45 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 772.75 अंक यानी 0.95 प्रतिशत चढ़कर 81,879.40 अंक पर बंद हुआ। यह इसका 26 फरवरी के बाद का सबसे ऊंचा बंद स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,413.75 अंक चढ़कर 82,520.40 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 210.40 अंक बढ़त के साथ 25,255.05 अंक पर बंद हुआ। यह भी करीब नौ महीने का उच्चतम स्तर है। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 5.25 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन में 4.37 प्रतिशत, ट्रेंट में 3.02 प्रतिशत, टाटा स्टील में 2.22 प्रतिशत, आईटीसी में 2.15 प्रतिशत और एक्सिस बैंक में 2.14 प्रतिशत की तेजी रही।



- निवेशकों को हुया 3 .45 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा
- विदेशी निवेशकों ने की भारी मात्रा में खरीदी
- कंपनियों के दूसरे तिमाही के नतीजे उम्मीद से बेहतर

ब्रेंट क्रूड 92 से 93 डॉलर प्रति बैरल के आसपास

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि बाजार में तेजी के प्रमुख कारणों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार लिवाली शामिल है। ब्रेंट क्रूड का भाव 92-93 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है, जो हाल के उच्चस्तर से काफी नीचे है। इससे आयातित महंगाई को लेकर चिंताएं कम हुई हैं।

बिजनेस साइट

प्रधानमंत्री मोदी के विशेष भोज में शामिल हुए आईटीएल के एमडी डॉ. दीपक मित्तल



नई दिल्ली। इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड (आईटीएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दीपक मित्तल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से विशेष भोज का निमंत्रण मिला। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस एच.एस.एच. हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस के सम्मान में आयोजित इस आधिकारिक भोज में उन्हें आमंत्रित किया गया।

यह आयोजन भारत और लिकटेंस्टीन के बीच आर्थिक एवं द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया। इसमें उन्नत विनिर्माण, औद्योगिक तकनीक, सतत विकास और अंतरराष्ट्रीय निवेश जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। यूरोप के उद्योगपतियों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी ने इस आयोजन को और महत्वपूर्ण बनाया। आईटीएल के लिए यह उपलब्धि विशेष महत्व रखती है। कंपनी ने वर्ष 2026 में अपनी व्यावसायिक यात्रा के तीन दशक पूरे किए हैं और वैश्विक स्तर पर भारतीय इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण क्षमता की पहचान बनाई है। डॉ. दीपक मित्तल ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठित आयोजन का हिस्सा बनना उनके लिए गर्व की बात है।

मुथूट फाइनेंस की 11 नई सीएसआर पहल, इस पर खर्च होंगे 1 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। मुथूट फाइनेंस ने पूर्व ग्रुप चेयरमैन स्वर्गीय एम.जी. जॉर्ज मुथूट की 77वीं जयंती पर देशभर में 11 नई सीएसआर परियोजनाओं की शुरुआत की है। कंपनी सरकारी स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं के विकास के लिए 1 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसके तहत ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों के स्कूलों में शौचालयों का निर्माण और नवीनीकरण किया जाएगा।

विशेष रूप से छात्राओं के लिए सुरक्षित स्वच्छता सुविधाओं और मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर ध्यान दिया जाएगा। मुथूट ग्रुप के प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कॉरपोरेट ऑफिस नॉर्थ में आयोजित कार्यक्रम में इन पहलों की घोषणा की। कंपनी के अनुसार, हरियाणा के करनाल जिले के बरौली स्थित सरकारी स्कूल में शौचालय ब्लॉक का निर्माण पूरा किया गया है, जिससे करीब 800 विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। शिक्षा के तहत दिल्ली में 100 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने, फिरोजाबाद में छात्राओं को 50 साइकिलें देने और गुजरात में स्मार्ट कंप्यूटर लैब व क्लासरूम सुविधाएं विकसित करने की योजना है। इसके अलावा बुजुर्गों की देखभाल, दिव्यांगों को सहायता, पेयजल और सड़क सुरक्षा के लिए भी पहल की जाएगी। कंपनी अब तक 13,411 से अधिक विद्यार्थियों को 3.75 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति दे चुकी है।

सोना 800 रु. टूटा व चांदी 5,000 रु. लुढ़की

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। दिवाली की छुट्टियों के कारण कारोबार सुस्त रहने से सोना 800 रुपये टूटकर 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार के कारोबारी सत्र में 1,46,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को इसकी कीमत 800 रुपये घटकर 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। चांदी की कीमतें भी दो सत्र तक स्थिर रहने के बाद नीचे आईं। यह 5,000 रुपये लुढ़ककर 1,87,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि मंगलवार को इसका भाव 1,92,500 रुपये प्रति किलोग्राम था।

ईवी वाहनों के लिए टाटा मोटर्स का टर्नो से करार

मुंबई। टाटा मोटर्स ने अपने इलेक्ट्रिक छोटे वाणिज्यिक वाहन और पिकअप ग्राहकों को उनकी जरूरत के मुताबिक वित्तपोषण योजनाएं उपलब्ध कराने के लिए बैटरी समाधान से जुड़ी कंपनी फिनजो ईवी सॉल्यूशंस (टर्नो) के साथ साझेदारी की है। भुगतान की मजबूत योजनाओं और 25 प्रतिशत की सुनिश्चित पुनर्खरीद गारंटी का लाभ मिलेगा। टर्नो के साथ हमारी साझेदारी ग्राहकों को वाहन के स्वामित्व से जुड़े हर चरण में सहायता देकर हमारे इलेक्ट्रिक वाहन परिवेश को मजबूत करती है।





आईपीएल ट्रेडिंग : हार्दिक की फीस में 1.65 करोड़ की बढ़ोतरी

18 करोड़ में पंजाब के हुए हार्दिक एमआई के लिए खेलेंगे अर्शदीप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे बड़ी और बहु प्रतीक्षित अदला बदली (ट्रेडिंग) में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या 18 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई कीमत पर पंजाब किंग्स से जुड़ गए हैं जबकि मुंबई इंडियंस ने उनकी जगह तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अपनी टीम में लिया है। आईपीएल ने बयान में कहा की हार्दिक अपनी मौजूदा फीस 16.35 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि में मुंबई इंडियंस से पंजाब किंग्स चले गए हैं जबकि अर्शदीप 18 करोड़ रुपए की मौजूदा कीमत पर मुंबई से जुड़ गए हैं।

इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इस साल (आईपीएल के पिछले सत्र से पहले) राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बदले में राजस्थान रॉयल्स ने सीएसके से रविंद्र जडेजा को 14 करोड़ और सैम कुरेन को 2.4 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। ट्रांसफर फीस दोनों फ्रेंचाइजी के बीच आपसी समझौता है और यह टीम में बनाए रखने की फीस (रिटेंशन फीस यानि फ्रेंचाइजी का खिलाड़ी को भुगतान किया जाने वाला वेतन) से अलग है।

हार्दिक का एमआई के साथ दूसरा कार्यकाल समाप्त

दोनों टीमों ने आपसी सहमति से तय किया कि हार्दिक की फीस में 1.65 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी होगी और मौजूदा नियमों के अनुसार उन्हें इस बढ़ोतरी का 50 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। बाकी रकम मुंबई इंडियंस को मिलेगी। हार्दिक का इस तरह से मुंबई इंडियंस के साथ दूसरा कार्यकाल भी समाप्त हो गया है। वह पहली बार 2015 में मुंबई इंडियंस से जुड़े थे और तब उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के साथ चार खिताब जीते थे। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने टीम को 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुंबई की टीम के साथ सात सत्र बिताने के बाद हार्दिक 2022 में 15 करोड़ रुपए की फीस पर गुजरात टाइटन्स में शामिल हो गए और उन्होंने फ्रेंचाइजी को अपने पहले ही सत्र में खिताब दिलाया। गुजरात की टीम 2023 में फाइनल तक भी पहुंची थी।



एमआई के तिलक बन सकते हैं उपकप्तान

रोहित को अचानक टीम से बाहर किए जाने का मुद्दा भी विवाद का विषय बना रहा और अब कयास लगाए जा रहे हैं के फ्रेंचाइजी की तरफ से उनके संभवतः आखिरी सत्र में उन्हें फिर से कप्तानी सौंपी जा सकती है। तिलक वर्मा को उप कप्तान बनाए जाने की संभावना है।

हार्दिक ने एमआई में बिताए खास पल : आकाश अंबानी

मुंबई इंडियंस के मालिक आकाश अंबानी ने कहा, 'हार्दिक ने मुंबई इंडियंस में कुछ बहुत ही खास पल बिताए हैं। हमने उन्हें एक क्रिकेटर के रूप में लगातार बेहतर होते हुए देखा है, विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए देखा है और फिर टीम का नेतृत्व करने के लिए वापसी करते हुए देखा है।' उन्होंने कहा, 'मैं उनका एक क्रिकेटर और एक इंसान के तौर पर बहुत सम्मान करता हूं और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'



यादों के लिए आभार अर्श : पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स ने टीम में अर्शदीप के योगदान को स्वीकार करते हुए एक बयान में कहा, 'ढेर सारी हंसी, अनगिनत यादें और ढेर सारी मस्ती। यादों के लिए आभार अर्श।" अर्शदीप आठ सत्र तक पंजाब की टीम से खेलने के बाद अब मुंबई की टीम में शामिल हो रहे हैं। इस तेज गेंदबाज ने 2019 में पंजाब की टीम से आईपीएल में पदार्पण किया था और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने आईपीएल के 96 मैच में 111 विकेट लिए हैं, जो पंजाब किंग्स की तरफ से रिकॉर्ड है। उन्होंने 2025 के सत्र में 21 और 2026 में 14 विकेट लिए। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी टी20 प्रारुप में भारत का सबसे अधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज भी है। उन्होंने 104 मैचों में 151 विकेट लिए हैं।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

महज 75 मिनट में कोको को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं नोस्कोवा

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

लिंडा नोस्कोवा ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। नोस्कोवा ने कोको गॉफ को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। नोस्कोवा 2011 में पेट्रा क्वितोवा के बाद अपने पहले डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, वह 2024 में गॉफ के बाद अपने पहले दो राउंड-रॉबिन मैच जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी हैं और 2021 में एनेट कोंटावेइट के बाद ऐसा करने वाली पहली नंबर 8 सीड हैं।

मैं अभी भी जीतना चाहती हूं : लिंडा

लिंडा नोस्कोवा ने कहा, मुझे तो यह भी नहीं पता था कि मैं सेमीफाइनल में हूं। मैच खत्म होने के ठीक बाद, मैं पहले से ही इस बात पर फोकस कर रही थी कि मैं दो दिन में जेसी (पेगुला) के साथ कैसे खेलूंगी। इसलिए मेरे लिए ज्यादा कुछ नहीं बदला है। मैं अभी भी जीतना चाहती हूं। मैं अभी भी जो भी स्कोर, जो भी जीत मुमकिन हो, हासिल करना चाहती हूं। मैं यहां असल में मैच नहीं खेल रही हूं, इसलिए यह कुछ अलग नहीं होने वाला है।

नोस्कोवा ने किया गॉफ को पांच बार ब्रेक

नोस्कोवा ने गॉफ को पांच बार ब्रेक किया, जिसमें शुरुआती सेट में चार बार शामिल हैं। उसने नौ में से पांच ब्रेक-पॉइंट मौकों को कन्वर्ट किया और गॉफ की दूसरी सर्व पर 75 प्रतिशत (24 में से 18) पॉइंट जीते। रिटर्न पर नोस्कोवा ने जो दबाव डाला, उससे उन्हें दोनों सेट में 4-1 की लीड बनाने में मदद मिली। यह नोस्कोवा के लिए इस सीजन की छठी टॉप-10 जीत है, जिसने जुलाई में विंबलडन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था।



खबर संक्षेप



26 ऐतिहासिक बल्ले भेंट करेंगे सचिन

मुंबई। सचिन तेंदुलकर अपने करियर के 26 खास बल्ले मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के शरद पवार क्रिकेट संग्रहालय को भेंट करेंगे। इन बल्लों में वे बल्ले भी शामिल हैं, जिनसे सचिन ने अपने 100 अंतरराष्ट्रीय शतकों में से कई यादगार शतक जड़े थे। बल्लों के अलावा उनके हेलमेट, जर्सी और करियर के महत्वपूर्ण पलों से जुड़े निजी नोट्स सहित कई अन्य यादगार वस्तुएं भी संग्रहालय में प्रदर्शित की जाएंगी। इन अनमोल धरोहरों की प्रदर्शनी का अनावरण 16 नवंबर को एक विशेष समारोह में किया जाएगा। 'बैटोग्राफी' नाम से आयोजित इस प्रदर्शनी के माध्यम से सचिन तेंदुलकर के शानदार क्रिकेट सफर को उनके करियर के विभिन्न दौर में इस्तेमाल किए गए बल्लों के जरिए दर्शाया जाएगा।

आईपीएल में नहीं बढ़ेगी टीमें : सैकिया



नई दिल्ली। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने आईपीएल में फिलहाल टीम की संख्या 10 से बढ़ा कर 12 करने की किसी भी संभावना से इनकार करते हुए कहा कि ऐसे प्रस्ताव पर बोर्ड के भीतर अनौपचारिक स्तर पर भी कोई चर्चा नहीं हुई है। सैकिया ने कहा कि वैश्विक क्रिकेट बाजार में आईपीएल को लेकर बढ़ती दिलचस्पी के बावजूद फिलहाल इसके विस्तार की कोई योजना नहीं है। सैकिया ने कहा, '2028 में आईपीएल को 12 टीम का टूर्नामेंट बनाने की संभावना पर हमने औपचारिक या अनौपचारिक तौर पर कोई चर्चा की है। फिलहाल यह हमारे विचाराधीन नहीं है।'

बराड़ ने लगाई लंबी छलांग, 48वें स्थान पर पहुंचे

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में विकेटकीपर ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल शीर्ष 10 में शामिल भारतीय बल्लेबाज हैं। पंत (713 रेटिंग अंक) आठवें और गिल (697) दसवें नंबर पर हैं। ये दोनों नवीनतम सूची में एक पायदान नीचे खिसके हैं। यशस्वी जायसवाल 13वें स्थान पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में पहले दो स्थान पर इंग्लैंड के हैरी ब्रूक और जो रूट हैं। गेंदबाज गुरनूर बराड़ लंबी छलांग लगाकर 48वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह इससे पहले शीर्ष 100 में शामिल नहीं थे।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : पंत और गिल शीर्ष 10 में शामिल



गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप पर स्टार्क

आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन शीर्ष पांच गेंदबाजों में शामिल हैं।

रहमत शाह ने शीर्ष 10 में बनाई जगह

इस बीच अफगानिस्तान के कप्तान रहमत शाह आईसीसी टेस्ट खिलाड़ियों की रैंकिंग की किसी भी श्रेणी में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले अपने देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। रहमत ने शारजाह में अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच में 173 रन की शानदार पारी खेली थी, जिससे वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में छह स्थान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। यह रहमत के करियर का पांचवां टेस्ट शतक था, जिसके दम पर यह 33 वर्षीय खिलाड़ी गिल, दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस से ऊपर पहुंच गए हैं।

शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप

नीरज ने जीता ब्रॉन्ज, हासिल किया ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| दोहा



भारतीय निशानेबाज नीरज कुमार ने बुधवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया।

इस चैंपियनशिप में भारत का यह दूसरा ओलंपिक कोटा है। इससे पहले जयपाल मालवीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश के लिए पहला कोटा हासिल किया था। नीरज ने फाइनल में कुल 346.5 अंक हासिल किए। वह रजत पदक की दौड़ में भी बने हुए थे लेकिन अंतिम दौर में 9.4 अंक का निशाना लगाने के कारण उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

पिमेनोव ने जीता रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण

व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) के रूप में हिस्सा ले रहे दिमित्री पिमेनोव ने 362.8 अंक के विश्व जूनियर रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि स्लोवाकिया के पैट्रिक जानी ने रजत पदक जीता। पिमेनोव और जानी ने भी लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कोटा हासिल किए। फाइनल में पहुंचे भारत के एक अन्य निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 323.7 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

कुमामोतो मास्टर्स : प्री-क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य और श्रीकांत



एजेंसी ▶▶| कुमामोतो

बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के ची यू जेन को सीधे गेम में हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने यह मुकाबला 21-19, 21-18 से अपने नाम किया। किदांबी श्रीकांत ने भी प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने डेनमार्क के रासमुस गेमके को 18-21, 21-16, 24-22 से हराया। हालांकि युगल मुकाबलों में भारत को निराशा का सामना करना पड़ा।

भारत के ध्रुव रावत और के. मनीषा को चीनी ताइपे की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चान के खिलाफ 21-16, 14-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

अमसाकरुणन और क्रास्टो की जोड़ी हारी

वहीं, हरिहरन अमसाकरुणन और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी जियांग झेन बांग और वेई या शिन से 7-21, 9-21 से हार गई। 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को पिछले साल मलेशिया ओपन में ची यू जेन के खिलाफ हार मिली थी। हालांकि उसी साल ऑस्ट्रेलिया ओपन में उन्होंने इस हार का बदला ले लिया था। दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और मुकाबले में हर अंक के लिए संघर्ष हुआ।

ग्रैंडमास्टर वैशाली की दमदार जीत एरिगैसी ने टॉप-5 में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट में वेस्ली सो और हैंस नीमन पर प्रभावशाली जीत दर्ज की, जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने इस प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में 9 राउंड के ब्लिट्ज स्विस टूर्नामेंट को जीता। भारतीय खिलाड़ियों में अर्जुन एरिगैसी ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। वह अलीरेजा फिरोजा, फैबियानो कारुआना, नीमन और रिचर्ड रैपोर्ट के साथ 5.5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर रहे।

तालिका में शीर्ष पर कार्लसन

कार्लसन ने अपने नौ मैचों में से पांच में जीत हासिल की जबकि चार बाजियां ड्रॉ खेली। इससे वह सात अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहे। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव 6.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि आर्मेनियाई ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने छह अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद अब 'फास्ट क्लासिक' होगा, जिसके लिए लॉटरी के जरिए ग्रुप तय किए गए।

वैशाली की यादगार जीत

महिला विश्व चैंपियनशिप की चैलेंजर वैशाली ने अपने शुरुआती तीन मैचों में दो जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन वह उस लय को बरकरार नहीं रख पाई और इसके बाद उन्होंने दो हार और तीन ड्रॉ का सामना किया। हालांकि विश्व में छठे नंबर के खिलाड़ी सो और विश्व में 36वें नंबर के नीमन पर उनकी जीत यादगार रही। आर प्रज्ञाननंदा ने एंड्रयू हांग पर जीत के साथ अपना सत्र समाप्त किया और कुल 4.5 अंक हासिल किए।

टेस्ट में रचिन रवींद्र की वापसी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उस टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराया था, हालांकि, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र और विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल पूरी तरह फिट होने पर ही पहले टेस्ट मैच में खेल पाएंगे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

क्षेत्रीय दबाव ग्रस्त अस्ति वसूली शाखा, दुर्ग, क्षेत्रीय कार्यालय, बैंक ऑफ बड़ौदा, जोनल मार्केट,प्रथम तल,सेक्टर-10,जिला-दुर्ग (छ.ग.)-490006
मो. नं. 07723024982 ई-मेल: sardur@bankofbaroda.bank.in

सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत 60 दिनों की मांग नोटिस का प्रकाशन
(Publication in the Newspaper in case of return/failure of service of 60 day's Demand Notice U/s 13(2) of SARFAESI Act,2002)

प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने , वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम , 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणकर्ताओं/गारंटरों को 60 दिनों के नोटिस , पंजीकृत डाक/ पावती सहित/स्पीड पोस्ट द्वारा जारी की हैं. लेकिन यह नोटिस डाक अधिकारियों द्वारा सुपूर्दगी प्राप्त करने में मना करने/ गलत पते/ व्यक्ति द्वारा स्थान शहर छोड़े जाने आदि कारणों से लौटा दी गई हैं. इन ऋणकर्ताओं/ गारंटरों ने , अपनी निम्नलिखित चल/ अचल संपत्तियों को , बैंक द्वारा ऋणकर्ता(ओं) को दी जाने वाली विभिन्न ऋण सुविधाओं को प्राप्त करने के एवज में दृष्टि बंधक/बंधक रखा हैं.बैंक की देया राशि के भुगतान न करने तथा ऋण की नियम एवं शर्तों को पूरा न करने के कारण ऋणकर्ता(ओं)/ गारंटर(रों) द्वारा बैंक के ऋण एवं ब्याज के भुगतान में चूक किये जाने के कारण , खाता , भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानुसार एनपीए हो गया हैं। उपर्युक्त को देखते हुए, निम्नलिखित ऋणकर्ता(ओं)/ गारंटर(रों) को बैंक द्वारा निम्नलिखित देय के ब्याज सहित भुगतान हेतु 60 दिनों का नोटिस जारी किया गया हैं, जिससे चूकने पर बैंक बिना न्यायालय या ट्रिब्यूनल के हस्तक्षेप के,अधिनियम के चैप्टर III के अंतर्गत एक या अनेक साधनों द्वारा प्रतिभूति हित लागु करने हेतु बाध्य होगा. ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को इस नोटिस द्वारा यह भी सूचित किया जाता हैं कि वे, अधिनियम की धारा 13(13) की शर्तो के अनुरूप,बैंक की सहमति के बिना बैंक को प्रभारित प्रतिभूत आस्तियों में से किसी को भी बिक्री/पट्टे या किसी अन्य द्वारा (सामान्य व्यवसाय के अलावा) ट्रांसफर नहीं करेंगे. ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) तथा प्रतिभूत आस्तियों के विवरण नीचे दिए गए हैं जिनके विरुद्ध बैंक 60 दिनों के बाद कार्रवाई प्रारंभ करेगा, यदि उनके द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता हैं.

क्र.	उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम और पता	बकाया राशि डिमांड नोटिस के अनुसार	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (एनपीए दिनांक: 03.11.2026) (नोटिस दिनांक: 04.11.2026)
1	श्री दुष्यन्त दास (उधारकर्ता) मकान नं. 44, वार्ड नं. 17, वर्धमान नगर, राजनांदगांव, छ.ग. - 491441, श्रीमती अर्चना दास (सह-उधारकर्ता) पति श्री दुष्यन्त दास, मकान नं. 44, वार्ड नं.17, वर्धमान नगर, राजनांदगांव, छ.ग. - 491441, श्री राघवेंद्र दास वैष्णव (सह-उधारकर्ता) 1 ए अनुष्ठा रेजीडेंसी, फेस - 1, सेक्टर 1, वार्ड नं. 1, जुनवानी, खमरिया रोड, भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.-490020	रु. 2,29,56,854.40 + उस पर मासिक आधार पर लगने वाला ब्याज और अन्य शुल्क (केवल दो करोड़ उनतीस लाख छप्पन हजार आठ सौ चौवन रुपये और चालीस पैसे)	खुली परिवर्तित व्यावसायिक भूमि से संबंधित खसरा नं. - 57/2, क्षेत्रफल- 23411.00 वर्गफीट (51400 वर्गफीट या 0.47 हेक्टेयर में से) स्थित मौजा- जुनवानी, प.ह.नं. - 15, आरआईसी-दुर्ग-1, तहसील एवं जिला - दुर्ग, छ.ग. - 490020 हैं जो श्री राघवेंद्र दास वैष्णव पिता श्री नरेंद्र दास वैष्णव के नाम पर हैं. बिक्री विलेख के अनुसार सीमाएं: - उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- अन्य किसान की शेष भूमि, पूर्व - लक्ष्मण साहू की शेष भूमि, पश्चिम - अन्य किसान की शेष भूमि. बंधक के अनुसार- उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- दूसरों की शेष भूमि और सड़क, पूर्व - स्वीकृत लेआउट के अनुसार सड़क, पश्चिम - स्वीकृत लेआउट के अनुसार एम. आर. सड़क

दिनांक: 12.11.2026, स्थान: भिलाई, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा



रोचक खबरें



खुदाई के दौरान शख्स को मिला 1.5 करोड़ का सोने का टुकड़ा

सिडनी। कई बार निराशा हाथ लगने के बाद आस्ट्रेलिया में एक शख्स की ऐसी किस्मत बदली की, जिसके बारे में उसने सोचा नहीं था। वह न्यू साउथ वेल्स के सुदूर उत्तर-पश्चिमी हिस्से में टिबूबुरा के पास माउंट स्टुअर्ट स्टेशन पर कई दिनों से खुदाई कर रहा था। इसी दौरान उसे सोने का 1.2 किलोग्राम का टुकड़ा (नगेट) मिला, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए बताई जा रही है। उसे इस बड़े से सोने के टुकड़े के बारे में मेटल डिटेक्टर मशीन के जरिए पता चला। अब वह किसी कलेक्टर को खुदाई में मिले सोने के बारे में बेचने को सोच रहा है। शख्स काफी समय से टिबूबुरा के पास माउंट स्टुअर्ट स्टेशन पर खुदाई कर रहा था। पर अब तक कुछ खास उसके हाथ नहीं लगा। इसी महीने एक दिन वह सोना खोजने के लिए खुदाई करते-करते थक गया था। वह काम बंद करने वाला था कि इसी बीच उसके मेटल डिटेक्टर 'गोल्ड मॉन्स्टर 2000' पर सिग्नल आया। उसे जितना बड़ा सोना का टुकड़ा मिला है, उस हिसाब से मशीन का सिग्नल तेज नहीं था। पर जब वह करीब 100 मीटर नीचे पहुंचा, तब जाकर मशीन में जोर से आवाज आने लगी। इसके बाद मिट्टी हटाने पर गड्ढे के बीच एक चमकीली चीज दिखाई दी। जब उसने पूरी तरह से मिट्टी हटाकर देखा तो एकदम से वह हैरान रह गया। उसने टुकड़े को हाथ में लिया तो समझ गया कि यह सोने का टुकड़ा ही है। इसके बाद उसके खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एक रिपोर्ट के अनुसार, उसने बातचीत में कहा कि आप खुदाई करते हैं तो बहुत सारा कचरा निकलता है।



यहां जानवर घूमते हैं आजाद और पिंजरे में कैद होते हैं इंसान

एम्सटर्डम। आमतौर पर जब भी हम किसी म्यूजियम में जाते हैं, तो वहां रखी चीजों को शीशे के पीछे या सुरक्षित दूरी से देखते हैं। खासकर जानवरों से जुड़े म्यूजियम में उनके नमूनों को एक खास तरीके से सजाकर रखा जाता है। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसे म्यूजियम के बारे में सुना है, जहां जानवर आजाद नजर आते हैं और इंसानों को पिंजरे के अंदर घूमना पड़ता है? सुनने में भले ही यह थोड़ा अजीब लगे, लेकिन नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में एक ऐसा ही अनोखा म्यूजियम है। इसका नाम आर्ट जू म्यूजियम है, जहां कदम रखते ही आपको किसी दूसरी दुनिया में पहुंचने जैसा एहसास होगा. एम्सटर्डम की एक पुरानी नहर के किनारे 17वीं सदी की इमारत में बने इस म्यूजियम को दो डच कलाकार याप सिंके और फेरी वैन टोंगेरेन ने तैयार किया है। इसकी सबसे खास बात इसका डिजाइन है। यहां जानवरों के नमूनों को खुले में रखा गया है, जबकि उनके आसपास काले लोहे की जालियां लगाई गई हैं। इन्हीं पिंजरों के बीच से होकर पर्यटक गुजरते हैं और जानवरों को करीब से देखते हैं। यानी यहां जानवरों को कैद नहीं, बल्कि इंसानों को पिंजरे में रखकर देखने का अनोखा अनुभव दिया जाता है। इस म्यूजियम में कई ऐसे नमूने मौजूद हैं, जिन्हें देखकर कोई भी हैरान रह जाएगा। यहां करीब 12 फीट लंबा मगरमच्छ मुंह खोले लटका हुआ दिखाई देता है। वहीं एक कोने में चीते का नमूना इस तरह रखा गया है, जैसे वह आराम कर रहा हो। इसके अलावा करीब छह फीट तक फैले पैरों वाला जापानी स्पाइडर क्रैब भी आकर्षण का केंद्र है।

1 वैज्ञानिकों को मिला फल खाने वाला 6.6 करोड़ साल पुराना डायनासोर



न्यूयार्क। डायनासोर का नाम सुनते ही दिमाग में एक विशालकाय जीव की तस्वीर उभरती है। बड़े-बड़े दांत और मजबूत जबड़े. शिकार का पीछा करते हुए दूसरे जीवों को दबोच लेना। लेकिन, क्या आप सोच सकते हैं कि उसी दौर में एक ऐसा डायनासोर भी रहता था जिसे मांस नहीं, बल्कि फल खाना पसंद था? वैज्ञानिकों को करीब 6.6 करोड़ साल पुराना ऐसा ही एक डायनासोर मिला है। इसका नाम 'इन्फर्नोगैलस जेम्सी' रखा गया है। इसे प्यार से 'हेल चिकन' यानी नरक का मुर्गा कहा जा रहा है। इसकी चोंच तोते जैसी थी और वैज्ञानिकों का मानना है कि इसका शरीर पंखों से ढका हो सकता था। यह डायनासोर अपने समय के सबसे खतरनाक शिकारी टी-रेक्स के साथ धरती पर रहता था। एक रिपोर्ट के अनुसार इस खोज ने डायनासोर की दुनिया को लेकर वैज्ञानिकों की पुरानी समझ में नया मोड़ दिया है। अब तक अधिकतर चर्चा इस बात पर होती रही कि डायनासोर कैसे शिकार करते थे और क्या खाते थे। लेकिन, यह जीव दिखाता है कि उस दौर में खाने-पीने की आदतों में भी काफी विविधता थी। वैज्ञानिकों ने इसकी खोपड़ी का बारीकी से अध्ययन किया और पाया कि इसकी बनावट मुलायम भोजन को चबाने के लिए खास तौर पर विकसित हुई थी। इसके जबड़े आगे-पीछे हिल सकते थे और चोंच पर मौजूद खास धारियां भोजन को मसलने में मदद करती थीं. यानी यह सिर्फ फल निगलता नहीं था बल्कि उन्हें चबाकर खाता था।

तोते जैसी चोंच और पंखों वाला 'हेल चिकन'



टी-रेक्स और ट्राइसेराटॉप्स के साथ रहता था

हेल चिकन उस समय धरती पर मौजूद कई विशालकाय डायनासोर के बीच रहता था। इनमें टी-रेक्स यानी टायरानोसॉरस रेक्स और ट्राइसेराटॉप्स जैसे जीव शामिल थे। एंकिलोसॉरस भी उसी दौर में मौजूद था। इन विशाल जीवों के बीच यह छोटा डायनासोर अपने भोजन के लिए अलग पहचान रखता था। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह फल और दूसरे मुलायम पौधों को खाता था। इसकी खोपड़ी की बनावट इस बात का सबसे बड़ा संकेत देती है। अध्ययन के प्रमुख लेखक और स्टोनी ब्रुक यूनिवर्सिटी के जीवाश्म विज्ञानी ग्रेग फंस्टन ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स से कहा, 'यह खोज डायनासोर की जीवनशैली के बारे में हमारी समझ को काफी व्यापक बनाती है। इससे पता चलता है कि थेरोपॉड समूह के डायनासोर अपने वातावरण के मुताबिक कितने अनुकूल हो सकते थे।'

कहां मिला यह 'हेल चिकन' डायनासोर?

इस डायनासोर के जीवाश्म अमेरिका की हेल क्रीक चट्टानी संरचना में मिले हैं। यह इलाका पहले भी कई मशहूर डायनासोर के जीवाश्मों की खोज के लिए जाना जाता है। इसी जगह के नाम और इसकी पक्षी जैसी बनावट को मिलाकर इसका नाम 'हेल चिकन' रखा गया। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह करीब 6.6 करोड़ साल पहले क्रिटेशियस काल के आखिरी दौर में रहता था। इसका आकार आज के टर्की पक्षी के आसपास बताया गया है। इसकी लंबाई करीब 1.5 मीटर और वजन लगभग 11 किलोग्राम था। इसके मुंह में दांत नहीं थे। इसकी जगह तोते जैसी मजबूत चोंच थी।

चोंच और जबड़े में मिलीं फल खाने की तीन खास खूबियां

वैज्ञानिकों ने हेल चिकन की खोपड़ी में तीन ऐसी विशेषताएं पहचानीं जो इसे फल खाने वाला डायनासोर बताती हैं। पहली खासियत इसके जबड़ों की मांसपेशियां थीं. इनकी बनावट ऐसी थी कि यह भोजन को आगे-पीछे चबाने में सक्षम था। दूसरी खासियत निचले जबड़े का लचीला जोड़ था। इसकी मदद से निचला जबड़ा आगे की तरफ भी हिल सकता था। इससे भोजन को चबाना आसान होता होगा। तीसरी खासियत इसकी चोंच पर मौजूद उभरी हुई धारियां और खांचे थे। ये मुलायम फल और पौधों के हिस्सों को दबाकर मसलने में मदद करते होंगे। शोधकर्ताओं के मुताबिक आज कुछ पक्षियों और कछुओं में इन खूबियों में से अलग-अलग विशेषताएं देखने को मिलती हैं। लेकिन, इन तीनों का एक साथ मिलना खास है। इससे पता चलता है कि हेल चिकन की चोंच और जबड़े फल खाने के लिए बेहद अनुकूल थे।

गांव में बना 250 साल पुराना मिट्टी का घर, दिखता है हवा महल जैसा

नई दिल्ली। गांव की मिट्टी-हवा, खान-पान, यहां के बने मकान सुकून देते हैं। मिट्टी के बने मकान तो अब कम ही देखने को मिलते हैं। मिट्टी के घर में एक फायदा यही है कि ये गर्मी में ठंडक देते हैं और ठंडी में गर्म रहते हैं। गांव में मिट्टी के ज्यादातर घर दो मंजिला ही होते हैं। सोशल मीडिया पर एक ऐसे मकान का वीडियो वायरल हो रहा जो करीब 250 साल पुराना है। मिट्टी के इस घर में 50 से ज्यादा दरवाजे हैं। मकान बहुत खूबसूरत है। इसमें सैकड़ों की संख्या में आले (तख्ते) हैं। यह मकान कहां का है, यह तो वायरल वीडियो में नहीं बताया गया। ऐसा लग रहा है कि यह मकान यूपी में पूर्वांचल का है। मकान दो मंजिला है। इस दो मंजिला



मकान में करीब 52 दरवाजे हैं। हर दरवाजे के पास चार-पांच आले हैं। इस तरह से पूरे मकान में सैकड़ों आले हैं। मकान की दीवारें 3 फीट मोटी हैं। मकान के पहले तल में करीब 24 दरवाजे हैं। इसी तरह दूसरे तल में भी करीब 25 दरवाजे हैं।

पूरे मकान में नहीं है फर्श

मकान करीब दो बीघा में है। इसमें 28 कमरे में है। मकान की देखरेख अब सबसे बड़ी चुनौती है। इस मकान को खपरैल का घर भी कहते हैं। पूरे मकान में वेंटिलेशन का खास ख्याल रखा गया है। घर में कई खिड़कियां हैं। इन्हीं खिड़कियों से गांव के खेत दिखाई देते हैं। मकान में करीब 28 कमरे हैं। हर कमरे के अंदर खिड़की और तीन-चार आले हैं। इन्हीं आलों में पुराने समय में ढिबरी रखकर रोशनी करते थे। पूरे मकान में फर्श नहीं है। इस मकान को मथुरा साहू ने 200 साल पहले बनवाया। वो साहूकार थे। घर में पुरानी डहरी (कोठली) और तराजू, बांट जैसे पुराने आइटम आज भी मौजूद हैं।



आधा नीदरलैंड-आधा बेल्जियम में बंटा है यह घर

दुनिया की वह अनोखी जगह, जहां एक कदम में बदल जाता है देश

एम्स्टर्डम। दुनिया में कुछ जगहें ऐसी हैं, जहां एक कदम चलते ही देश बदल जाता है। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसे घर के बारे में सुना है, जिसका एक दरवाजा खोलने पर आप बेल्जियम पहुंच जाएं और दूसरे दरवाजे से बाहर निकलते ही नीदरलैंड में हों? सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो इन दिनों लोगों का खूब ध्यान खींच रहा है। इसमें एक शख्स ऐसे ही अनोखे घर को दिखाते हुए नजर आ रहा है, जो दो देशों की सीमा पर स्थित है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में शख्स बताता है कि वह इस समय नीदरलैंड में खड़ा है। इसके बाद वह एक कदम आगे बढ़ता है और बेल्जियम की सीमा में पहुंच जाता है। वीडियो में वह जमीन पर बने निशानों की ओर इशारा करते हुए दोनों देशों की सीमाएं भी दिखाता है।



एक घर, दो देश और दो अलग-अलग पते!

वीडियो का सबसे दिलचस्प हिस्सा वह घर है, जिसके एक तरफ से बाहर निकलने पर आप बेल्जियम में होंगे, जबकि दूसरी तरफ का दरवाजा आपको नीदरलैंड में ले जाएगा। शख्स घर के बाहर लगे नंबर भी दिखाता है। उसके मुताबिक, इस घर का नंबर 2 बेल्जियम में है, जबकि नंबर 19 नीदरलैंड की तरफ पड़ता है।

कहां है यह अनोखा घर?

यह जगह बेल्जियम और नीदरलैंड की सीमा पर स्थित बार्ले-हर्टोग और बार्ले-नासाउ इलाके की अनोखी सीमा व्यवस्था की याद दिलाती है। इस क्षेत्र में दोनों देशों की सीमाएं इतनी पेचीदा हैं कि कई जगहों पर घरों, दुकानों और सड़कों के बीच से गुजरती हैं। कुछ इमारतें तो ऐसी भी हैं, जिनका एक हिस्सा बेल्जियम में और दूसरा नीदरलैंड में आता है।

चित्रकूट गधा मेला में सबसे महंगा 72 हजार का बिका 'अमिताभ'

चित्र कूट। धर्म नगरी चित्रकूट का ऐतिहासिक गधा मेला देशभर में चर्चित है। यह मेला दीपावली के दूसरे दिन से मां मंदाकिनी नदी के तट पर शुरू हो जाता है। जहां मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित कई जिलों के खरीदार और गधे बेचने वाले आते हैं। इस मेले में गधों को फिल्मी स्टार के नाम से बेचा जाता है। कहते हैं कि यह मेला औरंगजेब के समय से लगता चला आ रहा है। आज भी दिवाली के बाद यह मेला लगता है। इस बार इस मेले में दो दिनों में लगभग 150 गधों का ही क्रय-विक्रय हो पाया है। अगर पिछले साल की बात करे तो लगभग 1 हजार गधों की इस मेले में ब्रिक्री हुई थी। गधा मेले के आयोजक रमेश पांडे बताते हैं कि इस बार गधा मेला पहले की अपेक्षा काफी फीका रहा है। हमेशा यह मेल 5 दिनों तक चलता था, लेकिन इस बार यह मेला दूसरे दिन ही समाप्त हो गया। मेले में इस बार करीब 300 जानवर आए थे। इस बार सबसे महंगा अमिताभ बच्चन ही 72000 रुपए में बिका है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com